The hon. Railway Minister, in his Budget Speech this year earlier, had highlighted the plan of Railways to mobilize an amount of more than Rs. One lakh crore through investments from external sources. The hon. Railway Minister had also proposed a new infrastructure financing mechanism. As a new initiative – first of its kind in the country – the Tamil Nadu Infrastructure Fund Management Company which had been launched by the hon. Chief Minister of Tamil Nadu Dr. *Puratchi Thalaivi Amma* has been functioning successfully.

The Vision 2023 document released by hon. Dr. *Puratchi Thalaivi Amma* highlights about 10 very important railway projects which are to be implemented in Tamil Nadu at a cost of Rs. 1,88,400 crore. The 10 important rail projects relating to Tamil Nadu are:

1. Complete doubling of Chennai-Kanniyakumari line;
2. Freight line between Sriperumbudur-Guindy;
3. Chennai-Thoothukudi freight corridor;
4. High speed passenger rail link between Chennai, Madurai and Kanniyakumari;
5. High speed passenger rail link between Madurai and Coimbatore;
6. High speed passenger rail link between Coimbatore and Chennai;
7. Chennai-Bengaluru high speed rail link;
8. Chennai-Bengaluru freight corridor;
9. Avadi-Guduvancheri rail link; and
10. Avadi/Tiruvallur-Ennore port link

Other than these 10 projects, another 217 projects are also identified in the Vision 2023 document.

I wish to urge that as stressed by hon. *Puratchi Thalaivi Amma* in the Memorandum submitted to the hon. Prime Minister, these railway projects should be given utmost priority and the State Government concerned should be made a stakeholder. The Government of Tamil Nadu has informed its readiness to the

Union Government regarding implementation of railway projects under Public Private Partnerships.

I urge that a dedicated freight corridor should be set up between Chennai and Tuticorin. I also urge the Railway Minister to organise special fund mobilisation drive for implementation of high speed rail links between Chennai-Madurai-Kanniyakumari and Coimbatore-Madurai.

I urge upon the Ministry of Railways, as demanded by hon. *Puratchi Thalaivi Amma*, for early consideration and approval of these projects.

It is learnt from the Railway officials that some of these projects, most notably the doubling of the Chennai-Kanniyakumari broad gauge line and the Avadi-Guduvancheri and the Avadi/Tiruvallur-Ennor port link are being taken up for implementation. I request the hon. Railway Minister to kindly ensure that adequate funds are allocated for the early completion of these projects.

I expect that the Chennai-Bengaluru freight corridor and the Chennai-Bengaluru high speed passenger rail link would be high priority projects under the Chennai-Bengaluru Industrial Corridor promoted by the Department of Industrial Policy and Promotion of the Government of India.

Tamil Nadu is a progressive State which is at the forefront of attempting innovative means of raising funds for infrastructure development. Tamil Nadu infrastructure Development Board under the Chairmanship of hon. Chief Minister of Tamil Nadu Dr. Puratchi Thalaivi Amma, has approved the development of the Madurai Thoothukudi Industrial Corridor as an integrated project. This corridor includes two sets of projects, industrial node development and trunk infrastructure projects.

Three of the trunk infrastructure projects proposed under the Corridor are railway projects:

1) Chennai-Thoothukudi freight corridor,
2) Chennai-Madurai-Kanyakumari high speed passenger link, and
3) Coimbatore-Madurai high speed passenger link.

As proposed by Vision 2023 document, these projects are to be implemented in the Public Private Partnership mode through a Special Purpose Vehicle of Indian Railways and Government of Tamil Nadu. Hence, the Government of Tamil Nadu would be willing in principle to enter into a Memorandum of Understanding to set up a Special Purpose Vehicle to promote these three railway projects proposed in the Madurai-Thoothukudi Industrial Corridor.

A good number of projects announced in the previous Railway Budgets had raised public expectation considerably, but the work on these projects has been very slow. Hence, I request you to kindly allocate sufficient funds in the Budget to expedite the completion of these projects.

I would like to mention some of the Railway Projects relating to Tamil Nadu for which the work is yet to commence.

1. New line from Morappur to Dharmapuri
2. (a) 5th and 6th line on Chennai to Villivakkam and
   (b) New line from Villivakkam and Katpadi Sections
3. New line from Chidambaram to Attur *via* Ariyalur
4. Doubling from Trivandrum to Kanyakumari
5. Doubling Jolarpetti-Katpadi-Arakkonam
6. From Bodinayakanur to Kottayam
7. Doubling from Renigunta to Arakkonam
8. 3rd and 4th lines from Attippattu-Gummidipoondi
9. New line from Jolarpetti to Hosur *via* Krishnagiri

10. New line between Mayiladuthurai-Tirukadaiyur-Tharangambadi-Tirunallar-Karaikal

11. New line from Ramanathapuram- Kanyakumari *via* Thoothukudi-Tiruchendur

12. New line between Karaikudi-Thoothukudi *via* Ramanathapuram

13. New line from Karaikal to Sirkazhi

14. New line from Salem (Namakkal)-Karaikal *via* Perambalur, Ariyalur

15. Doubling from Irugur-Podanur

16. Doubling from Thiruvananthapuram to Kanyakumari *via* Nagercoil

17. New BG line between Madurai (Bodinayakanur) and Ernakulam (Cochin)

18. New line between Dindigul to Kumuli *via* Bodi and Theni

19. Doubling and electrification of Madurai-Kanyakumari *via* Tirunelveli including Nagercoil Junction Terminal facilities

20. New BG line between Chennai and Sriperumbudur *via* Saidapet

21. New line between Thanjavur and Ariyalur

22. New line from Madurai-Karaikudi *via* Melur

I earnestly request you to kindly look into the demands pertaining to the railway projects in Tamil Nadu with due consideration so that we are not deprived of infrastructure development especially that relates to Railways.

With these words, let me conclude. Thank you.

**श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) :** सभापति महोदय, मैं रेल मंत्री जी को बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि वे पिछले कई दिनों से रेलवे डिपार्टमैंट और रेलवे के कोराबार में सुधार लाये हैं। हम कई सालों से देख रहे थे कि रेल कभी टाइम पर नहीं चलती थी, लेकिन हमारा जो सैंट्रल रेलवे रूट है, साउथ रेलवे रूट हमारी कांस्टीटूएंसी के बाजू से जाता है, वहां सभी गाड़ियां टाइम पर चलने लगी हैं। इसके साथ-साथ गाड़ियों में जो सुविधाएं मिलती हैं, उनमें भी बहुत सारे सुधार किये गये हैं। इसके अलावा वहां कुछ और सुधार करने की भी जरूरत है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि मैं बुलढाणा जिला से चुनकर आता हूं, जो महाराष्ट्र का सबसे पिछड़ा जिला है। वहां पर हर रोज दो से चार किसान सूसाइड करते हैं। उस बुलढाणा जिले के लोगों की सौ साल से मांग है कि वहां से शेगांव, खामगांव, जालना तक नयी रेल लाइन बननी चाहिए। इस रेल लाइन का चार साल पहले सर्वेक्षण हुआ था और वर्ष 2012-13 में रेलवे डिपार्टमैंट को 1 हजार 26 करोड़ रुपया का ऐस्टीमेट भी सादर किया गया था, लेकिन अभी उसे मंजूरी नहीं मिली। उस पर अभी भी काम नहीं हो रहा।

सभापति महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि बुलढाणा जिले में अगर यह रेल लाइन बनती है, तो वहां बड़े उद्योग स्थापित होंगे। जबकि हमारे बुलढाणा जिले के हजारों मजदूरों को अपना पेट भरने के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। वहां बड़े उद्योग नहीं होने से बेकारी बड़ी तादाद में बढ़ रही है। अगर यह रेल लाइन बन जाती है तो हमारे जिले में भी बड़े उद्योग आयेंगे। इससे हमारे जिले का भी विकास होगा और किसानों को भी लाभ होगा। इसके साथ-साथ वहां जो बेकारी बढ़ रही है, वह भी कम हो जायेगी।

सभापति महोदय, हमारी कांस्टीटूएंसी में शेगांव रेलवे स्टेशन आता है, जो संत गजानन महाराज की पावन भूमि है। वहां पर हर रोज पन्द्रह से बीस हजार यात्री हर रोज रेलवे से आते-जाते हैं, लेकिन उस स्टेशन पर सुविधाएँ बहुत कम हैं। वहां के प्लेटफार्म की हाइट भी कम है, जिससे जो बुजुर्ग लोग वहां दर्शन के लिए आते हैं, उन्हें चढ़ने-उतरने में बहुत असुविधा होती है। बहुत सारे लोग तो चढ़ते-उतरते समय गिर भी जाते हैं, इसलिए वहां के प्लेटफार्म की हाइट बढ़ाने की जरूरत है। मैंने पिछले साल यह भी मांग की थी कि वहां पर फुटवियर ब्रिज होना चाहिए। वह मंजूर हो गया है और उसका काम भी शुरू हो गया है। लेकिन मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि अगर किसी एमपी की कांस्टीटूएंसी में रेलवे की तरफ से कोई नया काम शुरू होता है, तो कम से कम उसकी मालूमात उस एमपी को होनी चाहिए। जब काम शुरू हो जाता है और पेपर में न्यूज आती है तब हम पढ़ते हैं। उस समय एमपी को पता लगता है कि जो मांग मैंने पिछले कई

दिनों से की थी, वह आज पूरी होने जा रही है। लेकिन उस एरिया का जो डीएमआर आफिस है, वह एमपी को यह बताने की जरूरत भी महसूस नहीं करता।

सभापति महोदय, शेगांव नगरी एक बहुत बड़ा पर्यटन स्थल भी है। वहां पर गजानन महाराज संस्थान ने आनंद सागर नाम का बहुत बड़ा पर्यटन, जैसे एस्सल वर्ल्ड है, उस टाइप का शेगांव में कम से कम आठ से दस करोड़ रुपये की लागत से बना हुआ है। उसकी वजह से  हर रोज हजारों बच्चे वहां आते हैं। देश के हर कोने से लोग वहां दर्शन और पर्यटन के हिसाब से आते हैं। वहां बहुत सारी एक्सप्रैस गाड़ियां ऐसी हैं, जो शेगांव स्टेशन से तो गुजरती हैं, लेकिन वहां रुकती नहीं हैं। उन गाड़ियों के न रुकने की वजह से लोगों की बहुत दिक्कत होती है।

मेरी रेल मंत्री जी से एक विनती है कि शेगांव से जो भी एक्सप्रेस गाड़ी जाती है, उसे वहां रुकना चाहिए, क्योंकि शेगांव में आने वाले लोगों का तादात दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। वहां 15 दिन पहले उत्सव में एक ही दिन में छः लाख लोग आए थे इसलिए मेरा निवेदन है कि एक्सप्रेस गाड़ियों के स्टापेज बढ़ाए जाएं।

कांस्टीटुएंसी के लोगों की बासिम-जालना-औरंगाबाद नई रेल लाइन की मांग है। लोनर क्रेटर वर्ल्ड फेमस है। 50,000 साल पहले आसमान से तारा टूटकर जमीन पर गिरा था जिसके कारण बहुत बड़ा तालाब बना था। इस तालाब के पानी का पीएच लैवल समुद्र से दस गुना ज्यादा है। इस पानी का पीएच लैवल अभी भी 10 है। यहां विदेशों से लोग आते हैं लेकिन यहां आने-जाने के लिए रेल की अच्छी सुविधा नहीं है। यहां तक हवाईजहाज से आने की भी कोई सुविधा नहीं है। अगर बासिम-जालना-औरंगाबाद रेल लाइन बन जाती है तो लोनर क्रेटर में आने वाले पर्यटकों के कारण विदर्भ का पर्यटन बढ़ सकता है और देश को फॉरेन करेंसी मिल सकती है।

मेरी कांस्टीटुंएसी में बुलढाणा जिले में सिर्फ एक ही रेलवे स्टेशन शेगांव है, इसके अलावा मलकापुर भी आता है। जिले में रेलवे बुकिंग का आफिस केवल बुलढाणा में है। मेरी माननीय रेल मंत्री जी से विनती है कि हर तहसील लैवल पर एक बुकिंग काउंटर खोला जाए ताकि हर तहसील से जो लोग आते-जाते हैं उनको सुविधा हो जाए।

एमपी के लैटर पर कम से कम दो रिजर्वेशन कन्फर्म होना चाहिए। एमपीज़ रिजर्वेशन के लिए रेलगाड़ी में कार्यकर्ता या क्षेत्र के लोगों को लैटर देते हैं लेकिन बहुत बार ऐसा होता है कि रिजर्वेशन कन्फर्म नहीं होता है। आपकी तरफ से सूचना जानी चाहिए कि अगर किसी एमपी का लैटर आता है तो प्रियारिटी में कम से कम एक गाड़ी में दो या तीन रिजर्वेशन मिलनी चाहिए।

महाराष्ट्र में नागपुर से नागभीड़ नेरो गेज को ब्रॉड गेज करने के काम की घोषणा 2013 में संसद में हुई थी। लेकिन अभी तक सर्वेक्षण का काम शुरु नहीं हुआ है। इस काम में कोई गति नहीं आ रही है। गढ़चिरौली, गोंदिया नक्सल एरिया में आने-जाने की सुविधा बहुत कम है। मेरी माननीय मंत्री जी से विनती है कि नागपुर से नागभीड़ नेरो गेज लाइन को ब्रॉड गेज किया जाए। अगर यह लाइन ब्रॉड गेज हो जाए तो गढ़चिरौली, गोंदिया जिले में आने-जाने की सुविधा हो जाएगी। यह नक्सल एरिया है, पिछड़ा हुआ इलाका है, इस लाइन के बनने से बहुत से काम करने की सुविधा हो जाएगी।

हम रेलगाड़ी से मुम्बई, नागपुर जाते हैं। हमें जो बिस्तर या कपड़े दिए जाते हैं, इसकी साफ सफाई इतनी अच्छी नहीं होती है। बहुत सी बैडशीट्स गंदी होती हैं, ऐसा लगता है ऐसे ही प्रैस करके देते हैं। यहां तक कि रेलगाड़ी का खाना कोई पसंद नहीं करता है। मेरा अनुरोध है कि खाने में सुधार करने की जरूरत है। मुझे यकीन है कि माननीय रेल मंत्री जी छोटी-छोटी चीजों पर भी दिल से काम कर रहे हैं और बहुत सुधार लाए हैं। अभी थोड़ा वक्त और लगेगा लेकिन मेरा मानना है कि आने वाले समय में ये सब सुधार जरूर किए जाएंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

**श्री ओम बिरला (कोटा) :** माननीय सभापति महोदय, देश के अंदर रेलवे हमारे विकास का मुख्य आधार रही है। आजादी के पहले और आजादी के बाद इस देश का चाहे आर्थिक विकास हो, औद्योगिक विकास हो, आवागमन के साधन और सुलभता के कारण शहरों का विकास हो, उसमें इस देश में रेलवे की एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

देश के जितने भी राजकीय उपकरण हों, चाहे सरकारी विभाग हो, उसमें जितनी करपशन में गिरावट आई है, उसके बावजूद भी हमारे देश की रेलवे करोड़ों जनता को अपने गन्तव्य स्थान पर सही समय पर पहुंचाने के लिए सही तरीके से काम करने के लिए साबित हुई है। दुखद इसलिए रहा कि समय समय पर आजादी के बाद रेलवे विकास का आधार राजनीतिक रहा। जो भी माननीय मंत्री महोदय आए, उसमें उनका राजनीतिक आधार होने के कारण जो देश का व्यापक विकास होना चाहिए था, वह उतना नहीं रहा और उस विकास के विजन में कमी आई है। लेकिन माननीय मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी और सरकार बनने के बाद सबसे पहले देश के उस अंतिम गरीब व्यक्ति की ओर ध्यान दिया गया कि देश के अंदर अगर यातायात का कोई सुलभ साधन है तो वह उस गरीब व्यक्ति के लिए रेलवे को ही एक महत्वपूर्ण साधन माना गया। इसलिए सम्पूर्ण रेल को, उस गरीब को भी समर्पित किया गया। सम्पूर्ण रेल को माल भाड़ा के रूप में आज देश के अंदर, मालभाड़े को रेल से ले जाना या ट्रक से ले जाना या समुद्री जहाज से ले जाना हो, उसमें अगर हम रेलवे को और अत्याधुनिक तरीके से अत्यधिक माल वाहक का काम अगर रेलवे विभाग को दे दें तो देश के अंदर जो सड़कें टूटती हैं, जिस तरीके का करोड़ों रुपये का नुकसान होता है, उससे बचने का काम भी हो जाएगा और सुरक्षित माल पहुंचाने के लिए हम विजन के आधार पर काम करें और मालभाड़ा को कम करते हुए अगर हम इस विजन की ओर ध्यान दें तो रेलवे को काफी लाभ पहुंचाया जा सकता है।

इसीलिए हमारे रेलवे मंत्री जी ने जब पहला बजट पेश किया क्योंकि इससे पहले जब रेल बजट पेश किया जाता था तो नयी ट्रेन्स कहां चलें, ट्रेन्स का ठहराव कहां हो, ट्रेन्स कहां से होकर गुजरें, उस राजनीतिक आधार पर इस संसद में बहस होती थी। लेकिन पहली बार एक लीक से हटकर, एक विजन के आधार पर देश के अंदर रेलवे लाइन का विकास भी हो, रेल यात्रियों को अत्यधिक बेहतर सुविधाएं भी मिलें और मालभाड़े के रूप में किस तरीके से खाद्य सामग्री से लेकर तमाम चीजों को पहुंचाने के लिए एक विजन के आधार पर काम किया जाए, इसके लिए रेलवे ने पांच वर्षीय योजना बनाई कि हम पांच वर्ष के अंदर इस विजन के आधार पर इस देश के रेल के विकास को परिवर्तित करने का काम करेंगे और इसके लिए यह भी इंतजाम किया गया। केवल मालभाड़ा, यात्रा भाड़ा बढ़ाने के आधार पर विकास की योजनाएं

नहीं बननी चाहिए। विकास के अंदर राज्य सरकारों का भी योगदान हो, पीएसयूज का भी योगदान हो, आम जनता के पैसे का भी योगदान हो औऱ पहली बार सरकार ने बहुउद्देश्यीय एजेंसियों को समझौते के आधार पर रेलवे विकास की योजनाओं को आधारभूत बनाया है। वित्त की व्यवस्था करने का आधार भी बदला है। अच्छी प्रबंधन व्यवस्था हो, उसका नया ढांचा तैयार किया है। शासन में पारदर्शिता हो और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके, इस बारे में विशेष ध्यान दिया गया है। इसके अलावा भी बहुत से परिवर्तन करने की आवश्यकता है क्योंकि देश में साढ़े करोड़ से ज्यादा लोग रेल द्वारा यात्रा करते हैं। हमें रेल के विस्तार के लिए नए रेल मार्गों को बनाने की आवश्यकता है। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि राजनैतिक लाभ लेने के लिए नई रेल परियोजनाओं की घोषणा की जाती थी। जो योजनाएं शुरू भी की जाती थीं, मैं एक प्रश्न के संदर्भ में लिखित उत्तर देख रहा था, आज भी बीस साल पुरानी घोषणाओं के पूरा होने का कोई आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं। इस कारण रेल परियोजनाओं की उस समय की लागत थी, आज इतना समय बीत जाने के कारण उसमें कई गुना इजाफा हो गया है जिसकी वजह से रेलवे को करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ है। माननीय मंत्री जी ने विजन दिया है कि पहले मौजूदा परियोजनाएं पूरी की जाएंगी जो राजनीतिक आधार पर नहीं बल्कि जनता की सुविधा के लिए पूरी की जाएंगी जिससे कि दूर-दराज के क्षेत्रों का भी विकास हो सके। जनता की आवश्यकता के आधार पर परियोजनाओं का लक्ष्य सुनिश्चित करने का मंत्री जी का विजन निश्चित रूप से सराहनीय है। हम सदन में नए रेल मार्गों की तब तक मांग नहीं करेंगे जब तक कि मौजूदा परियोजनाएं जो जनता के लिए जरूरी हैं, उनके लिए धन की आवश्यकता पूरी होने के बाद नए रेल मार्गों की तरफ बढ़ना चाहिए। हमें विचार करना पड़ेगा कि यात्री भाड़ा बढ़ाकर या माल भाड़ा बढ़ाकर नुकसान की भरपाई करनी है तो इससे काम नहीं चलेगा।

मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि रेल की जितनी भी सम्पत्तियां हैं, जो अनुपयोगी हैं, ऐसी 15 हजार करोड़ रुपयों की सम्पत्ति है। मेरे पास आंकड़ा नहीं है, लेकिन सर्वे कराना चाहिए कि ऐसी जमीन जिनकी आवश्यकता भविष्य में पचास साल तक रेलवे को नहीं है, तो हमें उन भूमि संसाधनों से रेवेन्यू इकट्ठा करने का काम करना चाहिए। हमें ज्यादा से ज्यादा रेलों का विद्युतीकरण करने का काम करना चाहिए। मुझे जानकारी नहीं है लेकिन मैं समझता हूं कि अभी तक रेलवे का स्वयं का पावर प्लांट नहीं है। रेलवे को अपनी बिजली का उत्पादन करना चाहिए क्योंकि कोयला लाने का वाहन उनके पास है। अगर रेलवे अपना स्वयं का पावर प्लांट लगाएगी, सस्ती दर पर बिजली का उत्पादन करेंगे तो रेलवे का करोड़ों रुपयों का लाभ होने की सम्भावना है। रेलवे का जितना विद्युतीकरण करेंगे, मुझे लगता है कि तुलनात्मक आंकड़ों पर रेल का परिचालन देखा जाए तो रेल चलाने में किस तरह खर्चे कम किए जा सकते हैं, इसके लिए भी विजन के आधार पर हमारे मंत्री जी ने काम करने की शुरूआत की है। इस देश के अंदर हमारे

प्रधानमंत्री जी का मन है। इस देश में गरीब व्यक्ति ट्रेन से आते-जाते हैं और उनको तीन-चार घंटे इंतजार करना पड़ता है। कई बार गांवों से, दूरदराज़ के इलाकों से व्यक्ति चलता है, आप तो गांव के आदमी हैं, यदि उसे दिन में चार बजे रेल पकड़नी है, तो वह ग्यारह बजे प्लेटफॉर्म पर आता है। कई लोग रात्रि में विश्राम करते हैं। हम लोगों ने यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार के लिए इस बार बेहतर प्रबंध करने का काम किया है। किस तरीके से यात्री सुविधाएँ बेहतर हों, यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ मिलें, सही समय पर ट्रेन मिले, लेकिन साथ ही जो गरीब व्यक्ति स्टेशन पर आता है, मेरा माननीय मंत्री महोदय से निवेदन है कि स्टेशन के बगल में उस गरीब व्यक्ति के ठहरने की व्यवस्था होनी चाहिए। जब वे प्लेटफॉर्म पर जाते हैं, तो रात में खुले आकाश में एक चादर ओढ़कर गरीब आदमी सोता रहता है। किस तरीके से हम गरीब यात्रियों को ठहरने के लिए, उनकी सुविधाओं के विस्तार करने का काम करें ताकि अर्द्धरात्रि में भी गरीब आदमी आकर सही जगह पर विश्राम कर सके। कई बार दूरदराज़ गांवों में कोई साधन नहीं मिलता है, तो गरीब यात्री रात्रि स्टेशन पर ही बिताता है। उसके लिए यात्री विश्राम की सुविधाओं का विस्तार करने पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। खानपान और तमाम सुविधाओं के विस्तार पर ध्यान दिया गया है, लेकिन गांव का आदमी तो अपनी रोटी खुद बांधकर चलता है, उसे रेलवे के खानपान की आवश्यकता नहीं पड़ती है। उन सब चीजों पर तो हम विशेष रूप से ध्यान दे रहे हैं, लेकिन छोटी-छोटी चीजें, जो हमारा विज़न है कि हम अधिकतम गरीब व्यक्तियों को सस्ती से सस्ती दर पर और सुलभ सेवाएँ देने का काम करें, उसे उन तक पहुंचाने का काम करें। इसके लिए काम करने की आवश्यकता है।

माननीय सभापति महोदय, आपने घंटी बजायी है। मैं कोटा के बारे में विशेष रूप से कहना चाहता हूँ। कोटा रेलवे स्टेशन एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। पूरे राजस्थान के अंदर, यदि भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए, तो हमारे राज्य का सबसे बड़ा भौगोलिक इलाका है। अभी राजस्थान में रेलवे से संबंधित बहुत बड़ी संभावनाएँ हैं, चाहे सवाई माधोपुर से जयपुर हो, नागौर का विषय हो, जोधपुर का हो, टोंक के रेल का विषय हो, राजस्थान के तमाम इलाकों में विशेष रूप से रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।

माननीय मंत्री महोदय, राजस्थान से 25 लोक सभा क्षेत्र के सदस्य हैं। बहुत अपेक्षाओं के आधार पर राजस्थान की जनता ने हमें चुनकर भेजा है। मेरा निवेदन है कि राजस्थान में रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए, चाहे कोटा से जयपुर बुलेट ट्रेन हो, दस साल पहले कोटा को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनाने की बात थी, वे सुविधाएँ अभी वहाँ नहीं मिली हैं, कोटा का डकनिया रेलवे स्टेशन है, जहाँ लगभग एक लाख विद्यार्थी पढ़ने आते हैं। कोटा रेलवे स्टेशन के ट्रैक का अपग्रेडेशन किया जाए, ताकि कोटा में एक से बीस किलोमीटर की दूरी तक जो यात्री जाते हैं, उनके पैसे भी बचेंगे। जिन यात्रियों को बीस किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, वे इस दूरी से भी बचेंगे। हम ज्यादा से ज्यादा यात्री सुविधाओं का विस्तार करें, तो इस क्रम में कोटा के डकनिया रेलवे स्टेशन को भी अपग्रेड किया जाए। कोटा रेलवे स्टेशन से जो महत्वपूर्ण गाड़ियाँ हैं, जो पूर्वी प्रदेश हैं, जो दक्षिण का इलाका है, उन तमाम इलाकों में हमें नयी रेल चलाने की कार्य-योजना बनानी चाहिए।

मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि इस बार माननीय रेल मंत्री जी ने जिस विज़न के आधार पर इस देश में रेल के विकास की योजनाएँ बनायी हैं, भविष्य में माननीय मोदी जी के नेतृत्व में रेल का विकास, इस देश का विकास और आर्थिक रूप से इस देश को गतिमान करने के लिए प्रयास करेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. RAVINDRA BABU (AMALAPURAM): Hon. Chairperson, Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak.

First of all, I extend warm greetings and gratitude to the Railway Minister for carrying out such a massive scale service to pilgrims attending the Pushkaram at Rajamundry. The credit for it directly goes to the Railways. Without such a massive scale service of the Railways, Pushkaram would have been a big unmanageable event. Railways have rendered immaculate and impeccable services. The morale of the railway officers was very high. So many trains were introduced by the Railways, without even our asking for them. They have easily attended to all the pilgrims coming from all over India.

We thank you very much, Sir, for extending such a great service during the time of the Godavari *Maha Pushkaram.* On behalf of Telugu Desam Party and on behalf of Shri Chandrababu Naidu Garu, we extend our heartfelt gratitude and greetings to you, Sir.

Sir, Andhra Pradesh has been formed recently. We are lucky to have Madam Sitaraman here in the House. While urging her to use her good offices, we request you to introduce a new A.P. Express. After bifurcation, the earlier A.P. Express has been renamed as Telangana Express. The new A.P. Express should start from Visakhapatnam.

Andhra Pradesh has the longest railway line, almost measuring a 1,000 kilometres, but we do not have any railway maintenance or coach factory, or any such activity related to trains. Therefore, I urge upon the Railway Minister to please consider setting up such facilities in the residuary State of Andhra Pradesh so that it can lead to the generation of some employment.

I would also earnestly urge upon you to please give us the Railway Zone that you have been promising to us. So far, the Minister has not fulfilled that. On behalf of Telugu Desam Party and on behalf of the people of Andhra Pradesh, I would request you to consider the setting up of a Railway Zone. It will create a lot of goodwill for the Railways.

Above all, the Railways have promised the Konaseema railway line a long time back, that is, when the Budget was projected to be Rs. 800 crore, which now has gone up to Rs. 1400 crore, but nothing has been done. In this Railway Budget, the Minister has not introduced any new railway lines or any new trains, and he had only promised that he would complete the pending projects. The demand for this Konaseema railway line has been pending for almost 15 years. On behalf of the people of Andhra Pradesh and on behalf of the people of Konaseema area, I would like to inform you that we do not have a railway line at all; we have not even seen a train. Please think about setting up this Konaseema railway line. It will cater not only to the needs of the people, but also it will encourage eco-tourism. The whole Konaseema is like Kerala. It will also enhance cargo movement generated in the KG Basin. Konaseema is the hub of Krishna-Godavari Oil Basin. It will also give you a lot of revenue. I have already submitted a detailed report on how Konaseema railway line will become economically viable, or how it will become another Western Railway or Central Railway in terms of economic earnings. Please look into this matter earnestly.

I would also request you to please think of ordinary people, for example, BPL card holders, travelling without any facility of water or food in long journey trains. They used to get free and concessional tickets before. Please reintroduce free tickets in respect of BPL card holders. In future, please think of introducing new trains and free tickets to cater to the needs of BPL card holders.

Sir, the train track between Howrah-Chennai *via* Visakhapatnam is the longest train track. The cyclones that usually affect the coastal area disrupt the traffic between Visakhapatnam and Tuni. There is an alternative proposal which was already submitted by the Member of Parliament from Anakapalli. Please look into that matter. It will take care of the cyclone affected railway lines, whenever a cyclone happens.

Kakinada is another town in East Godavari District, which also requires a new railway line connecting Pithapuram with Kakinada. Please think about this.

I thank you very much for the introduction of Tuni-Kotipalli railway line during the *Pushkaram*. I want the Railway Minister to make it a permanent feature for which the people will be grateful to you, Sir. I wish you all the very best. Thank you.

**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) :** धन्यवाद सभापति जी। इस समय रेल बजट पर जो चर्चा हो रही है, उसमें भाग लेने के लिए आपने मुझे अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपके प्रति बहुत आभारी हूं।

महोदय, निश्चित तौर से नई सरकार आने के बाद रेलवे ने बहुत ही अच्छा काम शुरू किया है। ट्रेनों की गति ठीक हुई है, जो पहले बहुत लेट चला करती थीं, अब उनका समय पर चलना शुरू हुआ है। उनकी साफ-सफाई की व्यवस्था शुरू की गयी। अन्य तमाम अच्छी योजनाएं लागू की गयी हैं, उनके लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी को बहुत बधाई देता हूं।

**15.00 hrs**

मैं कुछ सुझाव रेल मंत्री जी को देना चाहता हूं। जो बड़े रेलवे स्टेशंस हैं, वहां पर तो सफाई का काम अच्छे ढंग से हो रहा है, लेकिन जो छोटे रेलवे स्टेशंस हैं, वहां पर सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं है। मेरे संसदीय क्षेत्र में चित्रकूट धाम और बांदा में रेलवे स्टेशंस की यही हालत है। चित्रकूट एक तीर्थ स्थल है, लेकिन वहां के रेलवे स्टेशन पर सफाई की उचित व्यवस्था नहीं है। जब हम इस बात की शिकायत करते हैं तो कहते हैं कि कर्मचारियों की कमी है। काफी समय से हम लोग इस बारे में लिख रहे हैं कि चित्रकूट धाम और बांदा में रेलवे स्टेशंस पर सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। मैं आशा करता हूं कि रेल मंत्री जी इस पर ध्यान देंगे।

रेलवे की सुरक्षा के बारे में मैं कुछ कहना चाहता हूं। रेल विभाग की आरपीएफ ठीक ढंग से काम कर रही है, लेकिन जीआरपी ठीक ढंग से काम नहीं करती। उसके वेतन का 50 प्रतिशत हिस्सा आप देते हैं और तमाम तरह की सुविधाएं भी देते हैं, लेकिन जीआरपी प्रांतीय सरकारों पर रहती है। मेरा अनुरोध है कि आपका इतना बड़ा बजट है और इतना बड़ा विभाग है, ज्यादा खर्च नहीं आएगा अगर आप जीआरपी को भी रेल मंत्रालय के अधीन ले लें। इससे आरपीएफ की तरह जीआरपी भी सुरक्षा व्यवस्था में ठीक से काम कर सकेगी और सुरक्षा व्यवस्था ठीक हो सकेगी। मैं आशा करता हूं कि रेल मंत्री जी इस पर जरूर विचार करेंगे। हमने देखा है कि कई जीआरपी के सिपाही टिकट दिलाने की लाइन में लगे रहते हैं और अपनी ड्यूटी ठीक से नहीं करते हैं।

अब मैं अपने क्षेत्र की बातें कहना चाहूंगा। झांसी और मानिकपुर की रेल लाइन काफी पुरानी है। बांदा और कानपुर भी काफी पुरानी रेल लाइन है, लेकिन अभी तक इन रेल लाइनों का दोहरीकरण नहीं हो सका है। पिछले एक-दो साल में 100-200 करोड़ रुपए मंजूर हुए थे, सर्वे भी हो चुका है, लेकिन धन एलाट नहीं हुआ है। वहां की रेल लाइनों का दोहरीकरण बहुत जरूरी है। जब वहां नई ट्रेन के बारे में बात कही जाती है तो कहते हैं कि नई ट्रेन इसलिए नहीं मिल रही है कि वहां पर समय लगता है। झांसी-मानिकपुर

की रेल लाइन का दोहरीकरण करने के लिए रेल मंत्री जी शीघ्र ही धन एलाट करेंगे और बांदा से कानपुर की रेल लाइन के दोहरीकरण के लिए भी शीघ्र धन आबंटित करेंगे तो लोगों को काफी सुविधा होगी।

एक इंटरसिटी एक्सप्रेस कानपुर से चित्रकूट धाम के तक जाती है। वह ट्रेन पूरा समय कानपुर में खड़ी रहती है और दूसरे दिन आती है। वहां से लखनऊ 80 किलोमीटर दूर है और यह प्रदेश की राजधानी भी है। मैं इस बारे में कई बार लिख चुका हूं, लेकिन इसकी घोषणा नहीं हुई। आपकी सितम्बर में नई गाइडलाइंस आ रही हैं, हम उम्मीद करते हैं कि उस ट्रेन को लखनऊ तक बढ़ाने का आदेश आप देंगे, तो बहुत अच्छा रहेगा।

उदयपुर-खजुराहो एक्सप्रेस ट्रेन है जो उदयपुर से चलकर खजुराहो तक जाती है। वहां से चित्रकूट धाम केवल 50-100 किलोमीटर दूरी पर है। अगर उस रेलगाड़ी को चित्रकूट धाम तक और मानिकपुर तक बढ़ा दिया जाए तो दक्षिण भारत के लिए जो हमारे यहां से कोई ट्रेन नहीं है, उसकी कुछ कमी पूरी हो सकती है। इससे वह ट्रेन सीधे मानिकपुर से जुड़ जाएगी। उसमें सम्पर्क क्रांति की तरह केवल एक इंजन लगाने की जरूरत है। वह ट्रेन वहां आधी खाली हो जाती है, अगर उसे मानिकपुर तक भेज देंगे तो अच्छा रहेगा और ज्यादा खर्चा भी नहीं आएगा। चित्रकूट और अयोध्या का हिन्दू धर्म में काफी महत्व है और इनका आपसे में नाता है। अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मभूमि है और चित्रकूट में उन्होंने वनवास 12 वर्ष बिताए थे। हमारी यह मांग पूरी होने पर लोगों को बहुत सुविधा हो जाएगी।वहां पर सरयू एक्सप्रेस आती है और दूसरे दिन अयोध्या जाती है। मानिकपुर तक डबल लाइन हो गई है। वहां से केवल 20 किलोमीटर दूरी पर चित्रकूट पड़ता है। इलाहाबाद से उस ट्रेन को बढ़ाकर अगर चित्रकूट तक कर दिया जाएगा तो उससे चित्रकूट धाम आने-जाने वाले लोगों को बहुत लाभ होगा। उसे यहां से रवाना किया जाए तो उचित रहेगा। उम्मीद है कि इसकी आप शीघ्र घोषणा करेंगे।

तुलसी एक्सप्रेस मुम्बई जाने के लिए पहले से रेलगाड़ी है। लेकिन वह दो दिन ही चलती है। जब आपके अधिकारियों से इस बारे में बात करते हैं तो वे स्वयं स्वीकार करते हैं कि इसे चार दिन कर देना चाहिए। लेकिन कई बार मुम्बई की रिपोर्ट, इलाहाबाद की रिपोर्ट, नॉर्थ जोन की रिपोर्ट, झांसी की रिपोर्ट, इन तीन रिपोर्टों के चक्कर में यह अटकी पड़ी है। इसको यथाशीघ्र कम से कम चार दिन करवा देंगे तो मेरे क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा रहेगा। इससे रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा और लोगों को सुविधा भी होगी। इसी तरह से चम्बल एक्सप्रेस जो ग्वालियर से हावड़ा और आगरा से हावड़ा जाती है, उसमें प्रतिदिन इतनी सवारी रहती है कि उसको प्रतिदिन चलाना आवश्यक है अभी चार दिन ही चलती है। मेरा अनुरोध है कि इसको प्रतिदिन कर दिया जाए। ऐसे ही दुर्ग एक्सप्रेस है जो वहां से चलकर कानपुर तक आती है। यह भी

केवल दो दिन ही चलती है और गरीब रथ को भी वहां से कम से कम चार-चार दिन किया जाए, यह मेरा अनुरोध है।

मान्यवर, एक निवेदन बहुत दिन से पड़ा हुआ है, जो स्टॉपेज से संबंधित है। मैं जब भी स्टॉपेज की बात करता हूं तो कहते हैं कि स्टॉपेज हमने पूरे देश में बंद किया हुआ है। लेकिन जहां पर स्टॉपेज बहुत जरूरी है, जैसे मेरे क्षेत्र में बदौसा है, जहां एजीटेशन हो रहा है। वहां लोग लगातार एजीटेशन कर रहे थे, मैंने आश्वासन देकर एजीटेशन खत्म करवाया था कि जैसे ही उधर कोई घोषणा होगी तो आप लोगों को दो मिनट का स्टॉपेज मिलेगा। खुरहंड, शिवरामपुर, बरगढ़ और मारकुंडी इत्यादि दो जिलों में स्टॉपेज दो-दो मिनट का दे दिया जाएगा तो वहां के लोगों को सुविधा होगी। मैं एक चीज और कहना चाहता हूं कि जो अंडर ब्रिज बन रहे हैं, वहां अधिकतर में पानी भरा हुआ है। वहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इस पर विचार करने की आवश्यकता है कि किस प्रकार से वहां से पानी निकासी की व्यवस्था करेंगे, पम्पसेट लगाएंगे या क्या करेंगे, क्योंकि वहां सीवर सिस्टम नहीं हो सकता है, क्यों कि जमीन से नीचे होता है। इस पर विचार करने की आवश्यकता है, क्योंकि इस पर बहुत पैसा लग रहा है और यह बहुत अच्छी योजना है, जिसके कारण फाटक खत्म हो रहे हैं, लेकिन अंडर ब्रिज पर पानी भरा रहता है, इसको आप इंजीनियर्स को दिखाएंगे और ठीक करेंगे, तो अच्छा रहेगा। मेरा एक और अनुरोध है कि मैहर और चित्रकूट बहुत ही प्रसिद्ध स्थान है। मैहर मध्य प्रदेश में आता है और चित्रकूट धाम बहुत सारे यात्री आते हैं। यहां के लिए डीएमयू ट्रेन चलाने की मांग लगातार की जाती रही है। मानिकपुर तक ट्रेन आती भी हैं, लेकिन उनको तीस किलोमीटर और बढ़ा कर चित्रकूट से जोड़ा जाएगा तो अच्छा रहेगा।

अंत में मैं अपनी बात कहता हुआ अपनी बात को विराम दूंगा कि चित्रकूट धाम देश ही नहीं विश्व का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहां प्रतिदिन हजारों और हर महीने लाखों यात्री आते हैं, अमावस्या को 4-5 लाख और दीपावली मेले में 25-50 लाख हो जाती है। जो तीर्थ सर्किट ट्रेन चलाने के लिए घोषणा की गयी है, उसमें चित्रकूट का नाम मुझे नहीं दिखायी पड़ा है। इसलिए मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि चित्रकूट धाम को भी इस तीर्थ सर्किट में शामिल किया जाए और स्टेशनों के विस्तार की व्यवस्था की जाए। इन बातों के साथ मैं अपनी बातों को विराम देता हूं। धन्यवाद।

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) :** महोदय, मैं सबसें पहले हमारे रेल मंत्री और उनके सहयोगी मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि जब से इन्होंने रेल का काम अपने हाथ में लिया है, तब से रेलवे को एक नई दिशा देने का प्रयास इन्होंने किया है। साथ ही साथ मैं अपनी वेदना भी यहां रखना चाहूंगा कि मुम्बई शहर के ऊपर रेल प्रशासन के माध्यम से गत अनेक वर्षों से अन्याय होता दिखायी होता है। इसके बहुत से कारण जब हम खोजते हैं तो पता चलता है कि मुम्बई शहर को कभी रेल मिनिस्टर मिला ही नहीं है। एक वर्ष के लिए इन दिनों में जो उत्तर प्रदेश के गवर्नर साहब हैं, राम नाईक जी, वे रेल राज्य मंत्री थे तो उन दिनों में कुछ कामकाज आगे बढ़ा था, लेकिन उसके बाद मुम्बई शहर पर हमेशा अन्याय ही हुआ है। हमें फिर से सुरेश प्रभु जी के नाम पर हमें अच्छे रेल मिनिस्टर मिले हैं, जिनके ऊपर बहुत प्रेशर है और बहुत बड़ा बोझ भी उनके सिर पर है और वह अपनी बुद्धि की चतुराई से रेल को संकट से बाहर निकालने का प्रयास दिन-रात मेहनत करके करते हैं, इसके लिए मैं उनका फिर एक बार अभिनंदन करना चाहूंगा।

महोदय, हम मुम्बई के लिए बहुत कुछ मांगना नहीं चाहते हैं, लेकिन छोटी-छोटी चीजें है, जिन पर अगर हम ध्यान देंगे तो हम मुम्बई शहर के लोगों को रिलीफ दे सकते हैं। मुम्बई शहर के जो लोग रेलवे में सफर करते हैं, उनके ऊपर अगर एक प्रदर्शनी लगायी जाए तो मेरा यह विश्वास है कि देश भर में से बहुत सारे लोग मुम्बई आ सकते हैं। वे किस तरह से रेलगाड़ी पकड़ते हैं, किस तरह से रेलगाड़ी से उतरते हैं। खासकर शाम के समय अगर कोई चर्चगेट स्टेशन पर जाकर खड़ा हो जाए तो हमारी बहनें जिस तरह से फास्ट ट्रेन पकड़ती हैं, उन्हें उसके लिए पुरस्कार दिया जायेगा, इस प्रकार की स्थिति मुम्बई में है। इतनी सारी मुसीबतों को लेकर मुम्बई शहर के लोग रेलवे में प्रवास करते हैं, मैं चाहूंगा कि आने वाले दिनों में रेल यात्रियों को आसानी से सफर करने के लिए मिले, उसके लिए वारफुटिंग स्टेज पर रेल प्रशासन को सोचने की आवश्यकता है। मैं इसके ऊपर बहुत लम्बा भाषण नहीं करना चाहूंगा, चूंकि समय बहुत कम है। लेकिन मैं रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि मुम्बई शहर के छः सांसदों के साथ तुरंत एक बैठक करें और देखें कि हमारे मन में क्या है और रेल प्रशासन के मन में क्या है। अगर इन दोनों के साथ बातचीत होती है तो मुम्बई शहर के जो साठ लाख से भी ज्यादा लोग रेलवे में सफर करते हैं, उन्हें हम यह मैसेज दे सकते हैं कि आने वाले दिनों में हम लोग ये सारी सुविधाएं रेलवे के माध्यम से देना चाहते हैं।

मैं मंत्री महोदय से दो-तीन बातें कहना चाहता हूं। मैं उनसे कई बार मिला हूं और पत्र व्यवहार भी कर रहा हूं। कांग्रेस सरकार के अंतिम दिनों में क्या हुआ, कांग्रेस के लोग कितने चतुर हैं, ये लोग फायदे का जो विषय होता है, अपने कार्यकाल में पास करते हैं और आने वाले दिनों में जब उन्हें पता चलता है कि हमारी सरकार आने वाली नहीं है तो आने वाली सरकार के ऊपर ये किस प्रकार का संकट छोड़कर जाते हैं, उसका एक उदाहरण मैं देना चाहूंगा कि 2010 में जो हमारे बूट पालिश करने वाले लोग हैं, जो गरीब और नीचे के तबके से आते हैं, उनके लिए 2010 के बाद में इन्होंने लाइसेंस देना बंद कर दिया। अब रेलवे में सफर करने वालों की संख्या बढ़ गई है। रेलवे के प्लेटफार्म्स बढ़ गये हैं, लोगों का स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग बढ़ गया है। जो चप्पल पहनता था, वह बूट पहनने लग गया और पालिश करने वालों की संख्या जब बढ़ती है तो नये लोगों को काम देना चाहिए तो कांग्रेस के लोगों ने उन्हें 2010 से नया लाइसेंस देना बंद कर दिया। इनकी मांग है कि हम लाइसेंस की फीस ज्यादा देंगे, हमें आप लाइसेस दीजिए, सरकार के पास से एक रूपये की आवश्यकता नहीं है और लोगों को एक अच्छी सुविधा हो सकती है। लेकिन एक साल हो गया है, उसके ऊपर भी कोई रास्ता निकलता दिखाई नहीं देता है। इसलिए बहुत वेदना के साथ मैं इस विषय को सदन में रखना चाहता हूं।

सभापति महोदय, पूरे देश भर में जो रेलवे स्टाल्स हैं, उनके लिए कांग्रेस के लोगों ने क्या किया, जिनके पास पचास, सौ या डेढ़ सौ स्टाल्स हैं, इन सारे लोगों के लाइसेंस इन्होंने रीन्यू कर दिये और जिनके पास एक, दो या तीन स्टाल्स हैं, इन सारे लोगों के ऊपर इस प्रकार का एक सर्कुलर निकाल दिया कि इनका स्टाल रीन्यू नहीं किया जायेगा और हम नया टेंडर मंगायेंगे। लोकशाही में होना यह चाहिए कि छोटे लोगों को सहूलियत दी जाए और जो बड़े लोग हैं, जो इस प्रकार से रेवेन्यू डुबाते हैं, उनके ऊपर कोई बंधन आना चाहिए, लेकिन कांग्रेस के लोगों ने गलत किया। मैं बड़े दुख के साथ कहना चाहूंगा कि मेरी सरकार आने के एक साल के बाद भी इस पर कोई सोच-विचार नहीं हो रहा है। मैं चाहूंगा कि जिसके पास दो-तीन स्टाल्स से ज्यादा हैं, जब मैं दो या तीन स्टाल्स की बात करता हूं तो अगर पिता के पास एक स्टाल था, उसने अपने बच्चे के लिए ले एक स्टाल और ले लिया, अगर दूसरा कोई बच्चा है तो उसके लिए भी ले लिया तो एक व्यक्ति के पास अगर दो-तीन स्टाल्स हैं तो बात समझ में आती है। लेकिन उससे ज्यादा जितने भी स्टाल्स होंगे तो मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि जो-जो लोग इन दिनो स्टाल्स चलाते हैं, वे उनके नाम पर किये जाएं। ट्रांसफर के नाम पर बड़े पैमाने पर पैसा भी आयेगा और जो लोग दूसरे के पास सर्विस करते हैं, उनके लिए जीवन भर का एक साधन हो जायेगा कि मेरा एक खुद का स्टाल है। हम एक बड़ा काम कर सकते हैं और जिनके पास पचास, सौ या डेढ़ सौ स्टाल्स हैं, इन सारे लोगों के स्टाल्स कैंसिल करके नये लोगों को मौका देना चाहिए, मैं यह भी मांग करता हूं।

महोदय, मुम्बई शहर में टिकट वेंडिंग मशीनें लगाई जायेंगी। छुट्टी के दिन शनिवार और रविवार के दिन एक-एक घंटे लोगों को लाइन लगानी पड़ती हैं। टिकट वेंडिंग मशीन का जो नया आइडिया मंत्री महोदय ने फ्लोट किया है, उसके लिए मैं उनका अभिनंदन करना चाहता हूं। लेकिन यहां मैंने साथ-साथ एक चीज की मांग की कि जो हैंडिकैप्ड लोग हैं, उन्हें ज्यादा से ज्यादा टिकट वेंडिंग मशीन हैंडल करने का काम देना चाहिए। उसका कारण यह है कि रेलवे के लोगों ने एक नई खोज निकाली कि जो रिटायर्ड लोग हैं, उन्हें ही यह काम दिया जाए। इसमें कोई दो मत नहीं हैं। आप 58 साल की जगह साठ साल करो, बासठ साल करो, जो काम करते हैं, उन्हें काम देते जाओ। लेकिन हम नई जनरेशन के लोगों को काम कहां से देंगे। इन्हें रिटायरमैन्ट भी मिलेगा, रिटायरमैन्ट के बाद पेंशन भी मिलती है। मेरी उनके साथ कोई

**15.14 hrs** (Shri Konakalla Narayana Rao in the Chair)

लड़ाई नहीं है, लेकिन हम लोगों को काम किस तरह से दे पायेंगे, इसके बारे में भी सरकार को सोचने की बहुत आवश्यकता है। नई पीढ़ी के बारे में भी जब हम लोग भाषण करते हैं कि बहुत बड़े पैमाने पर भारत में नई पीढ़ी उभरकर सामने आ रही है तो यदि हम इन्हें सही समय पर काम नहीं देंगे तो ये गलत राह पर भटक जायेंगे और उसका खामियाजा भी आने वाले दिनों में देश को भुगतना पड़ेगा। इसके बारे में भी सरकार चलाने वाले लोगों को बहुत सोच-विचार कर काम करना पड़ेगा।

सभापति महोदय, रेलवे स्टेशनों के बारे में परसों हमारे रेल राज्य मंत्री जी ने प्रश्न-उत्तर के समय बहुत अच्छा सुझाव दिया था कि रेलवे स्टेशनों पर हम वाटर वेंडिंग मशीनें भी लगा रहे हैं। आज रेलवे स्टेशनों पर पांच रुपये, दस रुपये और पंद्रह रुपये में बिसलरी पानी की बोतलें बेची जाती हैं। परंतु कोई सामान्य व्यक्ति दस रूपये की पानी की बोतल खरीद कर पानी नहीं पिएगा। वह स्टॉल पर जाता है तो स्टॉल पर भी उसको अच्छा पानी नहीं मिलता है। अगर मिलता है तो इतने बड़े पैमाने पर पानी पिला करस्टॉल वाले लोग परेशान होते हैं। नए-नए सिस्टम से जब लोग सामने आ रहे हैं। बहुत सारे एनजीओ भी स्वयं के पैसे से मशीन लगा कर लोगों को एक-दो रूपये में पानी पिला सकते हैं। वॉर्टर फिल्टर का इस्तेमाल करने वाली सोच, इस प्रकार की एक मानसिकता रखने वाले लोग मुंबई शहर में बहुत हैं। लेकिन अगर हम उनको आसानी से बुला कर उनको अनुमति देते हैं, इस प्रकार की सुविधा लोगों तक पहुंचाने की अगर व्यवस्था करते हैं तो बड़े पैमाने पर लोग सामने आ कर हमें मदद कर पाएंगे। प्रधान मंत्री जी ने स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया। एक साल में भी रेलवे में शौचालय की जो मांग है, उसमें कोई बहुत बड़ा काम कोई तेजी से होता दिखाई देता नहीं है। मैं बिल्कुल नहीं चाहूंगा कि सरकार इसके लिए बजट का प्रावधान करे और रेलवे प्रशासन इस पर कोई खर्चा करे, लेकिन मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि जो रेलवे के अफसर हैं, वे स्वयं जा कर एनजीओस को ढूंढ-ढूंढ कर, पकड़ कर ला कर यह काम करें। आज की

स्थिति तो यह है कि काम करने वाले लोग मुंबई महानगर पालिका के दफ्तर में जाना नहीं चाहते हैं। कोई रेलवे के पास नहीं आना चाहता है। इनको जो वैलकम करना चाहिए, यह हम लोगों की टेंडेंसी कहिए या मानसिकता कहिए, वह लगभग समाप्त होती गई है। इसलिए कोई आता ही नहीं है। हमें आने वाले दिनों में लोगों को ला कर उनको प्रोत्साहित करना पड़ेगा तो लोग बड़े पैमाने पर इस प्रकार की सुविधा देने के लिए तैयार होंगे। यहां पर बैठे हुए सदस्यों को आश्चर्य होगा कि हमारे मुंबई शहर में रॉटरी क्लब ऑफ मुंबई ने 800 जगहों पर फ्री ऑफ कॉस्ट टॉयलेट बनाने का एक संकल्प इस साल में लिया है। It is only for this year. In one year, they are going to construct 800 toilets in the city of Mumbai. अगर हम सही समय पर इनको इंफ्रास्ट्रक्चर आदि प्रोवाइड करते हैं, सुविधाएं देते हैं, इनको सम्मानित करते हैं तो ये फिगर और बढ़ा सकते हैं। प्रधान मंत्री जी के आव्हान पर पैसे वाले लोग गरीब लोगों को सुविधा देने के लिए तैयार हैं, लेकिन हमारे अधिकारीवर्ग के माध्यम से, उनको जो वैलकम कराना चाहिए, वह होता नहीं दिखाई देता है, इसलिए बहुत कुछ करने की इच्छा होने के बावजूद भी, कुछ होता दिखाई नहीं देता है। यह मेरी वेदना है।

सभापति महोदय, मुंबई से वैलेंकनी एक यात्रा शुरू होने वाली है। वैलेंकनी में सिर्फ कैथोलिक समाज के ही लोग ही जाते हैं, ऐसा नहीं है। नॉन-कैथोलिक लोग भी बड़े पैमाने पर जाते हैं। लेकिन वहां पर जाने की सुविधा न होने की वजह से उनको बहुत परेशानी है। मंत्री महोदय मैं चाहूंगा कि तुरंत अपने उत्तर में कम से कम इसकी घोषणा करनी चाहिए कि वैलेंकनी फीस्ट में जाने वाले लोगों को जितनी भी ट्रेन की सुविधा चाहिए, एक्सट्रा कोचेस या तो एक्सट्रा ट्रेन की, हमें इसकी व्यवस्था करनी चाहिए। मैं बहुत बड़े मन से इस बात को कहना चाहूंगा कि जो सामान्य व्यक्ति होता है, गरीब व्यक्ति होता है, उनको देव दर्शन के साथ में एक पिकनिक भी हो जाती है, एक टूरिज्म भी हो जाता है। क्योंकि अन्य जगहों पर वे जा नहीं सकते हैं। इसलिए इस प्रकार के जब फैस्टिवल्स आते हैं तब बड़े पैमाने पर सामान्य कुटुंब के लोग जाते हैं तो इस प्रकार की भी एक व्यवस्था आने वाले दिनों में करने की आवश्यकता है।

महोदय, मुंबई के बहुत सारे विषय हैं। 3,500 people are losing their lives every year. यह संख्या ट्रेन से गिर कर मृत्यु होने वाले लोगों की है। बहुत दिनों से हम लोग इस बात को उठाते हैं, लेकिन यह संख्या आज के दिन में कम होती दिखाई देती नहीं है। हमारे पुलिस के लोग, हमारे होमगाड्र्स के लोग हैं, हमारे रेलवे के जो अधिकारी हैं, वे अगर इस बात पर ध्यान देते तो मैं गारंटी के साथ इस सभागृह में यह बात कहना चाहता हूँ कि यह फिगर हम बहुत जल्दी नीचे ला सकते हैं, लेकिन इसके ऊपर कोई काम होता दिखाई नहीं देता है। हम हर चीज़ को कमर्शियल एंगल से देखने लगते हैं कि तरह से पैसा

कमाएं, ज्यादा से ज्यादा पैसा रेलवे में किस प्रकार से आए। इसमें कोई दो मत नहीं है, पैसा तो आना ही चाहिए, लेकिन साथ-साथ मानव की जो जान है, उस जान की कीमत बहुत होती है, उसके लिए भी हमको सोचना चाहिए। कारगिल में 700 लोग मर गए तो हम हर साल उनको याद करते हैं, लेकिन मुंबई जैसे शहर में हर साल साढ़े तीन हजार लोग सिर्फ रेल से गिर कर, कट कर मर जाते हैं, इससे बड़ी विडंबना मुंबई शहर के लिए कोई हो सकती है, ऐसा मैं बिल्कुल मानने के लिए तैयार नहीं हूँ। मुंबई शहर एक ऐसा शहर है, जो रेलवे को बड़े पैमाने पर रेवन्यु का फायदा देता है। इसलिए मुंबई शहर के ऊपर बहुत ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। …(व्यवधान) सबसे बड़ी विडंबना यह भी है क इतने बड़े मुंबई शहर के लिए अपनी बात रखने के लिए कम से कम भाषण करने के लिए भी समय नहीं मिलता है। यह सबसे बड़ी दुख की बात इस सभागृह में व्यक्त करते हुए, मैं अपनी बता समाप्त करता हूँ। …(व्यवधान)

**श्री संजय हरिभाऊ जाधव (परभणी) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री का ध्यान अपने चुनावी क्षेत्र परभणी की कुछ समस्याओं की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। मेरा क्षेत्र सबसे पिछड़ा है। सिर्फ विकास के मामले में ही पिछड़ा नहीं है, नैसर्गिक भी पिछड़ा है। पिछले तीन सालों से वहां पर बारिश ही नहीं हो रही है, उसकी वजह से सूख पड़ा है। इसी को मद्देनजर रखते हुए मैं कुछ समस्याएं आपके सामने रखना चाहता हूँ। मेरे कार्य क्षेत्र में पूर्णा तालुका है, जहाँ रेलवे का पुराना जंक्शन है। उस जंक्शन में हर तरीके की सुविधाएं थीं। वहाँ पर रेलवे के स्कूल हैं, रेलवे के अस्पताल हैं, रेलवे का सेन्ट्रल स्कूल है, इसके अलावा वहाँ पर लोकल डीजल शेड स्ट्रक्चर भी है, क्रू बुकिंग लॉबी भी है, लेकिन यह सब कुछ होने के बावजूद भी क्रू बुकिंग लाबी नांदेड़ परिक्षेत्र में ये लोग कुछ शिफ्टिंग करना चाहते हैं। क्रू बुकिंग लॉबी नांदेड़ में शिफ्ट न हो और उसे वहीं कार्यान्वित रहना चाहिए, यह मेरी पहली माँग है। उसके बाद पूर्णा में एक होम डीजल शेड कार्यान्वित होना जरूरी है। उसके बाद सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप पूर्णा में होना जरूरी है क्योंकि वहाँ पर पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर है, वहाँ पूरी जगह है, पूर्णा में कम से कम पाँच हजार रेलवे के कर्मचारी आज भी रहते हैं जिनमें रिटायर कर्मचारी भी हैं और रेगुलर काम करने वाले कर्मचारी भी हैं। यह सब कुछ होने के बावजूद क्रू बुकिंग लाबी नांदेड़ में शिफ्ट करने के बारे में क्यों ये लोग सोच रहे हैं, यह मेरी समझ में नहीं आ रहा है। मैं मंत्री महोदय से विनती करूँगा कि यह नांदेड़ में शिफ्ट न हो और उसी जगह पर इसे कार्यान्वित रहना चाहिए।

उसके बाद मैं माँग करता हूँ कि अकोला-खांडवा ब्रॉडगेज मार्ग तैयार करना चाहिए। हमें दिल्ली आना पड़ता है तो हमें मनमाड होकर आना पड़ता है और फिर खांडवा आते हैं, अगर अकोला-खांडवा चालू होता है तो हमें खांडवा करीब पड़ता है, हमारा 8 घंटे का सफर कम हो जाएगा। इसके साथ ही साथ मैं आपके सामने रखना चाहता हूँ कि वहाँ पर सीबीएसई पैटर्न का स्कूल चालू किया है, लेकिन वहाँ पर जैसे टीचर होने चाहिए, वे नहीं है, पुराने ही टीचर सीबीएसई का पैटर्न भी पढ़ाना चाहते हैं और इस कारण से छात्रों का बहुत नुकसान हो रहा है। इसके अलावा मुदखेड-परभणी दोहरीकरण का काम शुरू है, इसे भी ज्यादा राशि मिलनी चाहिए ताकि यह काम जल्दी पूरा हो। इसके अलावा मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि एक देवगिरी एक्सप्रेस ट्रेन है, जो सिकन्दराबाद से मुम्बई के लिए निकलती है, लेकिन उस ट्रेन में बहुत भीड़ होती है। मराठवाड़ा के 6 जिले के लोगों को वहाँ से जाना पड़ता है, लेकिन उस गाड़ी में बैठने की जगह नहीं मिलती है। मैं विनती करता हूँ कि एक दूसरी ट्रेन नांदेड़ से मुम्बई के लिए चालू की जाए। एक नन्दीग्राम एक्सप्रेस ट्रेन है, जो कि नागपुर से मुम्बई जाती है, लेकिन नागपुर वाले कोई भी उस ट्रेन से मुम्बई नहीं आते हैं। अगर वह ट्रेन नांदेड़ से मुम्बई की जाती है या अकोला से की

जाती है तो निश्चित रूप से मराठवाड़े के लोगों के लिए एक बड़ा सफल काम हो जाएगा। मैं यह मंत्री महोदय से विनती करता हूँ। इसके अलावा गंगाखेड़ में एक स्टॉपेज हम चाहते हैं, एक नांदेड़ से पूना गाड़ी जाती है, वह ट्रेन हफ्ते में दो बार जाती है, वह गाड़ी रेगुलर चलनी चाहिए, लेकिन साउथ सेन्ट्रल रेलवे के जो अधिकारी हैं और मराठवाड़े में चलने वाले जो ट्रैवल्स हैं, इन दोनों की मिलीभगत के कारण नांदेड़-पुणे रेल रेगुलर चालू नहीं की जाती है। वह हफ्ते में दो दिन जाती है, लेकिन उसके अन्दर लूज टाइम पाँच घंटे का है, जबकि कार में आदमी सात घंटे में पूना पहुँच जाता है और ट्रेन से जाने में उसको 14 घंटे लगते हैं। यह सब मिलीभगत का काम है। इसके बारे में मंत्री महोदय को सोचना चाहिए। पूना में रेवेन्यू बहुत बड़ा है, मेरे यहाँ के जो स्टूडेंट्स हैं, हमारे मराठवाड़ा में से जो पढ़ाई करने के लिए जाते हैं, वह गाड़ी रेगुलर फुल चलेगी, जिस दिन गाड़ी फुल नहीं चलेगी, हम उस दिन उसका भुगतान भरने के लिए तैयार हैं। ऐसी हम आपको हामी देते हैं, लेकिन इन अधिकारियों के ऊपर कुछ अंकुश लगाना बहुत जरूरी है ताकि मिलीभगत न हो।

इसी के साथ मैं सुविधाओं के बारे में भी बताना चाहता हूँ कि गाड़ियों में सुविधा अच्छी तरीके से नहीं दी जाती है। उस ट्रेन में हमेशा पुराने डिब्बे लगाये जाते हैं। उस ट्रेन में जो बेडशीट आदि दी जाती है, वह भी पुरानी होती है और धुली हुई नहीं होती है। खाने के बारे में भी बताना चाहूँगा कि वह ठीक नहीं होता है और ट्रेनों में सफाई भी नहीं होती है। इसी के कारण मैं माँग करना चाहता हूँ कि साउथ सेन्ट्रल रेलवे में जो नांदेड़ परिमंडल जोड़ा गया है, उसे उससे निकालकर मुम्बई सेन्ट्रल रेलवे में जोड़ना चाहिए। इसके साथ ही मैं कहना चाहता हूँ कि कुछ जगहों पर रेलवे गेट के ऊपर ब्रिज होना चाहिए। ऐसा नहीं होने से बहुत सारी दुर्घटनाएं होती हैं, बहुत जगह ट्रैफिक जाम होता है। गंगाखेड, मानवत रोड, कृषि विद्यापीठ, पिंगली, पूर्णा परतूर आदि जगहों पर ब्रिज होना बहुत जरूरी है ताकि लोगों को आसानी हो और उन्हें दिक्कत न हो। इसी के साथ मैं कहना चाहता हूँ कि संत जनाबाई महाराष्ट्र के एक बहुत बड़े संत हैं। उन्हीं के नाम पर गंगाखेड रेलवे स्टेशन का नामकरण होना चाहिए। यह मैं अपनी तरफ से माँग करता हूँ। इसी के साथ पंढरपुर एक बहुत बड़ा तीर्थ क्षेत्र है, जहाँ लाखों लोग हर दिन आते हैं, अषाढ़ कार्तिका, एकादशी के दिन वहाँ बहुत बड़ी यात्रा भरती है, दस-दस, बीस-बीस लाख लोग वहाँ यात्रा में शामिल होते हैं। पंढरपुर के लिए गाड़ी मराठवाड़ा से रोजाना चालू होनी चाहिए और उसमें एक ए.सी. का डिब्बा जोड़ना चाहिए। यह मैं आपसे एक माँग करता हूँ।

इसके साथ ही मैं एक और मांग करना चाहता हूँ। राज्यों में जो असेम्बली का अधिवेशन होता है, उस समय एम.एल.ए. के लिए जो डिब्बा लगाया जाता है, वह ट्रेन में सबसे पीछे लगाया जाता है। इसके कारण वहाँ पर कभी कभी बहुत दिक्कतें आती हैं। इसलिए आपके सामने यह समस्या रखते हुए मैं कहना

चाहता हूँ कि हमारी समस्या पर मंत्री महोदय तुरंत ध्यान दें और एक नई ट्रेन नांदेड़ से मुंबई के लिए होनी जरूरी है। नंदीग्राम एक्सप्रैस को नागपुर के बजाय यदि नांदेड़ या अकोला से चलाया जाता है तो निश्चित रूप से एक बड़ी समस्या हल हो जाएगी। यही मांग करते हुए मैं मंत्री महोदय से विनती करता हूँ कि मैंने जो मांगे रखी हैं, उनको जल्द से जल्द पूरा किया जाए और उनको पूरा करने में आप सहयोग दें। धन्यवाद।

So, wherever there is a leakage in the system, particularly at the courts and police stations, unless it is plugged, any number of Acts will not bring justice to Dalits. I would like to reiterate to the hon. Minister here that after nearly 70 years of Independence, if we really want to treat these poor people with human dignity, the only way is that the Special Courts and the Special Police Stations should be manned by the people from these communities. Otherwise there is no solution to this problem.

Sir, we have a proper legal system in the country. But unfortunately the legal system meant for the poor is working separately. If it works in close coordination with the Department of Social Justice and Empowerment, the legal aid which is available to the poor could be made use of. I would like to submit here that 93 per cent of the people who are hanged to death are from the Dalit community. The only reason for this is that they are not able to engage a proper advocate.

Although, for the namesake we have the legal aid system in the country, it is not effective for the simple reason that dalits are not able to engage a proper advocate. Therefore, I would submit to the hon. Minister here that special courts should be there, the police stations should be manned by them, and the legal aid system should be linked with the departments so that it would be effective. Whenever there is a death penalty or life imprisonment, proper and good advocates should be given to them for legal advice.

I do not know why SC/ST officers were excluded from this for their negligence. Along with the non-dalits, if there is negligence by SC/ST officers of not doing their duty, they should also be equally punished for the simple reason that there is every possibility that they may collude with the people. There is a possibility that they might take a bribe and ignore this kind of activities. Therefore, along with the non-dalits, dalit officers should also be punished for negligence. In extreme cases of inhumanness, just as we are punishing with death penalty for atrocities against women – this is also involved with the human dignity – I am also of the strong opinion that whenever there is an extreme inhuman atrocity against dalits, the exemplary punishment including death penalty should be given. That is only the solution; otherwise, atrocity will continue to be unabated. Unfortunately, they are being treated as third-class citizens here. Therefore, I am of this opinion that some of these suggestions could also be taken into consideration so that the dalits could also live with dignity in the country. Thank you very much.

**श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) :** महोदय, मैं भारत के लाल जननायक नरेन्द्र मोदी जी और आरदणीय थावर चंद गहलोत जी को बधाई देना चाहता हूं। आज सारा राष्ट्र बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की 125वीं जयंती मना रहा है और उस अवसर पर दलितों की रक्षा के लिए, उनके ऊपर उत्याचार को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण बिल इस महान सदन में लाया गया है, मैं इस बिल का स्वागत करता हूं। 68 साल की आजादी के बाद बार-बार यह मांग क्यों उठती है, क्यों दलितों के ऊपर अत्याचार दिन-प्रति-दिन बढ़ते जा रहे हैं, उनकी महिलाओं को बलात्कार का निशाना बनाया जा रहा है? उनकी प्रोपर्टी को नष्ट किया जा रहा है, उनको मेनटली टार्चर किया जा रहा है। अभी दो-तीन साल पहले दिल्ली से एक चिंगारी उठी, वह मेरी बेटी, वह मेरी बहन, निर्भया के गैंग रेप के बाद देश में एक बहुत बड़ी बहस चली और उस बहस में यह निष्कर्ष निकल आया कि महिलाओं के ऊपर रेप का संबंध अधिकतर मनुष्य की मेनटलिटी से है। अगर हम उस अत्याचार को कम करना चाहते हैं तो हमें इंसान की मेनटलिटी को बदलना होगा। आज 68 साल की आजादी के बाद दबंग लोग दलितों को अपने पांव के नीचे क्यों कुचलना चाहते हैं। क्या भगवान ने उनको इंसान नहीं बनाया है, ये लोग इन्हें रेंग-रेंग कर चलने पर क्यों मजबूर करते हैं? एक दलित का लड़का दुल्हा के रूप में घोड़े के ऊपर चढ़ कर घुड़चढ़ी की रस्म अदा करे यह भी इन्हें नहीं भाता और इनके पेट में दर्द शुरू हो जाता है। क्या बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के नाम पर अपने मोबाइल का रिंगटोन लगाने से ही किसी के दिलो दिमाग पर पहाड़ टूट पड़ता है जिससे वह उस बच्चे की निर्मम हत्या कर देता है। यह वही मेन्टैलिटी है। आज 68 साल बाद उस मेन्टैलिटी को बदलने की जरूरत है।

सभापति महोदय, प्रधान मंत्री जी ने एक बहुत लंबी सोच के तहत हिन्दुस्तान में एक स्वच्छता अभियान चलाया। यह न केवल स्वच्छता अभियान है, बल्कि इसका संबंध गरीबों पर होने वाले अत्याचारों को भी कम करना है। हम देखते हैं कि हिन्दुस्तान में आज भी 60-65 प्रतिशत महिलाएं रात्रि के समय या सूर्य निकलने से पहले जब शौच के लिए जाती हैं तब ये रेप के दरिंदे सक्रिय हो जाते हैं और उनकी अस्मत को लूटते हैं। आज इस ओर भी बहुत सख्त कानून बनाये जाने की जरूरत है।

सभापति महोदय, इस बिल में कहा गया है कि एक्सक्लूसिव, स्पेशल कोर्ट्स बनायी जायें। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहूंगा कि हिन्दुस्तान 125 करोड़ से ऊपर की आबादी वाला देश है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में एक भी शैड्यूल कास्ट का जज नहीं है। इस देश की विभिन्न हाई कोर्ट्स में एक भी दलित चीफ जस्टिस नहीं है। यह क्या इंडिकेट करता है? मैं भारत माता के लाल प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से इस प्रजातंत्र के मंदिर के माध्यम से, इस महान सदन के माध्यम से प्रार्थना करना चाहूंगा कि यूपीए शासन के दस वर्षों मे हमारे ऊपर जो मेन्टली टार्चर हुआ है, एट्रोसिटीज हुई

हैं, उन सबका निराकरण करने के लिए भारत सरकार तुरंत कदम उठाये। इन सब बातों का संबंध मान और मर्यादा से होता है, डिग्निटी से होता है। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने जीवन भर संघर्ष किया और इन दबे-कुचले लोगों की आवाज को उठाया। वे एक बहुत बड़ा कारवां अपने पीछे छोड़कर चले गये थे। आज इस महान सदन में जो हमारे जन-प्रतिनिधि बैठे हैं, उस कारवां को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सब पर आयी है। दलितों के ऊपर जो अत्याचार हो रहे हैं, जिसमें कन्विक्शन रेट 25 परसेंट, यानी बड़ी मुश्किल से कन्विक्शन हो पाती है और जो 75 परसेंट कातिल हैं, जो अत्याचारी हैं, वे बचकर निकल जाते हैं। इस दृष्टि से भी कानून के शिंकजे को और सख्त बनाना होगा। हर रोज सेक्सुअल हरासमैंट के केस आते हैं। मेन्टैलिटी का इस बात से भी पता चलता है कि आपने किसी को किस नीयत से छुआ है। इसके ऊपर भी सख्त कानून बनने चाहिए और अत्याचारों की परिभाषा को स्पष्ट तौर से कहा जाना चाहिए। ...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में दलित महिलाओं को सरेआम से नंगा करके घुमाया गया। क्या सभ्य देश को यह अच्छा लगता है कि किसी एक वर्ग की महिलाओं को नंगा करके घुमाया जाये? ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** ये बातें हो चुकी हैं, इसलिए कृपया करके आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) :** सभापति महोदय, मैं हरियाणा प्रदेश से आता हूं। वहां पर एक ...* शासन था, दस साल तक कांग्रेस का शासन रहा। मिर्चपुर की घटना मेरे हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस के शासन काल में हुई थी, जहां पर दलितों को जिंदा जला दिया गया था। इससे पूरी दुनिया में भारत का सिर झुक गया था, नीचा हुआ था। ...(व्यवधान) मैं आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं और आदरणीय थावर चंद गेहलोत जी को बधाई भी देना चाहता हूं कि इस विषय में सख्त से सख्त कानून बनाकर हमारे इस दलित समाज को राहत प्रदान की जाये। बहुत-बहुत धन्यवाद।

* Not recorded as ordered by the Chair.

**श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) :** माननीय सभापति जी, आज एक अच्छे कानून का प्रावधान लोकसभा सदन में हो रहा है। मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो बहुत दर्द होता है। दर्द इस बात का है कि सभापति जी, आप और हम राजनीति में जिस दिन से आए, शिवसेना में गए। हमारे नेता वंदनीय शिवसेना प्रमुख बालासाहब ठाकरे जी ने हमारी कच्ची मिट्टी पर संस्कार दिए, वह संस्कार जाति निर्मूलन का था। जब शिव सेना का निर्माण हुआ तो उन्होंने कहा था कि 80 प्रतिशत सामाजिक कारण हैं और 20 प्रतिशत राजनैतिक कारण हैं, जब चुनाव हों तब राजनीति करो। उन्होंने उस वक्त 80 प्रतिशत सामाजिक नीति पर मराठी में कहा था-

ब्राहमण ब्राहमणेतर, मराठा मराठेतर,
इाहाण्णव कुली, ब्याण्णव कुली
उच्च नीच दलित दलितेतर,
कोंकणी ये सारे जाति भेद निकालकर एक हो जाओ।

मैंने पहले मराठी में बोला है ताकि गहराई से पता चल जाए। इसका मतलब है कि सारे भेद से निकलकर मराठी इकट्ठे हो जाओ तब तुम्हें न्याय मिलेगा और हम यही संस्कार लेकर हम बड़े हुए। बालासाहब ने अपनी जिंदगी में किसी की जाति नहीं पूछी। आपको याद होगा जब मंडल आयोग आया तो इस देश में किसी ने विरोध किया तो बालासाहब ठाकरे जी ने किया, हमारे आदरणीय नेता ने किया, इसलिए किया क्योंकि जाति की दीवारें टूटनी चाहिए। लेकिन इसे तोड़ने के बजाय हमने इसे ज्यादा दृढ़ करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे दोस्त यहां बैठे थे, हम बात कर रहे थे कि हमने स्कूल में पास बैठे दोस्त से कभी नहीं पूछा कि तेरी जात क्या है। अब पता चला जब चुनाव का समय आया। चुनाव के समय में आरक्षण आया तब बाला साहब जी को पूछना पड़ा कि तेरी क्या जात है, मेयर बनाना है। विधान सभा या जिला परिषद का चुनाव आया, तब पूछना पड़ता था, तब वे कहते थे कि किसी को यह पूछने में बहुत दर्द होता है। यहां जितने भी महाराष्ट्र के सदस्य हैं, उनसे पूछ लीजिए कि उन्हें यह पूछने में कितना दर्द होता था। हम इस संस्कार के साथ आगे आए हैं।

महोदय, यह ठीक है कि इस कानून में 'स्पेशल कोर्ट का' प्रावधान किया गया। स्वतंत्रता पूर्व तिलक जी और अगरकर जी की लड़ाई होती रही क्योंकि तिलक जी कहते थे कि इस देश को स्वतंत्रता की जरूरत है जबकि अगरकर जी कहते थे कि देश को समाज सुधार की जरूरत है। पहले स्वतंत्रता लेंगे और फिर समाज सुधार करेंगे, इसमें उनकी लड़ाई होती रहती थी और आज हम लोकसभा में स्वतंत्रता मिलने के 60 वर्ष बाद दलित भाइयों के लिए स्पेशल कोर्ट का प्रावधान कर रहे हैं। क्या सामाजिक सुधार हुआ? मैं इससे ज्यादा व्यथित हूं। मेरे दोस्त कह रहे थे कि स्पेशल कोर्ट बनाओ, दलित पुलिस लगाओ, अगर दलित पुलिस सही काम नहीं करती है दलित पुलिस को कानून में सजा दो। मेरा कहना है कि

मानसिकता सही होनी चाहिए। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की मां के संस्कार थे, वह अपने मायके नहीं गई क्योंकि उनका मायका रईस था। वह कहती थी कि नहीं जाऊंगी, एक दिन ऐसा आएगा कि मैं सोने की रस्सी पर कपड़े सुखाउंगी। यह बात अंदर से आती है कि मुझे कुछ करना है। दलितों के संबंध में महाराष्ट्र में बहुत प्रगति है। मुझे बहुत दर्द होता है बुरी चीजें जैसे अत्याचार हुआ, ब्लात्कार हुआ, अखबार और मीडिया में पहले पेज पर होती हैं। यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण होती है लेकिन इसे इतना बढ़ावा दिया जाता है ताकि लोगों के मन में कभी जाति के आधार पर, कभी प्रांत के आधार पर, कभी धर्म के आधार पर और जहर फैलाया जाए। गुनाहगार तो गुनाहगार है चाहे वह किसी भी जाति का हो, धर्म का हो। उसे सजा देनी चाहिए, कड़ी सजा देनी चाहिए। अभी यहां जो कहा जा रहा था, मुझे बुरा लग रहा था। अभी हाल ही में घटना हुई, छोटी बच्चियां जो कलियों की तरह फल रही हैं, उन पर अत्याचार हो रहे हैं। मुझे सुनकर दर्द होता कि तीन-चार वर्ष की बच्ची पर अत्याचार हो रहा है, 70 वर्ष की मां पर अत्याचार हो रहा है। यह कौन सी मानसिकता है? ये चीजें सोशल मीडिया की वजह से हो रही हैं। कल कोर्ट में 'पॉर्न' और 'गे' के बारे में बात होने लगी थी। हमें कहां गे के बारे में पता था? क्या हमें बचपन में गे सोसाइटी के बारे में मालूम था? अब तो इसकी सोसाइटी हो गई है।

महोदय, मेरी बिल्डिंग में पंजाबी सिख लोग रहते थे, जब बच्चा पैदा होता था तो कुछ लोग नाचने आते थे, मैं क्षमा चाहता हूं, उनको महाराष्ट्र में हिजड़ा कहा जाता है। यह संसदीय है या नहीं, अगर नहीं है तो निकाल दो। वे नाचने के लिए आते थे। बाकी हम जानते थे कि गे सोसाइटी क्या होती है। इसके जरिए जो बुराइयां हैं, वे गांव तक जाती हैं। अभी मेरे एक दोस्त बता रहे थे, इजरायल में किसी का खून हुआ तो छोटी सी न्यूज आ जाती है लेकिन किसी ने संशोधन किया तो पहले पेज पर न्यूज आएगी। हमारे यहां वह नहीं होता। मैं इसीलिए व्यथित हूं कि कानूनन प्रावधान करने के बावजूद क्या अत्याचार रुकने वाले हैं? इसका डिसएडवांटेज भी लिया जाता है। किसी को बोलो तो वह कहता है कि, अच्छा, मुझे बोला। अब मैं तुझे बताता हूं। अरे, क्या पता, तेरी जात क्या है? हमने महाराष्ट्र सदन में रोटी नहीं खिलाई थी, पता नहीं था कि कौन है तो फिर पन्द्रह दिन बाद तक न्यूज आती रही कि रोटी खिलाई। वह रमजान का समय था। वह मुसलमान था। अरे, हमें क्या मालूम। होटल में खाना खाने के लिए जाते हैं, अगर बाल मिला तो भी हम उठाकर कहते हैं कि इसमें बाल मिल गया। क्या हमें मालूम है कि होटल का मालिक मुसलमान है या हिन्दू है? उस मामले को तुरंत ही रंग दिया गया कि मुसलमान को रोटी खिलाने की कोशिश की गई जबकि रमजान का समय था। ऐसा क्यों करते हो? इसलिए रोक लगाते समय पहले इस पर रोक लगाने की आवश्यकता है।

मैं एक उदाहरण देता हूं। नगर जिले में एक हादसा हुआ। हमारी दलित महिला पर अत्याचार हुआ। खून भी हुआ। अखबारों में 8-10 दिन न्यूज चलती रही। दलितों के सारे नेता वहां भी जाते रहे। रोज टी.वी. अखबार में आता रहा लेकिन जिस दिन गुनहगार पकड़ा गया, उन्हीं के परिवार का आदमी था। अब क्या करोगे? अब किस पर अत्याचार का आरोप लगाओगे? दिलीप गांधी जी बैठे हैं, तब तक अत्याचार की बात चलती रही। समाज में ज़हर फैलाया जाता है।...(व्यवधान) दिलीप गांधी जी यहां बैठे हैं। वह नगर जिले के हैं। उनसे आप पूछिए। इसलिए मैं कानून का स्वागत करता हूं लेकिन इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए। कहीं पर हम संस्कार में कम हो रहे हैं। दलितों को अगर ऊपर लाना है तो सिर्फ नौकरियों में आरक्षण दे दो, प्रमोशन के लिए क्यों भागते हो? Do not teach the child to eat the fish; teach the child to catch the fish. बच्चे को मच्छी पकड़ना सिखाओ। फिर खाना सिखाओ। पकड़ना सिखाने के लिए उसको पढ़ाओ। बेटी पढ़ाओ, बेटी को सिखाओ, वैसे ही मैं भी बात कर रहा हूं। Do not teach the child to eat the fish; teach the child the catch the fish. इस माध्यम से कानून का स्वागत करते समय मैं एक चीज की मांग करता हूं कि हम दलितों के संबंध में कानून लेकर आए हैं। बच्चों को शिक्षा मिले लेकिन नहीं मिल रही है। हमारे मुसलमान समाज की भी वही समस्या है। शिक्षा से वे दूर हैं। एजुकेशन में जिस दिन आएंगे, सारी चीजें भूल जाएंगे। इसलिए मैं इस बिल का स्वागत करते समय कानून का कोई नाजायज फायदा तो नहीं लेगा, इस बात को भी देखना चाहिए। इसका भी उसमें प्रावधान होना चाहिए कि यदि किसी ने अत्याचार के बारे में गलत शिकायत की तो गलत शिकायत करने वाले को भी सजा होनी चाहिए क्योंकि समाज में जाति पांति के आधार पर वह दीवारें खड़ा कर रहा है। इस बिल का स्वागत करते समय एक बात और कहूंगा कि दलित भाइयों के लिए ऊंची शिक्षा कैसे मिले, इसके लिए हमारी सरकार कोशिश करती रहे। धन्यवाद।

**डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) :** माननीय सभापति जी, आपने मुझे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण संशोधन विधेयक 2014 पर बोलने की अनुमति दी है। इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं हमारे प्रधान मंत्री जी, हमारी सरकार एवं हमारे विद्वान मंत्री श्री थावरचंद गेहलोत जी का बहुत बहुत अभिनंदन एवं बधाई देता हूं।

महोदय, मैं हमारे प्रधानमंत्री, हमारी सरकार और हमारे विद्वान मंत्री श्री थावर चंद गहलोत का बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं और बधाई देता हूं। चूंकि बाबा साहब अम्बेडकर की 125वीं जयंती चल रही है और जो अधिनियम वर्ष 1989 में बना था, उसमें जिस तरह से प्रावधान थे, उस तरह से वह सफल नहीं हुआ था। कब से वह अधिनियम लम्बित था और हमारी सरकार ने आर्डिनेंस 2014 में लाकर आज सदन में पारित करने के लिए पेश किया है, मैं इसके लिए गर्व महसूस कर रहा हूं। बाबा साहब अम्बेडकर को सच्ची श्रृद्धांजलि हमारी सरकार द्वारा दी गई है, इसके लिए मैं प्रधानमंत्री और सरकार का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। जहां तक दलित लोगों का सवाल है, ये लोग अस्पृश्यता का भोग बनते आ रहे हैं। आज के समय में अस्पृश्यता कम हुई होगी, मगर इसकी जगह आज " मैंटल अनटचेबिलिटी " ने ले ली है। मैं समझता हूं कि मैंटल अनटचेबिलिटी शारीरिक अनटचेबिलिटी से भी ज्यादा भयानक है और इसका निवारण हम नहीं कर सकते हैं। हमारी पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक बैंगलूरू में सम्पन्न हुई है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने घोषणा की है कि आज भी लोग सिर पर मैला उठाते हैं, यह हमारे लिए नेशनल शेम का विषय है। हमें इस प्रथा को समाप्त करना है और एक अभियान के तहत हम इस प्रथा को समाप्त करने का काम करेंगे। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तो यहां तक कहा है कि इस कार्य में हमारे एससी और एसटी कार्यकर्ता सम्मिलित नहीं होंगे बल्कि इस कार्य में अपर कास्ट के लोग शामिल होंगे। कानून बनाने से ज्यादा जरूरी जनआंदोलन चलाना जरूरी है। लोगों की सोच को बदलने के लिए हमारी सरकार जो काम कर रही है, उसके लिए मैं बहुत गर्व महसूस करता हूं। बाबा साहब अम्बेडकर ने केवल दलितों के लिए ही नहीं किया है बल्कि उन्होंने महिलाओं के लिए भी किया है। हमारे जो पड़ोसी देश हैं चाहे पाकिस्तान हो, मालद्वीप हो, श्रीलंका हो कहीं भी लोकतंत्र नाम की चीज बची नहीं है। आज लोकतंत्र की सबसे ज्यादा जड़े भारत में मजबूत हुई हैं। अगर इसके लिए किसी को श्रेय दिया जाना चाहिए तो बाबा साहब अम्बेडकर को दिया जाना चाहिए। भारत के आजाद होने के बाद बाबा साहब ने संविधान दिया फिर भी उन्हें उतना सम्मान नहीं मिला जितना कि मिलना चाहिए था। मैं गर्व महसूस करता हूं कि जिस विचारधारा से हम जुड़े हुए हैं, हमारे प्रधानमंत्री जी ने बाबा साहब के स्मारक का शिलान्यास किया है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी की एक लम्बी सोच है। कानून बनाना और लोगों की सोच बदलना तथा दलितों को कैसे सामाजिक न्याय दिया जाए, इस दिशा में

हमारी सरकार काम कर रही है। दलितों के लिए वर्ष 1989 के बाद अत्याचार कानून बनाया गया, अगर आप आंकड़े देखें तो लगभग 75-80 परसेंट से भी ज्यादा है लेकिन किसी को सजा नहीं मिली है। इस कानून का सही ढंग से इम्प्लीमेंटेशन नहीं हुआ है। इसकी जो जांच प्रक्रिया है चाहे वह एफआईआर का रजिस्ट्रेशन हो, चाहे इसमें पोस्टमार्टम करने की बात हो, हर जगह दलितों के साथ अन्याय किया जाता रहा है। मेरा सरकार से निवेदन है कि जो पोस्ट-मॉर्टम होता है, उसमें एक पैनल पोस्ट-मॉर्टम की तरह पोस्ट-मॉर्टम किया जाना चाहिए। जिस प्रकार यदि कहीं पर युवा महिला की डेथ होती है, तो पैनल पोस्ट-मॉर्टम होता है, दो-तीन डॉक्टर मिलकर पोस्ट-मॉर्टम करते हैं, इसी तरह से इसमें प्रावधान करना चाहिए।

जहाँ तक केस रजिस्ट्रेशन का सवाल है, उसमें एस.पी. लेवल के अधिकारी उसे करते हैं। उसमें भी पैनल होना चाहिए। अभी-अभी पिछली लोक सभा में जो कॉमनवेल्थ घोटाला हुआ था, उसमें एक ऐसी बात हुई थी कि दलितों के स्पेशल कंपोनेंट प्लान का 700 करोड़ रुपया घोटाले के रूप में ट्रांसफर किया गया था। सरकार से मेरा निवेदन है कि जो अधिकारी ऐसा करता है, उस पर एट्रोसिटी ऐक्ट लागू करना चाहिए और कड़े से कड़ा कदम उठाना चाहिए। सरकार इस बिल को लेकर आयी है, तो मैं इस बिल का पुरज़ोर समर्थन करता हूँ और मैं आशा करता हूँ कि पूरा सदन एकजुट होकर इस बिल का समर्थन करेंगे।

**साध्वी सावित्री बाई फूले (बहराइच) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार विधेयक पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूँ।

सदन की शुरुआत होने से पहले, राष्ट्रीय गीत से सदन की कार्यवाही की शुरुआत होती है, तो इतिहास याद आता है कि हमारा भारत देश साढ़े छः सौ सालों तक मुगलों का गुलाम था तथा डेढ़ सौ सालों तक अंगरेज़ों का गुलाम था। इस गुलामी से छुटकारा दिलाने के लिए तमाम वर्गों के लोगों ने आपस में सुर में सुर मिलाकर भाईचारा बनाकर भारत माता के नारे को बुलंदी पर पहुंचाने के लिए भारत माता के वीर सपूतों तथा वीर महिलाओं ने अपना बलिदान देकर देश को आज़ाद कराने का काम किया था। उनके साथ-साथ देश के तमाम अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े समाज के लोगों ने भी अपना बलिदान देकर देश को आज़ाद कराने का काम किया था। उनको भी आशा थी कि हमारा देश स्वतंत्र होगा, तो हम भी स्वतंत्र होंगे। हमको दो जून की रोटी मिलेगी, तन पर कपड़ा होगा, रहने के लिए मकान होगा, खेती के लिए जमीन होगी, पढ़ने के लिए स्कूल होगा और दवा के लिए अस्पताल होगा। लेकिन, बड़े दुःख के साथ कहना पड़ता है कि आज़ादी के 68 वर्षों के बाद भी आज भी 30 प्रतिशत लोग गुलामी की जंज़ीरों में जकड़े हुए हैं। उनकी दशा और दिशा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

हमारे देश में 55 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने राज किया है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में देश में हमारे समाज के लोगों की बहुत दुर्दशा हुई है। मैं आपको बताना चाहती हूँ कि तमाम सरकारें आयीं और गयीं, लेकिन दलितों पर अत्याचार, शोषण, बलात्कार, सामूहिक हत्याएँ, आगजनी आदि की घटनाएँ होती रही हैं तथा आज भी हो रही हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं कमजोर वर्गों की दशा जस की तस है। अत्याचार को समाप्त करने के लिए भारत सरकार द्वारा तमाम कानून बनाकर राज्य सरकारों को भेजा जाता है। किन्तु राज्य सरकारों की दलितों के प्रति साफ मानसिकता नहीं है। इसलिए कानून जस की तस धरी की धरी रह जाती है। इस संबंध में मैं कुछ उदाहरण बताना चाहती हूँ। महाराष्ट्र के अहमद नगर जिले में तीन दलित परिवारों की हत्या करके शव को सूखे कुएं में डाल दिया गया, अमृतसर में पैसे के लेन-देन के लिए दलित को पिंजरे में बंद करके उसी में कुत्ता छोड़ दिया गया, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक बाल्मीकि को पूजा करने से मंदिर से भगा दिया गया, उत्तर प्रदेश में बागपत में एक दलित के शव को दबंगों द्वारा श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार नहीं करने दिया गया, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी जी द्वारा डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जी की प्रतिमा पर माला पहनाने पर मूर्ति की धुलाई की गयी, मध्य प्रदेश के कुँवरपुर गांव में दलित महिला को गोबर खिलाया गया, राजस्थान के जलेसर तहसील के गांव सिकन्दरपुर में एक दलित लड़की के साथ दुष्कर्म करके हत्या कर दी गयी। मध्य प्रदेश के

रतलाम के नेगरूण गांव में दलितों की बारात पर पथराव किया गया क्योंकि दूल्हा घोड़ी पर सवार था। महाराष्ट्र कि शिरडी नगर में युवा दलित होटल में बैठा था, उसके मोबाइल पर बाबा अम्बेडकर साहब की टोन बजी तो आठ लोगों ने पवन कुमार को मोटरसाइकिल से जंगल में ले जाकर उसकी हत्या कर दी। महाराष्ट्र के उस्मानाबाद में दलितों को नल से पानी लेने से मना कर दिया गया, आज वे लोग दो किलोमीटर दूर से पानी लेने जाते हैं। राजस्थान के सीकर जिले के दातारामगढ़ गांव में जमीन के मामले में दलितों का पूरा गांव जला दिया गया। राजस्थान के नागौर जिले के ही डांगावास गांव में जमीन के मामले में तीन दलितों को गोली मार दी गयी और एक महिला की आंख में लकड़ी भोंक दी गयी। राजस्थान के नागौर जिले के डांगावास गांव में ही पांच दलितों की जमीन विवाद को लेकर हत्या कर दी गयी। बिहार के सासाराम के मोहनपुर में खेत में बकरी के जाने की वजह से दलित को जिन्दा जलाया गया। बिहार के गया जिले के पुरागांव में तीन सौ दलित परिवार दबंगों के डर से गांव छोड़कर चले गए। हरियाणा के हिसार जिले के भगाना गांव की चार दलित लड़कियों को घसीटकर कार में डाल दिया गया और दो दिनों तक दर्जन भर लोग बलात्कार करते रहे। हरियाणा के जींद जिले के रैवासा गांव में बच्ची को दूध पिला रही महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। हरियाणा के हिसार जिले के गांव ढोवी में एक दलित युवा की हत्या करके शव को पानी की टंकी में डाल दिया गया। हरियाणा के रोहतक जिले के मदीना गांव में दो दलितों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मैं कहां तक प्रमाण दूं।

मैं कहना चाहती हूं कि हमारा देश आजाद हो गया, आजादी के बाद हमारे देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार पैंतालीस-पचास साल तक रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के लोगों ने हमारे अनुसूचित जाति के लोगों को, अनुसूचित जनजाति के लोगों को क्या दिया है - भेड़ पालन के नाम पर कर्ज, बकरी पालन के नाम पर कर्ज, सुअर पालन के नाम पर कर्ज, मुर्गी पालन के नाम पर कर्ज, गधा पालन के नाम पर कर्ज देकर उनका वोट लेती रही और उनके साथ धोखा करती रही। मैं बताना चाहती हूं कि हमारे अनुसूचित जाति के लोगों की दशा और दिशा में आज भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, आज भी वे लोग मरे जानवरों का चमड़ा छीलकर, गन्दी नालियों की सफाई करके, गन्दे कपड़े धुलकरके, दूसरों की गुलामी करके अपनी दो जून की रोटी चलाने के लिए मजबूर हैं। कांग्रेस पार्टी की सरकार में जिस तरीके से देश में हमारे अनुसूचित जाति के लोगों के साथ, बहन-बेटियों के साथ अत्याचार हुए हैं, अनुसूचित जाति के लोगों के साथ जो अत्याचार हुए हैं, उनके गांव के गांव फूंक दिए जाते थे, सामूहिक बलात्कार होते थे, सामूहिक हत्याएं होती थीं और सरकार मूकदर्शक बनकर देखती रहती थी।

सभापति महोदय, मैं कहना चाहती हूं कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी ने यदि भारतीय संविधान में हमारे लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं की होती तो आज अनुसूचित जाति के लोगों को न नौकरी

में, न शिक्षा में, न राजनीति में आगे बढने का मौका मिलता। यदि उनको यह मौका मिला है तो यह बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की बदौलत मिला है। आज मुझे भारत की सबसे बड़ी पंचायत में बोलने का जो अवसर मिला है, यह बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की बदौलत मिला है। इसलिए बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के कृत्यों का नमन करते हुए मैं कहना चाहती हूं कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी ने भारत के संविधान में वर्ष 1950 में अनुसूचित जाति के लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी। उस समय अनुसूचित जाति के लोगों की पापुलेशन बहुत कम थी, लेकिन आज की तारीख में अनुसूचित जातियों की पापुलेशन काफी बढ़ चुकी है, आज उस अनुपात में अनुसूचित जाति के लोगों को आरक्षण नहीं मिल रहा है। आज की तारीख में भी, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी द्वारा बनाए गए भारतीय संविधान में आरक्षण की जो व्यवस्था दी गयी है, चाहे वह नौकरी हो, चाहे वह किसी भी पद पर हो, आज भी उनके साथ धोखा करने का प्रयास किया जा रहा है। आज अनुसूचित जाति के लोग नौकरी से वंचित हैं। तमाम ऐसी जगहें हैं, जिस पर आज भी अनुसूचित जाति के लोग नहीं पहुंच सके हैं।

ऐसी स्थिति में आज मैं इस सदन के माध्यम से मांग करती हूं कि भारतीय संविधान में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी ने अनुसूचित जाति के लिए, अनुसूचित जनजाति के लिए, अन्य सताए गए समाज के लोगों के लिए आरक्षण की जो व्यवस्था की है, उस व्यवस्था को पूरे तरीके से लागू किया जाए। जब तक पूरे तरीके से उस व्यवस्था को लागू नहीं करेंगे, तब तक अनुसूचित जाति के लोगों का मान, सम्मान, स्वाभिमान की रक्षा नहीं हो सकती है।

मैं कहना चाहती हूं कि अनुसूचित जाति समाज के लोगों को आजादी के 68 साल बीत जाने के बाद यह लगा कि हमें भी सम्मान चाहिए, हमें भी घर चाहिए, हमें भी रोटी चाहिए, हमें भी व्यवस्था चाहिए तो माननीय नरेन्द्र भाई मोदी जी का इस देश में उदय हुआ।

**18.00 hrs**

जब मोदी जी इस देश का नेतृत्व करने के लिए हर राज्य और हर जिले में तथा गांव-गांव जाते थे तो लोगों से कहते थे कि हमारी सरकार जो होगी वह दलितों की, गरीबों की सरकार होगी। हम जब सरकार में आएंगे तो सब बेघरों को घर देंगे, सबका विकास करेंगे और सबको साथ लेकर चलेंगे। इसीलिए उन्होंने 'सबका साथ सबका विकास' का नारा दिया था। तब चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लोगों ने विश्वास करके वोट दिया, जिसके परिणामस्वरूप केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। चाहे जन-धन योजना हो या बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना हो, इस तरह की कई योजनाओं को शुरू करके उन्होंने हम लोगों को लाभ देने का काम किया है। हमारे प्रधान मंत्री मोदी

जी और मंत्री थावर चंद जी की मैं आभारी हूं, जिन्होंने अनुसूचित जाति का सम्मान करने और उन्हें सुरक्षा देने के बारे में चिंता करके उस पर कार्य करने का प्रयास किया है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं सभापति जी आपको भी धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया और इस विधेयक का समर्थन करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।

**माननीय सभापति :** अभी छः बज रहे हैं, इस बिल पर तीन-चार और सदस्यों को बोलना है, फिर मंत्री जी जवाब देंगे। उसके बाद हम शून्य काल लेंगे। अगर सदन की अनुमति हो तो सदन का समय एक घंटा बढ़ा दिया जाए।

**कई माननीय सदस्य:** ठीक है।

**श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) :** माननीय सभापति जी, हमारे कई साथियों ने हमारे देश में अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों की जो स्थिति है, उस पर विस्तार से अपनी बातों को रखा है। हमारे मंत्री थावर चंद जी जो विधेयक यहां लाए हैं, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। बहुत सारी घटनाओं को बताते हुए कई वक्ताओं ने अपनी बातों को कहा है। लेकिन इन सारी बातों के साथ-साथ हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत एक बहुत बड़ा देश है। यहां पर विभिन्न प्रकार की संस्कृति, आध्यात्मिकता और सामाजिक स्थितियां हैं। जब तक हम समाज की कमजोरियों पर पूरी तरह से विजय प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक हमारा देश आगे नहीं बढ़ सकता।

इस समय जो सरकार है, इस सरकार ने ऐसी बहुत सी चीजों यानि कमजोरियों को चिन्हित किया है, चाहे उत्तर-पूर्व का क्षेत्र हो या जम्मू-कश्मीर का क्षेत्र हो। उसके साथ ही साथ जो हमारे अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग हैं, जो आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और अन्य मामलों में भी पिछड़े हुए हैं, उन्हें देश की मुख्य धारा में लाने की बात इस सरकार ने कही है, क्योंकि यह किसी भी सरकार की जिम्मेदारी होती है। उसी जिम्मेदारी के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण संशोधन विधेयक यहां पेश किया गया है।

कई वक्ताओं ने कई घटनाओं का वर्णन यहां किया है। इन घटनाओं का घटना हमारी मानसिक स्थिति को भी दर्शाता है। मानसिक स्थिति शिक्षा और सामाजिक संस्कारों का पूरी तरह से प्राप्त न होने के कारण प्रभावित होती है। मैं कहना चाहता हूं कि देश में जो भी कानून बनाए जाते हैं, उनमें कुछ न कुछ खामियां रह जाती हैं। इस कमी को दूर करने के लिए ही यह संशोधन विधेयक यहां पेश किया गया है।

ऐसी कई बातें हैं, जिनके द्वारा हम अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को देश की मुख्य धारा में ला सकते हैं, पर जरूरत है प्रयास करने की और कानून को सही ढंग से लागू करने की। हम यह भी नहीं कहते कि कोई परिवर्तन नहीं हुए हैं, आज़ादी के बाद बहुत सारी परिस्थितियों में परिवर्तन आया है। जिसके चलते कई अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग समाज में बड़े-बड़े स्थानों पर बैठे हैं। मैं यह भी चाहूंगा कि क्रिमीलेयर के जो लोग हैं, संविधान और कानून तो अपना काम करेगा ही, लेकिन अनुसूचित जाति के भाइयों में भी जो लोग क्रीमी लेयर में आ चुके हैं, वह आरक्षण का लाभ न लेना और अपने दूसरे भाई जो नीचे हैं, उनको ऊपर लाना, ये सारे प्रयास उन लोगों को करने चाहिए, जिससे ये स्थितियां सुधरेंगी।

मैं अपने क्षेत्र की कुछ बातें यहां रखना चाहता हूं। अभी सावित्री बाई फूले बोल रही थीं। इनका क्षेत्र बहराइच है और मेरा लखीमपुर है। यह क्षेत्र जंगल से घिरा हुआ है। जिसमें बहुत सारे ऐसे गांव हैं, जो

जंगल में बसे हुए हैं। वहां के कुछ लोगों को जनजाति का दर्जा प्राप्त है। लेकिन अभी बहुत सारे ऐसे समाज हैं जो आर्थिक रूप से, शैक्षणिक रूप से और सांस्कृतिक रूप से जनजाति के दायरे में आने चाहिए, लेकिन वे नहीं आ पा रहे हैं। वोठ और गुर्छिया जातियां लखीमपुर और बहराइच में है। मैंने उनके बारे में पूर्व में भी निवेदन किया था। उन जातियों के बारे में भारत सरकार के जनजाति आयोग के समक्ष 19.08.2013 में एक प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया गया था। निदेशक जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को भेजा गया था, अपनी संस्तुति करने के लिए। लेकिन मैं पहले भी कह चुका हूं कि राजनैतिक कारणों से प्रदेशों की सरकारें ऐसी संस्तुतियां नहीं करती हैं, वह केवल राजनैतिक लाभ के लिए ही संस्तुतियां करती हैं। मेरा आपसे यह निवेदन है कि कानून में यह संशोधन किया जाए कि ऐसी जितनी भी जातियां हैं जो आर्थिक और शैक्षिक रूप से जनजाति के दायरे में आने योग्य हैं, अगर प्रदेश की सरकार उनकी संस्तुति नहीं करती है तो भारत सरकार स्वयं संज्ञान लेकर ऐसी जातियों को जनजाति का दर्जा दे, यह मेरा आपसे निवेदन है। उसके साथ-साथ मेरा आपसे यह भी निवेदन है कि मुझे अभी-अभी व्हट्स-एप के द्वारा सूचना मिली है जो मेरे जिले संबंधित है और जनजाति के लोगों से संबंधित है। इसमें मुझे यह मिला है कि जंगल से हटाए जांएगे 1899 घर। यह हो रहा है। लखीमपुर जिले में ऐसे 5-6 गांव हैं, सूरमा और कांपटांडा जैसे कुछ गांव हैं, जहां थारू जनजाति के लोग रह रहे हैं। उनको वहां से विस्थापित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने यह तय किया है कि वहां से बाहर जमीन खरीद कर उन जनजाति के लोगों को अपने गांवों से, जहां वह पचासों सालों से रह रहे थे, उनको हटाने का काम किया जा रहा है। इसके साथ मैं अपने क्षेत्र के गांव कांपटांडा की ओर ले जाना चाहता हूं। जहां जंगल का क्षेत्र होने के कारण जंगल के अधिकारी कोई भी विकास का काम नहीं होने दे रहे हैं। सड़के, बिजली और पीने का साफ पानी नहीं है। हद तो यह है कि उनके यहां अगर कोई शादी ब्याह होता है तो बारात जाने के लिए उनको गाड़ी भी ले जाने नहीं देते हैं। गाड़ी ले जाने के लिए 1600 रुपये उनसे लिया जाता है। मेरा आपसे निवेदन है कि संशोधन करके वोठ, गुर्छिया जैसी जातियां जो मेरे जिले की हैं। कांपटांडा और सूरमा जो गांव हैं, उनको राजस्व गांव का दर्जा दिया जाए और राजस्व गांव का दर्जा देकर जो विकास कार्य हो सकते हैं, उन कामों को करने का काम किया जाए।

इसके अलावा मैं माननीय मंत्री जी से एक विशेष अनुरोध करना चाहता हूं कि हमारा जो जंगल का क्षेत्र है, वहां बहुत सारे अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग रहते हैं। रेलवे का ब्रॉड गैज कनवर्जन का एक बड़ा काम होने जा रहा है। मैलानी और बहराइच स्टेशन के बीच एक बड़ा जंगल का क्षेत्र है। लेकिन वन विभाग के द्वारा एनओसी न देने के कारण वहां रेल लाइन का ब्रॉड गैज में कनवर्जन नहीं हो पा रहा है, जिससे रेल की यात्रा धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी। मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि अगर हम ऐसी

जातियों को समाज की मुख्य धारा में लाना चाहते हैं तो उनको शिक्षा और परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। इसमें माननीय मंत्री जी हस्तक्षेप करेंगे तो निश्चित रूप से हम लोगों को इसका परिणाम मिलेगा। मेरा आपसे पुनः निवेदन है कि विधेयक में संशोधन करके ऐसी जातियों को जो पात्रता रखती हैं, लेकिन उनको अनुसूचित जाति और जनजाति का दर्जा नहीं मिल पा रहा है, उनके लिए भारत सरकार सीधे-सीधे संज्ञान ले और वोठ और गुर्छिया जाति को जनजाति का दर्जा दे।

DR. RAVINDRA BABU (AMALAPURAM): Sir, I thank you for giving me this opportunity. It is such an important Bill. It is very unfortunate that even now in India when we are talking about computers, super conduction, bullet trains and airports; we are still talking about atrocities. What are these atrocities? Why are these atrocities there on Scheduled Castes and Scheduled Tribes? What is their fault? Are they not human beings? Are they not born to their mother and father? Are they born with any other animal? Why are they ill-treated? Why are they being killed, raped and discriminated? This is not the solution. Any Act will never offer any solution. This will never end as long as we do not diagnose the disease. The disease is the deep-seated prejudice in the minds of the people. Caste is such a peculiar thing that it is available only in India. It is not available anywhere in the world. कास्ट सिस्टम कहीं भी नहीं है। पता नहीं अपने देश में यह कैंसर कैसे आ गया है, यह कैंसर कौन लेकर आया है, इस कैंसर को कैसे खत्म करना है, इसका इलाज कैसे करना है। एट्रोसिटीज एक्ट की वजह से इस कैंसर का निर्मूलन कभी नहीं हो सकता। कैंसर नहीं आना चाहिए, लेकिन आने के बाद जो एक्ट लाया जा रहा है, यह इसका ट्रीटमैन्ट है। लेकिन बार-बार यह कैंसर क्यों आ रहा है। Why this cancer is affecting the body of Indian polity? It is because there is a deep-seated prejudice in the minds of the people. Therefore Dr. Ambedkar said that political freedom is meaningless unless you get social freedom, unless the people of India feel proud of being Indian. I should feel that I belong to India. I should not feel that I belong to a Dalit caste. I should not feel ashamed of my caste or my birth. It is the birth which determines the caste, not the profession.

Sir, there is apartheid in South Africa where there is racial discrimination against which Gandhiji fought. In America also, there are blacks who are racially discriminated. We can understand this because they are discriminated on the basis of colour of their skin or their profession. But here, all Indians look the same. Still, we discriminate on the ground of caste because one is born in a Scheduled Caste family and not because of any fault.

There is reservation provided to Scheduled Castes and Scheduled Tribes. The reservation should be made an Act. Atrocities Act is on one side, but reservation should be made an Act. We are thankful to the Government, we are thankful to the Indian system. People are so gracious that they have allowed the Scheduled Castes and Scheduled Tribes by giving them some reservation at the entry level allowing five years relaxation. I earnestly urge the Government of India to give five years extension to Scheduled Castes and Scheduled Tribes at the time of retirement also so that all officers belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes may be available to become empanelled as Secretary level officers. My colleague already said that there are no judges from Scheduled Castes and Scheduled Tribes in High Courts or Supreme Court because the entry is very late. Therefore five years extension should be given for retirement. Thank you.

**श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) :** सभापति महोदय, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण संशोधन विधेयक, 2014 पर अपना मत रखते हुए मैं कहना चाहता हूं कि विशेषकर जब हमारे देश का संविधान बना तो देश में जो पिछड़ी जातियां थीं, उन पिछड़ी जातियों को मुख्य धारा में लाने के लिए जो आरक्षण की व्यवस्था निर्माण की गई थी, पिछले 68 सालों में आज भी वे जातियां मुख्य धारा में नहीं आईं और उसी का परिणाम है कि हम लोगों को पिछड़ी जातियों को न्याय देने के लिए कड़ा से कड़ा कानून बनाने का काम करना पड़ता है, ऐसा प्रावधान लाना पड़ता है।

महोदय, आर्टिकल 340, 341 और 342 इन तीनों आर्टिकल से पिछड़ी जातियों को एजूकेशनली और फाइनेंशियली मुख्य धारा में लाने की व्यवस्था की गई। परंतु क्या इतने सालों में आज भी संविधान की उस धारा के आधार पर ये जातियां मुख्य प्रवाह में आई हैं? मैं सरकार से सवाल करना चाहता हूं कि इतने सालों में डा.बाबासाहेब अम्बेडकर ने जो संविधान बनाया, उसका उपयोग पिछड़ी जातियों के उत्थान में नहीं हुआ और उसके परिणामस्वरूप एट्रोसिटीज जैसे कानून को लाना पड़ता है। आज जो पिछड़ी जातियां हैं, उनमें शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्स, ओबीसी, डीएनटी आदि जातियां, जो समूहों में रहती हैं, उन समूहों को आपस में लड़ाया जाता है। आज यहां कई माननीय सदस्यों ने कहा कि एट्रोसिटीज एक्ट का मिसयूज किया जाता है। आज भी देश में जिनती एट्रोसिटीज़ के गुनाह दाखिल हुए थे, उसमें से कितनों को

हमने शिक्षा दी? उसमें से अगर एवरेज़ में देखा जाए तो 95% लोग बेगुनाह निकले। सभापति महोदय, जिन लोगों पर गुनाह दाखिल किया गया, वह नॉन-बेलेबल ऑफेंस रहता है। उन लोगों की क्या स्थिति रहती है, उनके ऊपर क्या अन्याय होता है? बाबा साहब अंबेडकर ने कहा था कि सौ लोग होंगे और उसमें 99% प्रतिशत लोग अगर दोषी हैं और एक निर्दोष हो तो एक निर्दोष को सजा नहीं होनी चाहिए। लेकिन इस कानून के माध्यम से हम लोग निर्दोष लोगों के ऊपर गुनाह दाखिल करते हैं। कानून में एक प्रावधान करने की गरज है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय को बताना चाहूंगा कि जो इसका मिसयूज़ किरेगा तो उसके ऊपर भी गुनाह दाखिल करने की व्यवस्था इस कानून में होनी चाहिए। मैं यह मांग यहां पर करता हूँ।

सभापति महोदय, गुनहगार की कोई जात नहीं होती है। उसको हम जात के आधार पर तौलते जाएंगे तो निश्चित रूप से इस कानून का असर नहीं होगा। निश्चित रूप से पिछड़ी जातियों के लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए उस तरह के प्रावधान करने का समय अब आ गया है। हम लोग अगर यह नहीं करेंगे तो हम आपस में लोगों को लड़ाते रहेंगे और उससे हमारा देश टूटता जाएगा। मैं इस बिल के माध्यम से इतना ही कहूँगा कि गलत मिसयूज़ करने वालों पर इसके ऊपर कार्यवाही करने की व्यवस्था, इस कानून के माध्यम से होनी चाहिए। शेड्युल्ड कास्ट, शेड्युल्ड ट्राइब्स और ओबीसी, आज ओबीसी की व्यवस्था क्या हुई है? हम लोग न तो उनको आरक्षण देते हैं, न उसकी एजुकेशन की व्यवस्था का निर्माण करते हैं, न नौकरी में उनका रिज़र्वेशन है, न उनको हम मौका देते हैं और एससी, एसटी और ओबीसी की लड़ाई ग्रामीण और शहरी भागों में देखने को मिलती है। मैं इस माध्यम से इतना ही कहूंगा कि ओबीसी के लिए भी एक कानून बनाया जाए, जिसके माध्यम से उनके एजुकेशन और रिज़र्वेशन की भी सब व्यवस्था वहां निर्माण की जाएं। मैं बताता हूँ कि जिस दिन शेड्युल्ड कास्ट के लोगों को और शेड्युल्ड ट्राईब के लोगों को हम एजुकेशनल मज़बूत करेंगे, उनको मुख्य धारा में लाएंगे तो इस कानून की गरज नहीं पड़ेगी और इसके आधार पर निश्चित रूप से यह व्यवस्था सरकार निर्माण करे। इस कानून में थोड़े संशोधन किए जाएं, और निश्चित रूप से इस कानून का मैं समर्थन करता हूँ और एक अच्छा कानून इस देश में बने, इतनी ही मांग करता हूँ।

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** सभापति महोदय, आदरणीय थावर चंद गहलोत जी के प्रस्ताव का मैं अभिनंदन करती हूँ। वे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अत्याचार के निवारण के लिए जो संशोधन लाए हैं, वे बहुत ही जरूरी संशोधन हैं। आज हम लोग सोचते हैं कि आजादी के बाद क्या हो रहा है। इतने वर्षों के बाद भी इन लोगों पर अत्याचार हो रहा है। इन लोगों पर जिस तरह के कष्ट होते हैं, हम लोग जा कर देखते हैं कि इनको घर का अधिकार नहीं मिलता है, जो अनाज का अधिकार है, वह नहीं मिलता है। इन लोगों को किस तरह दबाया जाता है, आज इन सारी स्थितियों को देखने के लिए मैं खड़ी हूँ। प्रत्येक वर्ग में जो गरीब वर्ग के लोग हैं, वे समझिए कि अनुसूचित जाति और जनजाति की तरह जीवन व्यतीत कर रहे हैं। मैं सभी जाति वर्ग की तुलना इसलिए कह रही हूँ कि अगर किसी वर्ग की महिला आती है, तो उनको नीची दृष्टि से देखा जाता है। उन पर किस तरह की लांछनाएं लगाई जाती हैं और किस तरह दबा कर रखा जाता है। आज मैं सदन में खड़ी हूँ। मैं इसलिए बोलना चाहती हूँ कि कितनी बार मैं इस चीज़ को रखना चाहती हूँ कि चाहे कोई विषय हो, मुझे बोलने का मौका नहीं मिलता है। मैं मुख्य सचेतक जी का अभिनंदन करती हूँ कि कभी-कभी तकलीफ होती है कि अगर बोलने के लिए हम खड़े होते हैं, हम सांसद हैं, हम किसी को सांस देने के लिए आए हैं, सांस छीनने के लिए नहीं आए हैं। हम अंदर की भावना को रखने के लिए आए हैं। जब हम नहीं रखेंगे, जब हम नहीं बोल पाएंगे तो यहां पर बैठ कर हम क्या करेंगे? हम जिस परिस्थिति को झेलते हैं, उससे बड़ी तकलीफ होती है।

सावित्री बाई फूले ने बहुत सारी बातों को रखा है, जिनमें बिहार और यूपी की परिस्थिति दर्शायी है, मैं उनको दिल से स्वीकार करती हूँ। आज बिहार में क्या परिस्थिति है, वहाँ किस तरह लोग जी रहे हैं, यह भी हमने देखा है। कांग्रेस पार्टी की जो पिछली सरकार थी, उसने कैसे लोगों को जीवित रखा, उसने किस तरह से दलितों को छोटा-छोटा उपहार देकर उसका वोट लेने का काम किया और उसे गरीब रखने का काम किया। आज जो परिस्थिति है, जहाँ तक भी हम देखते हैं, किसानों की भी बुरी हालत हो गई है। हमारे अनुसूचित जाति, जनजाति के लोग जब खेतों में काम करने जाते हैं तो उनके साथ कैसा व्यवहार होता है, यह भी हमने देखा है। किस तरीके से उनके अधिकारों को छीनने का काम होता है। हम चाहते हैं कि हमारी महिलाओं के साथ जो अन्याय हो रहा है, जनजातियों के साथ जो अन्याय हो रहा है, उन्हें न्याय मिले। परिस्थिति ऐसी आती है कि केस होता है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं होती है। बहुत देर हो जाती है, समझ में नहीं आता है कि हम कहाँ तक किस बात को कहें? हमारे ऊपर भी हरिजन एक्ट लगाया गया। ऐसी स्थिति को सांसद होते हुए भी मुझे झेलना पड़ा। आज की परिस्थिति को देखते हुए, मैं धन्यवाद देना चाहती हूँ मंत्री जी को कि वे इसे लाए हैं, इसका निवारण करने के लिए इसे लाए हैं, उस चीज को करने

के लिए आगे बढ़ें। बाबा भीमराव अंबेडकर जी ने जो कानून बनाया, उनके बनाये कानून के तहत ही हम लोग यहाँ खड़े हैं। अगर वे कानून नहीं बनाते तो हमें यहाँ खड़े होने का अधिकार नहीं होता। जिस परिस्थिति से हम लोग लड़ाई लड़े हैं, हम कहना चाहेंगे-

"मजबूर की मजबूरियों को सोचकर देखो और प्रेम की इन झोपड़ियों को बीच में खोजकर देखो,

अगर इंसानियत को फिर से धरती पर बुलाते हो, किसी रोते हुए के आंसू को पोछकर देखो।"

तब जाकर यह नियम कानून आपका बरकरार रहेगा। नियम बनते रहेंगे, उसका पालन अगर नहीं होता है, तो रमा देवी ऐसी आग में तड़पती रहती है, बोलती रहती है, लेकिन असर नहीं पड़ता है। हम चाहते हैं कि दुरूपयोग होने वाले जितने एक्ट हैं, जो आदमी गलत केस करते हैं, उन पर भी केस हो, जाँच सही हो, नहीं तो आज जो बिहार सरकार में हो रहा है, उससे हम लोग बहुत पीड़ित हैं। हम लोग सोचते हैं कि क्या हो रहा है, कैसे हो रहा है? जब हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी आए, गरीबों को, पिछड़ों को, दलितों को, आदिवासियों को जो हिम्मत मिली है, उनको लगता है कि उनका अधिकार वापस आएगा, इसीलिए हमेंइतने बहुमत के साथ सरकार बनाने का मौका मिला है। आज जो लोग चिल्ला रहे हैं कि इनका अधिकार कैसे मिल जाएगा और अच्छे दिन कैसे आ जाएंगे? अच्छे दिन नहीं आए, ऐसा बोलकर इन पार्टियों ने, कांग्रेस पार्टी एक हल्ला बोलकर तमाशा बनाए हुए है और इतने दिनों से सदन को नहीं चलने दे रही है। हम समझते हैं कि करोड़ों रूपए प्रतिदिन खर्च होते हैं। जिस स्थिति में हमें अच्छे दिन लाने हैं, जो अनुसूचित जनजाति हैं, अनुसूचित जाति हैं, दलित हैं, आदिवासी हैं, उनके अच्छे दिन आएं, उनको पीने का पानी मिले, उनको जनवितरण की दुकान से अनाज सही मिले, उनका जो घर बनने का काम है, वह हो और जो एपीएल, बीपीएल की गड़बड़ियां हैं, उसे ठीक करने का मौका मिले। अब बिहार सरकार देखती है कि किसी तरह से वोट ले लें और दलित, महादलित करके वोट को बाँटते हैं। हम लोग तो जानते भी नहीं हैं कि कौन-कौन जाति का है और वहाँ जाति की प्रथा बहुत जड़ पकड़े हुई है। वहीं नहीं हर जगह ऐसा है और वो लोग चाहते हैं कि ये लोग इसी तरह से गरीब बने रहें।

**माननीय सभापति :** कृपया, कंक्ल्यूड कीजिए।

**श्रीमती रमा देवी :** मैं कंक्ल्यूड कर रही हूँ। मुझे बोलने का बहुत कम समय मिलता है। मैं एक शायरी कहकर अपनी बात समाप्त करूँगी।

"कि आंधियों को जिद है जहाँ बिजलियाँ गिराने की,
मुझे भी जिद है वहीं आशियां बनाने की।।

हिम्मत और हौसला बुलंद है, मैं खड़ी हूँ, अभी गिरी नहीं हूँ, अभी बाकी है और मैं हारी भी नहीं हूँ, इसलिए मैं उस काम को करने आई हूँ, करके जाऊंगी, चाहे कितनी भी बाधाएं आएंगी, कितना भी संघर्ष करना

पड़ेगा, मैं संघर्ष करूंगी और उस स्थान पर पहुँचाऊंगी जिन्होंने बहुत वर्षों से पीड़ा झेली है, बहुत वर्षों से उनका अधिकार छीना गया है। मैं चाहती हूँ कि मैं उस चीज को स्थापित करके जाऊँ। इसी के साथ बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिन्द, जय भारत।

**डॉ. यशवंत सिंह (नगीना):** माननीय सभापति जी, मैं माननीय मंत्री जी को इस संशोधन विधेयक को लाने के लिए बधाई देता हूँ। महोदय, आज मुझे पहली बार बोलने का मौका मिला है, इसलिए मुझे पाँच मिनट के बजाय छः-सात मिनट दे दिए जाएँ, मैं छः-सात मिनट में अपनी बात पूरी करूँगा। ...(व्यवधान)

महोदय, 1947 से पहले जो आज़ादी की लड़ाई हुई थी, जहाँ पूरा देश आज़ादी की लड़ाई लड़ रहा था, तो कुछ लोग असमानता से आज़ादी की लड़ाई लड़ रहे थे। परम पूजनीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने कहा था कि मैं उन सबकी लड़ाई लड़ रहा हूँ, जो न सिर्फ गुलाम हैं, बल्कि गुलामों के द्वारा भी गुलाम बनाए जाते हैं। इस देश की बड़ी विचित्र सी स्थिति है। जो व्यक्ति यहाँ पर ज्यादा से ज्यादा काम करता है, कष्टकारी और दुर्गन्ध वाला काम करता है, उसको सबसे कम वेतन मिलता है। एक सफाई कर्मचारी जो सुबह चार बजे से शुरू हो जाता है और सबसे अधिक मेहनत करता है, दुर्गन्ध के बीच रहता है, उसे स्थायी नौकरी नहीं मिलती। ठेका प्रथा में उसके सभी अधिकारों का हनन कर लिया जाता है। सरकार भी उसके बच्चों का ख्याल नहीं रखती। अगर बीमार हो जाए तो चिकित्सा सुविधाएँ भी उसको नहीं मिल पातीं। लेकिन जो व्यक्ति बड़े-बड़े पदों पर सरकारी नौकरियों में हैं, उनके परिवार वालों को भी मुफ्त चिकित्सा सुविधाएँ मुहैया कराई जाती हैं। एक मज़दूर जो सारे दिन मेहनत करके बड़ी-बड़ी बिल्डिंग्ज़ बनाता है, अपनी जान का जोखिम उठाता है, उस व्यक्ति को इस देश में सिर ढकने के लिए एक छत नहीं मिल पाती। जो लोग खाना नहीं खा पाते, उन्हें ड्राई फ्रूट्स का नाश्ता इस देश में मिलता है। लेकिन जो भूखा है, उसे इस देश में दो जून की रोटी तक प्राप्त नहीं हो पाती। यहाँ पर मंदिरों में भगवान को छप्पन भोग लगाए जाते हैं, टनों दूध से उन मूर्तियों को नहलाया जाता है पर मंदिर के सामने बैठा हुआ गरीब और दलित भूख के मारे दम तोड़ देता है। बड़ी विचित्र स्थिति इस देश की है। दलित इन सब पीड़ाओं को रोज़ सहन करता है। इसका मतलब यह नहीं कि दलित समाज के पास बुद्धि की की कमी है, इसका मतलब यह भी नहीं कि दलित समाज के लोगों के पास किसी क्षमता की कमी है। अगर कमी है तो इस देश के सभ्य समाज के द्वारा उनके अधिकारों के हनन के द्वारा उत्पन्न होने वाली स्थिति से उनके पास संसाधनों की कमी है।

महोदय, अगर हम देखें तो दलित समाज, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से बड़ा शायद ही कोई बिल्डर इस देश में होगा, शायद ही कोई बड़ा उद्योगपति इस देश में होगा, शायद ही कोई बड़ी शिक्षण संस्था का मालिक इस देश में होगा, शायद ही कोई बड़ा ठेकेदार इस देश में होगा और इस देश के उन 9000 परिवारों में से जो इस देश की 70 प्रतिशत संपत्ति पर अपना अधिकार रखते हैं, अनुसूचित जाति का एक भी व्यक्ति नहीं होता। यह सब दलितों को उनके अधिकार न मिलने के कारण है। महोदय, ऐसा नहीं कि अनुसूचित जाति या जनजाति का व्यक्ति अपने आपको आगे बढ़ाना नहीं चाहता, परंतु उसके साथ

कदम-कदम पर अन्याय होता है, उसके अधिकारों का हनन होता है, उसे गरीब बनाए रखने के लिए षड्यंत्र रचे जाते हैं चाहे वह सरकारी स्तर पर हों या सामाजिक स्तर पर। उदाहरण के तौर पर अगर हम बैंकों के द्वारा लोन देने वाली प्रक्रिया को देखें तो बैंकों द्वारा दिए जाने वाले लोन का 0.04 परसेंट से भी कम इस समाज के लोगों को दिया जाता है। तरह-तरह के बहाने बनाकर इस समाज के लोगों को लोन से वंचित रखा जाता है जिससे वे अपने उद्योग स्थापित नहीं कर पाते। ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बनाई जाती कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को कोई अलग योजना बनाकर बड़े उद्योग स्थापित करने के लिए लोन की सुविधा दिलाई जाए।

महोदय, यहाँ मुझे यह कहते हुए गुरेज़ नहीं कि सरकार की नीतियाँ अभी तक दलितों के पक्ष में नहीं रही हैं। जो भी योजनाएँ चलाई गई हैं, उनका स्वरूप ऐसा रखा गया है कि उनमें भ्रष्टाचार पूरी तरह से घर कर गया है। आज चाहे प्राइवेट शिक्षण प्रणाली के कारण सरकारी स्कूल सिर्फ एस.सी. एस.टी. के संस्थान बनकर रह गये हैं, जिसके कारण वहां पढ़ाने वालों की रुचि समाप्त हो गई है और वहां का शिक्षा का स्तर निरन्तर गिरता चला जा रहा है। प्राइवेट कम्पनियों में भी जो नौकरियां दी जाती हैं, उनमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों का रिप्रेजेण्टेशन बहुत कम है, क्योंकि, उसमें तो नाम के आगे और नाम के पीछे लगने वाले सरनेम को देख कर ही रोजगार दिया जाता है।

मैं यहां भी कहना चाहता हूं कि सरकारी नौकरियों में जो अभी तक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की नौकरियों का जो आरक्षण नहीं भरा गया है, यह भी एक साजिश के तहत है। इसको भी एट्रोसिटीज़ के अन्दर लाना जरूरी है कि जो नोट सुटेबल बताकर लोगों को सरकारी नौकरियों का रिप्रेजेण्टेशन न देकर वंचित रखा जाता है, इसको भी एट्रोसिटीज़ एक्ट के अन्तर्गत लाना बहुत जरूरी है। हम दलित एवं पिछड़े समाज के लोग बहुत मजबूत मिट्टी के बने हुए हैं, जो हर कष्ट सहन कर लेते हैं, परन्तु दिल तो जब दुखता है, जब हमारे बराबरी के सामाजिक अधिकारों का हनन होता है। उदाहरण के तौर पर मध्य प्रदेश में एक दलित महिला को इसलिए बुरी तरह से पीटा जाता है, क्योंकि उसकी परछाई दबंगों के ऊपर पड़ जाती है। पुलिस रिपोर्ट नहीं लिखी जाती। महाराष्ट्र में दलितों को मजबूरन गांव छोड़कर जाने के लिए विवश कर दिया जाता है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ...(व्यवधान)

**श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) :** पाइंट ऑफ ऑर्डर। अगर यह बात गलत है तो मैं कार्रवाई से निकलवाने के लिए कहता हूं, लेकिन मैं इनको प्रूफ दूंगा। आपसे बाद में बात करूंगा।...(व्यवधान) मैं आपके साथ खड़ा होकर बात करूंगा कि किसको बाहर निकाला, बताओ।

**डॉ. यशवंत सिंह :** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के गाने की रिंगटोन मोबाइल पर लगाने पर दलित को पीट-पीट कर मार दिया जाता है। ऐसी एक घटना नहीं, ऐसी बहुत सारी घटनाएं हैं, जिसमें दलित महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया जाता है।

**माननीय सभापति :** ऐसी घटनाएं बहुत आई हैं, अभी बन्द करो।

**डॉ. यशवंत सिंह :** महोदय, हद तो तब हो जाती है, जब माननीय न्यायालय द्वारा भी बिहार में रणवीर सेना द्वारा मारे गये 23 लोगों के हत्यारों को बरी कर दिया जाता है और यह इसलिए किया जाता है, क्योंकि, कोई गवाह नहीं मिलता। …(व्यवधान)

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (श्री थावर चंद गहलोत) :** माननीय सभापति महोदय, अभी तक 14 माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं। मैं आभारी हूं, आदरणीय वीरेन्द्र कश्यप जी का, डॉ. गोपाल जी का, बलभद्र जी का, मलायाद्री जी का, वी.रामा प्रसाद जी का, रतन लाल कटारिया जी का, अभिजीत जी का, किरीट सोलंकी जी का, साध्वी सावित्री जी का, अजय मिश्रा जी का, पी.वी. रविन्द्रन जी का, नाना पटोले जी का, रमादेवी जी का, अरविन्द सावन्त जी का और डॉ. यशवन्त सिंह जी का। मैं बहुत ज्यादा कुछ कहने की आवश्यकता महसूस नहीं करता हूं, जो कुछ बिन्दु आये हैं, उनके बारे में संक्षिप्त में अपनी बात कहूंगा। सरकार ने पिछले एक वर्ष में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगों के साथ जो अत्याचार होते हैं, बहुत सारी घटनाएं होती हैं, वे नहीं हों, इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर के एक नहीं, अनेक प्रयास किये हैं। जैसे हाथ से मैला ढोने वाली प्रथा को पूरी तरह से समाप्त करने का एक एक्ट लागू किया है और उस एक्ट पर अमल कर दिया है। हमें जैसे ही पता लगता है कि हाथ से मैला ढोने वाली प्रथा के अन्तर्गत कोई सफाई कर्मचारी काम में लगा है, उसको उससे मुक्त कराते हैं। चालीस हजार रुपये एकमुश्त उसको आर्थिक सहायता देते हैं और 6 महीने की ट्रेनिंग देते हैं। ट्रेनिंग के दौरान उनको मानदेय भी देते हैं और ट्रेनिंग के बाद में स्वावलम्बी बनाने की दृष्टि से अनुसूचित जाति सफाई कर्मचारी वित्त विकास निगम की ओर से सस्ते ब्याज पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराते हैं। पहले जो लोग परमानेंट थे, उनको काम पर रखने की भी हम कार्रवाई करते हैं। जो महिलाएं सफाई कर्मचारी के परिवार से संबंधित हैं, ऐसी 250 महिलाओं को कॉमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस देने की दृष्टि से मोटर मैकेनिक और ड्राइविंग का काम सिखाने के लिए हमने एक कैम्प आयोजित किया है। वह तीन महीने से चल रहा है। अगर माननीय सदस्यगण वहां जाकर उसे देखेंगे तो निश्चित रूप से उन्हें खुशी होगी। कुल मिलाकर, पहले जो अन्याय, अत्याचार होता था, उसको परिवर्तित करके ठीक करने की दिशा में यह कदम है। लोगों की मानसिक परिस्थिति और मानसिकता को परिवर्तित करके 'हम सब एक हैं' ऐसा भाव, और सबके प्रति हमारा जो कर्तव्य बोध है, उसका अहसास कराने की दृष्टि से अम्बेडकर जी की 125वीं वर्षगांठ को साल भर मनाने की दृष्टि से हमने एक कार्य-योजना बनाई है।

देश के माननीय प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया है। यह स्वच्छता अभियान निश्चित रूप से सफाई कर्मचारियों के हित संरक्षण की दृष्टि से उपयोगी है।

कुछ माननीय सदस्यों ने कहा है कि असत्य प्रकरण दर्ज कराने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। भारत की जो दंड प्रक्रिया संहिता है, उसमें आई.पी.सी. की अनेक ऐसी धाराएं हैं कि अगर कोई गलत शिकायत करता है तो उसके खिलाफ न्यायालय को कार्रवाई करने का अधिकार है और अनेक

अवसरों पर इस प्रकार की कार्रवाई हुई भी है। इसलिए इसके लिए अलग-से कुछ संशोधन लाने की या इसके लिए अलग-से कुछ प्रयास करने की आवश्यकता मैं महसूस नहीं करता हूं।

महोदय, यहां रिक्त आरक्षित पदों की भी बात आई है। भारत सरकार ने यह निर्णय लिया है और इसके लिए एक कमेटी भी बनी है कि जितने भी आरक्षित पद रिक्त हैं, उसके लिए विशेष अभियान चलाकर उन्हें भरने की कार्रवाई की जाएगी।

महोदय, विशेष थाने और विशेष न्यायालय स्थापित करने की भी बात आई है। वर्तमान में जो प्रोवीजन है, उसमें ऑलरेडी यह प्रावधान है। वर्ष 1995 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम से संबंधित जो कानून बने थे, उसमें इसका उल्लेख है। जहां तक विशेष न्यायालय बनाने की बात है तो आज भी इसके लिए प्रावधान है। संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय के यहां आवेदन करने पर, उनसे अनुरोध करने पर वे विशेष न्यायालय की अनुमति देते हैं। विशेषकर, प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला मुख्यालयों पर अलग-से विशेष न्यायालय स्थापित किए जाते हैं और वकील की भी सहायता दी जाती है। इस प्रकार, कुल मिलाकर पहले से ही बहुत सारे प्रावधान विद्यमान हैं। अभी यह जो हम बिल लाए हैं, इसमें भी हमने बहुत सारे प्रावधान किए हैं।

महोदय, हम जो-जो प्रावधान इस कानून में जोड़ रहे हैं, मैं सोचता हूं कि इस बिल के पास होने के बाद उस कानून का युक्तियुक्तकरण भी हो जाएगा। इसके लिए उचित प्रावधान होने के कारण कुछ अंकुश इससे भी लगेगा। लोगों की मानसिकता को परिवर्तित करके अमन-चैन का वातावरण बनाने की दृष्टि से हम सब एक परिवार के सदस्य हैं, और परिवार के सदस्य के रूप में दूसरे परिवार के सदस्य के प्रति हमारा जो कर्तव्य-बोध है, उसका अहसास कराने की दृष्टि से भी हमने अनेक कार्य-योजनाएं बनाई हैं। हम उन सब कार्य-योजनाओं पर अमल करने का काम कर रहे हैं।

महोदय, मैं इससे ज्यादा कुछ कहूं, इसकी आवश्यकता मैं महसूस नहीं करता हूं। मैं माननीय सदस्यों से अनुरोध करना चाहूंगा कि इस विधेयक को पारित करने में अपना योगदान दें।

HON. CHAIRPERSON : The question is:

> "That the Bill to amend the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

HON. CHAIRPERSON: Now, the House will take up clause-by-clause consideration of the Bill.

The question is:

> "That clause 2 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 2 was added to the Bill.*

**Clause 3 Amendment of Section 2**

HON. CHAIRPERSON: Now, Dr. A. Sampath to move the amendment Nos. 30 and 31. He is not present.

Shri N.K. Premachandran to move amendment Nos. 38 and 39. He is not present.

The question is:

"That clause 3 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 3 was added to the Bill.*

**Clause 4 Amendment of Section 3**

HON. CHAIRPERSON: Shri Adhir Ranjan Chowdhury to move Amendment No.3. He is not present.

Shri B. Vinod Kumar to move Amendment Nos. 12, 13 and 14. He is not present.

Shri Jitendra Chaudhury to move Amendment No. 28. He is not present.
Dr. A. Sampath to move Amendment Nos. 32 and 33. He is not present.
Shri Balabhadra Majhi to move Amendment No. 35. He is not present.
Shri N.K. Premachandran to move Amendment No.40. He is not present.

The question is:

"That clause 4 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 4 was added to the Bill.*

**Clause 5 Substitution of new Section for Section 4**

HON. CHAIRPERSON: Shri B. Vinod Kumar to move Amendment No.15. He is not present.

Dr. Shashi tharoor to move Amendment Nos. 18 and 19. He is not present.
Shri Balabhadra Majhi to move Amendment No. 36. He is not present.
Shri N.K. Premachandran to move Amendment No.41. He is not present.

The question is:

"That clause 5 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 5 was added to the Bill.*

*Clauses 6 and 7 were added to the Bill.*

**Clause 8 Substitution of new Section for Section 14**

HON. CHAIRPERSON: Shri Rabindra Kumar Jena to move Amendment Nos. 10 and 11. He is not present.

Shri B. Vinod Kumar to move Amendment Nos. 16 and 17. He is not present.

Dr. Shashi Tharoor to move Amendment Nos.20 and 21. He is not present.

Shri Balabhadra Majhi to move Amendment Nos. 37 and 46. He is not present.

The question is:

That Clause 8 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 8 was added to the Bill.*

*Clause 9 was added to the Bill.*

**Clause 10 Substitution of new Section for Section 15**

HON. CHAIRPERSON: Dr. Shashi Tharoor to move Amendment No.22. He is not present.

Dr. A. Sampath to move Amendment No.34. He is not present.

Shri N.K. Premachandran to move Amendment No.42. He is not present.

The question is:

"That clause 10 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 10 was added to the Bill.*

**Clause 11 Insertion of new Chapter IV A**

HON. CHAIRPERSON: Shri Jitendra Chaudhury to move Amendment No.29. He is not present.

Shri N.K. Premachandran to move Amendment Nos. 43, 44 and 45. He is not present.

Shri Balabhadra Majhi to move Amendment No. 47. Are you moving your amendment? He is not moving.

The question is:

"That clause 11 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 11 was added to the Bill.*

*Clause 12 was added to the Bill.*

**Clause 13 Ordinance 1 of 2014**

HON. CHAIRPERSON: Shri Adhir Ranjan Chowdhury to move Amendment Nos. 4 and 5. He is not present.

The question is:

"That clause 13 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 13 was added to the Bill.*

**Clause 1 Short title and commencement**

HON. CHAIRPERSON: Hon. Minister, to move amendment No.2.

<u>संशोधन किया गया :</u>

"कि पृष्ठ 1, पंक्ति 3, में "2014" के स्थान पर "2015" प्रतिस्थापित किया जाए। (2)

(श्री थावर चंद गहलोत)

HON. CHAIRPERSON: The question is:

"That Clause 1, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 1, as amended, was added to the Bill.*

**Enacting Formula**

HON. CHAIRPERSON: Hon. Minister, to move amendment No.1.

संशोधन किया गया :

"कि पृष्ठ 1, पंक्ति 1, में "पैसठवें" के स्थान पर " छियासठवें" प्रतिस्थापित किया जाए।" (1)

(श्री थावर चंद गहलोत)

HON. CHAIRPERSON: The question is:

"That Enacting Formula, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.*

*The Title was added to the Bill.*

HON. CHAIRPERSON: The Minister may now move that the Bill, as amended, be passed.

**श्री थावर चंद गहलोत :** मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को संशोधित रूप में पारित किया जाये।"

HON. CHAIRPERSON: The question is:

"That the Bill, as amended, be passed."

*The motion was adopted.*

---

HON. CHAIRPERSON : Now, we take up `Zero Hour'. Each Member would get two minutes to speak.

SHRI NAGENDRA KUMAR PRADHAN (SAMBALPUR): Mr. Chairman, Sir, I want to draw your kind attention to the fact that the All India Railway Engineers Federation (AIREF) representing around 80,000 Junior Engineers and Senior Section of Indian Railways has been working for safe movement of millions passengers daily. The AIREF, keeping in view nature of duties, responsibilities, mode of recruitment, training, promotion, service status, etc. of its engineers has been demanding since long for recognition in order to represent their problems appropriately. In this regard, the Railway Safety Review Committees (Khanna, Wanchoo Committees, etc.) have recommended separate platform. As the Engineers are coming under the supervisory category, they should not be clubbed with the labour unions of Railways similar to Defence Ministry, etc. Hence, I would like to urge upon the Government to look into the matter and accord the status of separate federation for railway engineers like RPF, Group `C' and Group `D' Associations of Railway Board to represent their grievance in view of betterment of Railways safety and economy.

SHRIMATI K. MARAGATHAM (KANCHEEPURAM): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity to raise a matter of urgent public importance.

Neyveli Lignite Corporation, a Government of India enterprise, is a mining and power generating company which provides water to Chennai. It is in the news recently due to its disinvestment plans and indefinite strike by its 27,000 employees. Neyveli Lignite Corporation is one of the main sources of power for Tamil Nadu as it gets 1,450 MW of power. Around 12,000 workers of Neyveli Lignite Corporation are on indefinite strike from 20$^{th}$ July, 2015 demanding higher wages. Though they have been given interim relief, their wage settlement is due from 1$^{st}$ January, 2012. So far no decision has been taken on this issue. If this

strike continues, it may harm the industries and power crisis may occur in Tamil Nadu.

Our beloved leader and hon. Chief Minister of Tamil Nadu Dr. *Puratchi Thalaivi Amma* has sought the intervention of the hon. Prime Minister regarding the grievances of NLC workers. *Amma* has also requested the Prime Minister to instruct the Coal Ministry to hold talks with the management of NLC and trade unions to end the strike at the earliest in the better interests of Tamil Nadu. So I would request the Government to take immediate action in this regard.

SHRI KARADI SANGANNA AMARAPPA (KOPPAL): Mr. Chairman, Sir, I would like to draw the attention of the Government on the establishment of Divisional Post Office and Sorting Office at Koppal as well as construction of own buildings to Post Offices in my constituency.

Sir, in the year 1997-98, the Government of Karnataka declared seven new districts including Koppal. Now all the newly declared districts except Koppal are having their own Divisional Post Office and Sorting Office. Due to this, the people of Koppal are facing a lot of problems due to the long distance between Gadag and Koppal. Now Koppal is connected to Gadag Divisional Office for all administrative works. It is very difficult for the public and employees of Post Office to get the service from Gadag Divisional Office which is nearly at a distance of 100 kms.

Another issue is relating to the construction of own buildings for Post Offices in Karnataka, especially in Koppal district. There are 271 Post Offices in my constituency. Out of 271, only 11 Post Offices are having their own buildings and the remaining are functioning from rented buildings while the Government can construct their own buildings to avoid paying rent. Due to non construction of own buildings, the Department of Posts is paying a huge amount every month as rent for these buildings.

So, I would request the hon. Minister of Communications to look into the matter and do the needful to have a Divisional Post Office and Sorting Office at

Koppal by which people can do their work easily and avoid traveling a distance of 100 kms. I would also request the Minister to draw a plan by which all the Post Offices could be shifted to their own buildings thereby the Government of India can save a lot of money being paid as rent to these buildings now.

**श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से झारखंड के एक महत्वपूर्ण राजनीतिक विषय को यहां शून्यकाल के माध्यम से उठाना चाहता हूं। जैसे आप जानते हैं, बिहार राज्य से 15 नवम्बर, 2000 को 81 विधान सभा के साथ झारखंड राज्य बनाया गया था। झारखंड की भौगोलिक संरचना एक पहाड़ी क्षेत्र की है। साथ ही जनसंख्या का घनत्व भी कम है और फैला हुआ है। विधान सभा क्षेत्र भी काफी फैला हुआ है जिससे इस पिछड़े राज्य के विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि बिहार राज्य पुनर्गठन विधेयक, 2000 में संशोधन कर झारखंड विधान सभा की सीटें 81 से बढ़ाकर 150 की जाएं। इस संबंध में झारखंड विधान सभा से सर्वसम्मत प्रस्ताव दो बार केन्द्र सरकार को भेजा जा चुका है। इसके साथ ही मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि पूर्ववर्ती बिहार राज्य में विधान परिषद का भी प्रावधान था और है जिसमें झारखंड की सहभागिता थी। लेकिन अलग राज्य बनने से झारखंड में विधान परिषद नहीं बनाई गई है। झारखंड राज्य में कई ऐसे जिले हैं जिसमें सभी विधान सभा सीटें आरक्षित हैं। मैं आरक्षण का विरोध नहीं कर रहा हूं लेकिन सामाजिक और राजनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिए झारखंड राज्य में विधान परिषद के गठन की आवश्यकता है जिससे समाज का समन्वित स्वरूप राज्य में प्रतिनिधित्व करते हुए दिखे और एक स्थायी राजनीतिक दिशा मिल सके। धन्यवाद।

**माननीय सभापति :** श्री सुनील कुमार सिंह को श्री रवीन्द्र कुमार राय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI P.R. SENTHILNATHAN (SIVAGANGA): Hon. Chairman, Sir, the great Swami Vivekananda said, “Give me 100 energetic young men, I shall transform India”. Dr. A.P.J. Abdul Kalam is destined to motivate, shape and guide crores and crores of youngsters to transform India. Dr. Kalam, who has inspired an entire generation to develop our nation, is a great visionary, scientist and humanist. Rameswaram connects India spiritually. Dr. Kalam connected Rameswaram and the nation scientifically and politically.

In remembrance of Dr. Abdul Kalam, our beloved leader hon. Tamil Nadu Chief Minister Puratchi Thalaivi Amma has declared Dr. Kalam's birthday to be celebrated in Tamil Nadu State as 'Youth Revival Day' owing to the former President's attachment to the youth. Hon. Chief Minister Amma announced a prize in the name of Dr. A.P.J. Kalam which includes eight gram gold medal and five lakh rupees in cash to be presented to persons who work with merit in the field of science, humanities and for welfare of the students from Tamil Nadu State, on Independence Day every year.

In remembrance of the great leader, I would request the Union Government to introduce a new modern super-fast daily train from Delhi to Rameswaram *via* Sivaganga in Tamil Nadu. The new train should be named as 'Dr. A.P.J. Abdul Kalam Super-fast Express' with concessional fare for students and a separate coach for the students with a library that has Dr. Kalam's biography, the books written by Dr. Kalam, the books written about Dr. Kalam by others and the books which are liked by Dr. Kalam.

Apart from a memorial in Rameswaram, a memorial must be made in the National Capital at No. 10, Rajaji Marg in his honour. Thank you, Sir.

HON. CHAIRPERSON : Shri Arvind Sawant, Shri Shrirang Appa Barne, Shri Rahul Shewale, Shri Ram Mohan Naidu Kinjarapu, Shrimati V. Sathyabama, Shri Bhairon Prasad Mishra, Shri P.P. Chaudhary, Shri Arjun Ram Meghwal and Shrimati Kothapalli Geetha are permitted to associate with the issue raised by Shri P.R. Senthilnathan.

**श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) :** महोदय, मैं गोवंश आधारित कृषि के संवर्धन हेतु अपील करना चाहता हूं। क्या सरकार महंगी कृषि से आहत कृषकों के कल्याण हेतु मशीन व ट्रैक्टर आधारित कृषि से मुक्ति दिलाकर गोवंश आधारित कृषि के विस्तार पर ध्यान देगी? सरकार पिछले वर्षों में बंजर होती कृषि भूमि व डार्क जोन में बदलते क्षेत्र से मुक्ति पाने हेतु रसायनिक खादों के बजाए जैविक कृषि के विस्तार पर ध्यान देगी? क्या सरकार प्रतिवर्ष डीजल व विदेशी बीज, रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर अनावश्यक सब्सिडी दे रही है। क्या गोवंश के सदुपयोग से रसायनिक खाद व कीटनाशकों पर हो रहे व्यय को कम नहीं किया जा

सकता है? क्या देश में पिछले 10-12 वर्षों में 1 करोड़ कृषकों ने कृषि से नाता तोड़ा है, कई कृषकों ने आत्महत्या की है, ऐसी स्थिति में गोवंश उत्पाद (जैसे गोमूत्र से कीटनाशक, केंचुआ खाद, कम्पोस्ट, अमृतपानी, गोमूत्र अर्क टिकिया, मालिश तेल, मच्छर क्वाइल, फिनाइल, कागज जैसे वैज्ञानिक प्रमाणित 40-50 श्रेष्ठ उत्पाद) पर आधारित सहकारी संस्थाओं को 6 लाख गांवों में गठन कर रोजगार के अवसर नहीं बढ़ा सकती है? प्रदूषित अन्य व जल से मानव स्वास्थ्य पर दूषित प्रभाव पड़ रहा है ऐसी स्थिति में रोगप्रतिरोधक क्षमता ए-2प्रोटीन जो देशी गाय के उत्पाद में पाया जाता है उसके उत्पादन वृद्धि से स्वस्थ राष्ट्र के स्वप्न को नहीं बढ़ाया जा सकता है। मेरे संसदीय क्षेत्र मंदसौर के कृषक प्रतिदिन 1 लाख लीटर दुध दिल्ली भेजते हैं, क्या उन्हें देशी नस्ल की गाय के दुध उत्पादन हेतु सब्सिडी योजना पर विचार करेंगे क्या? मैं पुनः आपसे अपील करता हूं कि स्वस्थ, सम्पन्न और समृद्ध राष्ट्र की कल्पना गोवंश आधारित कृषि से ही संभव है मशीन आधारित कृषि से नहीं।

**माननीय सभापति :** श्री सी.आर.चौधरी, श्री प्रहलाद सिंह पटेल और श्री भैंरो प्रसाद मिश्र को श्री सुधीर गुप्ता द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) :** सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में तीन ऐसे स्थानों के बारे में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं जो धामिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। चित्तौड़गढ़ से 45 किलोमीटर दूर नेशनल हाइवे - 27 पर 12वीं सदी के राजा पृथ्वी राज चौहान द्वारा ऐतिहासिक महत्व का एक मंदिर शिवालय जिसे वास्तु और शिल्पकला की वजह से मिनी खुजराहो के नाम से जाना जाता है। प्राकृतिक जलप्रपात के कारण देश और विदेश के पर्यटकों का वहां आना-जाना लगा रहता है।

**19.00hrs**

यह स्थल सघन वन क्षेत्र से हरा-भरा है। उसमें उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बून्दी, रणथम्भौर व सरिस्का के पर्यटकों का भी यहां आना-जाना रहता है। 28 जून, 2015 को आकाशवाणी के मन के कार्यक्रम में पूरे देश से जनता द्वारा भिजवायी गयी दुर्लभ प्राकृतिक स्थानों में से माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा मैनाल जल प्रभात का स्मरण करना अपने आप में उस स्थान के महत्व को प्रकट करता है।

सभापति महोदय, मैं एक ऐसा स्थान मातृकुण्डिया के बारे में बताना चाहता हूं, जो मेवाड का हरिद्वार कहलाता है। वह भगवान परशुराम की तपस्थली रही है। उस तप स्थली पर एक बहुत बड़ा जल कुण्ड है, जिसके कारण उसे मातृकुण्डिया का स्थान कहा गया है। प्रतापगढ़ जिले में अरनोद के पास एक गौतमेश्वर महादेव गुफा में बहुत बड़ा धार्मिक स्थल है। लोग कहते हैं कि वहां सिर्फ नहाने से ही पाप से

मुक्ति मिल जाती है। ये तीनों ऐसे धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटक स्थल हैं और पुरातत्व विभाग की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थान हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग इसके लिए एक विशेष पैकेज बनाकर बजट आवंटित करे। इससे निश्चित रूप से हमारी धार्मिक, आध्यात्मिक, पुरातत्व और महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों को विकसित करने का काम होगा।

**माननीय सभापति :** श्री सी.आर. चौधरी को श्री चन्द्र प्रकाश जोशी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्रीमती नीलम सोनकर (लालगंज) :** माननीय सभापति जी, आपने हमें बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हू। मैं एक अति लोक महत्व का विषय शून्य काल में उठाना चाहती हं। हमारे संसदीय क्षेत्र लालगंज आजमगढ़ जनपद में पड़ता है। आजमगढ़ जनपद में व्याप्त गौहत्या व गौमांस की तस्करी का कारोबार उत्तर प्रदेश शासन और प्रशासन के संरक्षण में धड़ल्ले से जारी है। इसका ज्वलंत उदाहरण है कि जनपद के थाना दीदारगंज के ग्राम दरियापुर में भारी मात्रा में गौमांस की बरामदगी है। पिछले माह गौवध के लिए ट्रकों में भरकर सरायमीर, कप्तानगंज, अतरौलिया और कंधरापुर में ले जा रही गायों की खेप का जनता द्वारा पकड़ा जाना और प्रशासन द्वारा गायों से लदी ट्रक को छोड़ देना और इस घृणित कार्य का विरोध करने वाली जनता को गंभीर धाराओं के तहत फर्जी मुकदमे में फंसाना घोर निंदनीय है। मैं इस सदन के माध्यम से इस घृणित मामले और उत्तर प्रदेश शासन-प्रशासन की घोर निंदा करती हूं।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि दरियापुर की घटना में लिप्त मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया जाये और कानून बनाकर पूरे देश में गौहत्या पर रोक लगायी जाये तथा गौ संरक्षण के लिए पर्याप्त कदम उठाये जायें। सरकारी खर्च से देश के सभी जिले मुख्यालयों में गौशाला की स्थापना की जाये। इसके साथ मैं यह भी मांग करना चाहती हूं कि जो वाहन इस गौमांस के साथ पकड़ा जाये, उस वाहन का लाइसेंस और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन हमेशा के लिए रद्द कर दिया जाये।

सभापति महोदय, आपने हमें बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय सभापति :** श्री अजय मिश्रा टेनी, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री सुधीर गुप्ता, श्री सी.पी. जोशी, श्री अरविंद सावंत, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री राहुल रमेश शेवाले, श्री राम मोहन नायडु किंजरापु को श्रीमती नीलम सोनकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) :** सभापति महोदय, जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में तरह-तरह के बदलाव देखने में आ रहे हैं। बाढ़, सूखा, भूकम्प, भूस्खलन, बादल फटना और चक्रवात आदि की घटनाओं

से पूरा देश परेशान है। अभी वर्तमान में देश के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश हो रही है, वहीं कई राज्यों में अल्प वर्षा या वर्षा हुई ही नहीं है। इस कारण किसानों के समक्ष बहुत गंभीर संकट खड़ा हो गया है। किसानों के साथ-साथ खेती के काम में लगे हुए मजदूरों के सामने भी मजदूरी, रोजगार का संकट खड़ा हो गया है।

सभापति महोदय, मैं मध्य प्रदेश से आता हूं। मध्य प्रदेश के कुछ जिलों जैसे उज्जैन, रतलाम और झाबुआ में बहुत भीषण बारिश हुई। अभी पिछले दिनों उज्जैन के बारे में समाचार आये थे कि वहां पर सिंहस्थ होने जा रहा है। वहां सारे मंदिर डूब गये हैं। इसी तरह से उत्तर प्रदेश, बिहार और बुन्देलखंड के लगभग 19 संभाग सूखे की चपेट में हैं। वहां सामान्य से कम बारिश हुई है। गुजरात में अति वर्षा से दस शेर और 90 चीतलों की जान गयी। वहीं राजस्थान में भी लगभग 80 मौतें अति वर्षा से हुईं। मणिपुर में भी 30 लोगों की मृत्यु हुई। नागालैंड में भी काफी जनधन की हानि हुई। मध्य प्रदेश में 37 लोग बाढ़ के कारण मरे और 70 जानवर बाढ़ की चपेट में आये। इसके साथ-साथ पश्चिम बंगाल में 50 लोगों की मौत अति वर्षा से हुई है। ओडिशा में भी बड़ी संख्या में लोग कालगर्भित हुए हैं। मध्य प्रदेश में भी इसी तरह की स्थितियां निर्मित हुई हैं। मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि सारे देश में इस तरह की स्थितियां निर्मित हो रही हैं। जहां किसानों ने बोनी कर दी थी, वहां पर पानी नहीं गिरा, तो उनकी फसलें खराब हो गयीं। जहां पर बोनी करने के बाद अति वर्षा हो गयी, वहां पर भी उनकी फसलें नष्ट हो गयी हैं। जहां अति वर्षा से नुकसान हुआ है या जहां अल्प वर्षा होने के कारण पेयजल का गंभीर संकट पैदा हो गया है, मैं आपके माध्यम से सदन और सरकार से अनुरोध करना चाहता हें कि केंद्र सरकार ऐसे सभी राज्यों का सर्वे कराकर किसानों को राहत देने के लिए बीज, खाद, चारे, डीजल में सब्सिडी देने की कार्य योजना बनाए। मेरा यह भी कहना है कि जहां पेयजल का संकट है, वहां परिवहन के माध्यम से पेयजल की सुनिश्चित व्यवस्था कराने के लिए कदम उठाए जाएं।

**माननीय सभापति :** श्री पी.पी. चौधरी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री सुधीर गुप्ता, श्री अजय मिश्र तेनी, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) :** माननीय सभापति जी, मैं इस विषय को पहले भी सदन में रख चुका हूं और आज फिर रख रहा हूं। देश में भारतीय संविधान धारा 340 के अनुसार पिछड़े वर्ग को आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक अधिकार है। मंडल आयोग के अनुसार ओबीसी 27 प्रतिशत का हकदार है। देश में 27 प्रतिशत आरक्षण होने के बावजूद भी ओबीसी के लिए 19 फीसदी आरक्षण देने का सरकारी रिकॉर्ड है।

इससे ओबीसी समाज को पूरी तरह आरक्षण का लाभ नहीं देने की बात सामने आई है। इन पर शैक्षणिक क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रवेश, डेमिसाईल, क्रीमीलेयर आदि प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने में पर्याप्त आरक्षण एवं सुविधा ने देने के कारण अन्याय हो रहा है। गत छः वर्ष से महाराष्ट्र में विद्यार्थियों को शिक्षावृत्ति अनुदान राशि अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके परिणामस्वरूप कई विद्यार्थियों को शैक्षणिक क्षेत्र में नुकसान हुआ है, भविष्य खराब हुआ है। सरकारी नौकरी में पदोन्नति संबंधी आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाता है। महाराष्ट्र में गड़चिरोली डिस्ट्रिक्ट में ओबीसी समाज को सिर्फ छः परसेंट आरक्षण दिया जाता है। इस तरह देश के कई राज्यों ओबीसी समाज पर अन्याय हो रहा है। वर्ष 1921 से अभी तक ओबीसी समाज की जातीय जनगणना नहीं हुई है।

2011 में देश में जातीय जनगणना हुई थी, सरकार को इसे बारे में घोषणा करनी चाहिए। मेरी आपके माध्यम से मांग है कि देश में ओबीसी समाज के लिए अलग मंत्रालय की स्थापना की जानी चाहिए।

**माननीय सभापति :** श्री प्रहलाद सिंह पटेल को श्री नाना पटोले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर):** मैं सरकार का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग - 33 एवं राष्ट्रीय राजमार्गज- 6 के बहरागाड़ा से जमसोला ओडिशा सीमा तक के जर्जर हालत एवं दुर्दशा की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। राष्ट्रीय राजमार्ग - 33 जिसे झारखंड की जीवनरेखा माना जाता है, एक लम्बे अरसे से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यह मार्ग जगह-जगह पर गड्ढों में तब्दील हो चुका है। कई लोगों की दुर्घटनाओं में मौत हो चुकी है। इस मार्ग पर एक आंकड़े के अनुसार प्रत्येक वर्ष 50 से 60 लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है। रांची से बहरागोड़ा तक लगभग 200 किलोमीटर सड़क पर गड्ढे जगह-जगह पर दुर्घटनाओं को आमांत्रण देते रहते हैं। बारिश की वजह से स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि जहां-तहां जाम लग जाता है और 12 से 14 घंटे तक जाम लगा रहता है। यह मार्ग झारखंड को पश्चिम बंगाल और ओडिशा से जोड़ता है तथा खूंटी, रांची और जमशेदपुर तीन संसदीय क्षेत्रों में विस्तारित है। यह नक्सल प्रभावित क्षेत्र से होकर गुजरता है। इस मार्ग पर बदहाली के कारण विकास योजनाएं भी बाधित हो रही हैं जिसके कारण अक्सर कानून व्यवस्था बिगड़ जाती है। इस राजमार्ग को दो से चार लेन में बदलने हेतु स्वीकृति मिली है जिसके तहत रांची से मोहली तक 112 किलोमीटर की लंबाई का कार्य एक कंपनी को दिया गया है। लेकिन ऐसा देखा जा रहा है कि एक तरफ जहां कार्य की प्रगति काफी धीमी है, वहीं दूसरी ओर किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है। इसी तरह मोहली से बहरागोड़ा होते हुए खड़गपुर तक

लगभग 80 किलोमीटर की लंबाई का कार्य जिस कंपनी को दिया गया है, वह कंपनी काम बंद करके चली गई है। इस कारण तीनों राज्यों के लोगों को यातायात हेतु काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि मेरे आग्रह पर राष्ट्रीय राजमार्ग - 33 पर हो रही दुर्घटनाओं से मौत का शिकार हो रहे लोगों के हित को ध्यान में रखकर हाइवे पर त्वरित चिकित्सा सुविधा सेवा हेतु रांची से मोहली तक एंबुलेंस सेवा का प्रारंभ किया है जिससे लोगों में हर्ष का माहौल है। मेरा निवेदन है कि अब उक्त सेवा को मोहली से बढ़ाकर बहरगोड़ा तक किया जाए।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग - 33 को चार लेन मार्ग बनाने की प्रक्रिया के कार्य में तेजी लाई जाए तथा यथाशीघ्र जनहित में मोहली से बहरागोड़ा तक अविलम्ब जीर्णोद्धार किया जाए। मोहली से बहरागोड़ा होते हुए खड़गपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग - 33 की लगभग 80. किलोमीटर की लंबाई के कार्य की निविदा जल्द से जल्द की जाए एवं राष्ट्रीय राजमार्ग - 33 पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से मौत का शिकार हो रहे लोगों के हित को ध्यान में रखकर हाइवे पर त्वरित चिकित्सा सुविधा हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था रांची से मोहली से बढ़ाकर बहरागोड़ा तक की जाए।

SHRIMATI KOTHAPALLI GEETHA (ARAKU): Hon. Chairperson, I am thankful to you for giving me this opportunity to raise a matter of urgent public importance concerning children.

The Right of Children to Free and Compulsory Education Act was made by this Parliament on 4th August, incidentally the same day, in 2009. But it has not been implemented properly. It had come into force from 1st April. The Government has emphasis on providing education and promoting cent per cent literacy in the country. We are entering a young India and the present children are the future citizens of this country. In this particular situation, I would like to draw the attention of this august House regarding the facilities that are provided to the children in the welfare hostels in the rural areas.

Children are suffering because of lack of infrastructure. They do not have proper food to eat. We are talking about healthy mind in healthy body but the problem is that the children are being given substandard food. The food supplied to them is not being monitored at all. Not only that, they are not given nutritious food. The children are lying on the bare floor without beds in my Constituency.

In the rural India, this problem is being faced in so many schools and welfare hostels.

Not only that, Sir, the schools and hostels are very far away; and the children are walking from the school to the hostel. In many areas, people are making the children to work like labourers. Children are not being given healthy atmosphere to study. All these problems have been persisting in all the welfare hostels. We have been visiting welfare hostels and such is the situation there. Though there is a Diet Chart but it is not being followed by the management of the schools. There is no proper monitoring also. Though the Member of Parliament is the Chairman of the Vigilance and Monitoring Committee of a particular District and is submitting reports to the Government, yet no action is being initiated against these wardens.

There are so many schemes that the Central Government has come up with for the children but these schemes are not being implemented in the right spirit. I would, therefore, request the hon. Minister for Social Justice as well as the HRD Minister to intervene and pass such laws as may be right to provide good education for the children. Thank you.

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairo Singh Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shrimati Kothapalli Geetha.

**श्री गजानन कीर्तिकर (मुम्बई उत्तर पश्चिम):** माननीय सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

पारिवारिक एक लाख रुपये की आय वाले विद्यार्थियों के लिए केन्द्र शासन से राज्य शासन को 100 फीसदी स्कॉलरशिप मिलती है परंतु महाराष्ट्र सरकार द्वारा अपने विद्यार्थियों को केवल पचास प्रतिशत राशि ही वितरित की जाती है। पचास प्रतिशत स्कॉलरशिप की रकम कहां खर्च होती है, इस बारे में केन्द्र सरकार को राज्य सरकार से ब्यौरा लेना चाहिए। वर्ष 2002 से लेकर 2014 तक राज्य सरकार ने करीब 74 लाख विद्यार्थियों के लिए 63 करोड़ 1 लाख 80 हजार 893 रुपये की स्कॉलरशिप प्रदान की है परंतु शेष 60 करोड़ रुपये की जो केन्द्र सरकार से राज्य शासन को रकम प्राप्त हुई, उस रकम का क्या हुआ? यह बची हुई पचास प्रतिशत रकम जो कहीं अन्य काम के लिए खर्च की जाती है, उसका ब्यौरा राज्य शासन से

लेना जरूरी है। सरकार को यह ब्यौरा राज्य सरकार से लेना चाहिए। केन्द्र से राज्य सरकार को मिलने वाली स्कॉलरशिप की रकम न मिलने से कम स्कॉलरशिप के कारण लाखों गरीब विद्यार्थियों को भारी नुकसान हो रहा है। चालू शैक्षणिक सत्र में 2015 में स्कॉलरशिप नहीं मिलने से लाखों गरीब विद्यार्थियों को अंतिम परीक्षा देनी भी मुश्किल लग रही है। इन विद्यार्थियों का भविष्य अंधेरे में रखने का काम राज्य सरकार द्वारा होता है। मेरी सरकार से विनती है कि केन्द्र और राज्य सरकार के विवादों में लाखों गरीब विद्यार्थियों का नुकसान न होने पाए, इसका ध्यान सरकार रखे और उनका भविष्य बर्बाद होने से बचाए। तत्काल प्रभाव से स्कॉलरशिप का वितरण गरीब विद्यार्थियों तक पहुंचना चाहिए जिससे विद्यार्थी 2015 की अंतिम परीक्षा दे सकें। धन्यवाद।

**श्री राजन विचारे (ठाणे) :** सभापति जी, मैं सदन का ध्यान बड़े ही महत्वपूर्ण विषय की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं जिसका संबंध मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे से है। कल आधी रात को करीब सवा दो बजे मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे के डी-केबिन परिसर में कृष्णा निवास अपार्टमेंट की तीन मंजिल इमारत गिर गई। इस भयंकर दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई एवं लगभग सात लोगों के घायल होने की जानकारी है। मृतकों में छह पुरुष और छह महिलाएं हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे शहर में जर्जर इमारतों की संख्या 2697 है और मेरे मीरा भायेन्द्र में जर्जर इमारतों की संख्या 16 है और नवी मुम्बई में जर्जर इमारतों की संख्या 92 है। महाराष्ट्र सरकार की तरफ से क्लस्टर डेवलपमेंट के लिए आदेश हो चुका है लेकिन अभी तक इस आदेश का क्रियान्वयन नहीं हो पाया है जिसके कारण सैकड़ों लोग इन जर्जर इमारतों में रहने के लिए मजबूर हैं।

मैं सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि कृपया करके महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दे कि महाराष्ट्र सरकार ने जो जर्जर इमारतों के लिए क्लस्टर डेवलपमेंट की योजना मंजूर की है, उस योजना को तुरंत लागू करे और इस घटना में मारे गए लोगों को आर्थिक मदद करने के लिए मुआवजा दे।

**श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) :** महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र अम्बाला में रेलवे कनेक्टिविटी की तरफ दिलाना चाहता हूं। यद्यपि भारत सरकार ने अम्बाला रेलवे स्टेशन को ए-1 और यमुना नगर रेलवे स्टेशन को ए-क्लास बनाने का निर्णय किया है। लेकिन मेरा अनुरोध है कि चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन का पूर्वी हिस्सा मेरे लोकसभा क्षेत्र पंचकुला में आता है। वहां 700 एकड़ जमीन खाली पड़ी है। वहां रेलवे यात्री निवास बनाया जा सकता है। वहां बिजनेस काम्प्लेक्स खोला जा सकता है। मेरा अनुरोध है कि उसे इस्तेमाल में लाया जाए।

इसके साथ हमारी एक बहुत पुरानी मांग यमुना नगर से चंडीगढ़ रेलवे लाइन की है। पिछले कई सालों के बजट सत्र में उसका जिक्र हुआ लेकिन उसके लिए पैसे की अलाटमेंट आज तक नहीं हुई है। मैंने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी से भी इस बारे में कई बार बात की है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार हरियाणा को मिलकर कमेटी बनाई है, जो इस बारे में विचार करे। मैं प्रार्थना करूंगा कि तुरंत इस विषय पर निर्णय लिया जाए। इसके अतिरिक्त पंचकुला के सैक्टर 19 में एक अंडर ब्रिज बनाने का मामला है। अम्बाला रेलवे रोड पर अंडर ब्रिज बनाने का मामला है। रदौर रोड पर अंडर ब्रिज बनाने का मामला है। मुस्ताबाद में ओवर ब्रिज बनाने का मामला है।

मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहूंगा कि जन हित में इन सभी अंडर ब्रिजिज और ओवर ब्रिजिज को बनाया जाए ताकि जनता को सहूलतें प्रदान की जा सकें।

SHRI K. ASHOK KUMAR (KRISHNAGIRI): Sir, most of the domestic workers are illiterate and they come from backward areas. Among them, a good number of them are migrants. Many of them are trafficked and sold and they end up as bonded labourers. Their work is undervalued, underpaid and poorly regulated. Lack of decent wages and working conditions, defined work time, false promise, abuse and sexual harassment at work place are some of their major issues.

The Government has to provide social security to the unorganized workers, including domestic workers as per the Unorganized Workers' Social Security Act, 2008. It, however, neither regulates their work nor protects them from abuse and exploitation. The 100$^{th}$ International Labour Conference adopted a convention supplemented by a recommendation on decent work for domestic workers on 16$^{th}$ June, 2011. Most of the countries, including India voted in favour of the convention. It affirms that they must have some basic labour rights that are available to other workers.

Sir, I appeal to the Government through this august House to protect their rights through a comprehensive national legislation for domestic workers. Thank you.

HON. CHAIRPERSON : Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri K. Ashok Kumar.

**श्री महेश गिरी (पूर्वी दिल्ली) :** सभापति महोदय, मैं आज एक ऐसी लोक मांग के लिए खड़ा हुआ हूँ, जो अब एक राष्ट्रीय गूंज बन चुकी है।

इतिहास में कभी भी क्रूरता को जगह नहीं मिली और भविष्य में कभी उसे याद भी नहीं किया जा सकता है। वहीं पर उदारता को याद किया जा सकता है। अभी अभी हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम जी का निधन हुआ, जब वे स्वर्गस्थ हुए, तो पूरा राष्ट्र शोक-मग्न था। मैंने स्वयं देखा, हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उन्हें सलामी देकर श्रद्धांजलि दी थी। करोड़ों युवा आज उन्हें आदर्श मानते हैं। लेकिन, इसी दिल्ली में, जो भारत की राजधानी है, यहीं पर एक रोड है, जो औरंगज़ेब रोड के नाम से जाना जाता है। मैं यह कहना चाहता हूँ कि औरंगज़ेब जो एक शासक था, उसकी क्रूरता का उदाहरण इतिहास में है। ऐसे क्रूर शासक के नाम पर भारत में औरंगज़ेब रोड है। इतिहास में जो भी गलतियाँ हुई हैं, उन गलतियों को भविष्य में सुधारने का यही अवसर है।

मैं यह मांग करता हूँ, हमारे मंत्री श्री वेंकैया नायडू जी यहाँ पर हैं, यह उनके विभाग के अंतर्गत आता है। मैंने उन्हें भी पत्र दिया है। मैंने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को भी पत्र दिया है। मीडिया और सोशल मीडिया के लाखों लोगों ने मेरी इस मांग का समर्थन किया है। संसद के कई मित्रों ने समर्थन किया है। मैं यह मांग करना चाहता हूँ कि आने वाले 15 अगस्त, राष्ट्रीय पर्व के दिन उस औरंगज़ेब रोड को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम रोड के नाम से घोषित किया जाए और उन्हें राष्ट्रीय सम्मान दिया जाए। यह मेरा आग्रह है।

**माननीय सभापति :** सर्वश्री अरविन्द सावंत, राजन विचारे, श्रीरंग आप्पा बारणे, राहुल शेवाले, राम मोहन नायडू किंजरापु, एम. मुरली मोहन, निशिकांत दुबे, प्रह्लाद सिंह पटेल, भानुप्रताप सिंह वर्मा, पी.पी. चौधरी, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, सुधीर गुप्ता, अजय मिश्रा टेनी, अर्जुन राम मेघवाल, भैंरो प्रसाद मिश्र तथा सुनील कुमार सिंह को श्री महेश गिरी द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री विष्णुपद राय- उपस्थित नहीं।

**श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) :** सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र संभाजीनगर, महाराष्ट्र में लगभग 107 एकड़ में फैला भारतीय खेल प्राधिकरण(एसएआई) का हरा-भरा परिसर है। यह परिसर बाबा साहेब अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय ने 99 वर्ष के लीज़ पर दिया है। भारतीय खेल प्राधिकरण के इस खेल परिसर में बहुत सारी सुविधाएँ उपलब्ध हैं और बहुत-सी अन्य सुविधाओं को निकट भविष्य में शुरू किया जा सकता है।

पिछले दो वर्षों से मैं संभाजीनगर, महाराष्ट्र के भारतीय खेल प्राधिकरण को क्षेत्रीय केन्द्र (रीजनल सेंटर) का दर्जा देने की मांग कर रहा हूँ1 परन्तु आज तक मेरी यह मांग पूरी नहीं हुई है1 इस केन्द्र को अभी उप-केन्द्र का दर्जा प्राप्त है और इसे पश्चिमी क्षेत्र के ट्रेनिंग सेंटर के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।

आपके माध्यम से माननीय खेल मंत्री जी से मेरी मांग है कि संभाजीनगर, महाराष्ट्र में भारतीय खेल प्राधिकरण को क्षेत्रीय केन्द्र (रीजनल सेंटर) का दर्जा तुरंत दिया जाए। इसके साथ ही साथ इस केन्द्र में आवश्यक खेल सुविधाएँ जैसे सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, सिंथेटिक हॉकी सरफेस, इंडोर शूटिंग रेंज और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल का निर्माण तुरंत किया जाए एवं इसके लिए आवश्यक बजट जारी किया जाए। इस प्रकार की खेल सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त केन्द्र अब मिल पाना मुश्किल है। 25 फरवरी, 2015 को संभाजीनगर में ही भारतीय खेल प्राधिकरण का क्षेत्रीय केन्द्र बनाने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने भारत सरकार को लिखित रूप से पत्र के माध्यम से सिफारिश किया है।

अतः संभाजीनगर में भारतीय खेल प्राधिकरण की 107 एकड़ जमीन, हरा-भरा क्षेत्र, यहाँ की सुविधाएं और विस्तार की संभावनाओं को देखते हुए तुरंत इसे क्षेत्रीय केन्द्र घोषित किया जाए, मैं ऐसी मांग करता हूँ।

**श्री पी.पी.चौधरी (पाली) :** सभापति महोदय, वर्तमान सरकार द्वारा जनहित में कई ऐतिहासिक योजनाएँ शुरू की गयी हैं, जिनका देश के प्रत्येक नागरिक द्वारा खुले मन से स्वागत किया गया है। बैंक खाते खुलवाना हो, बीमा बचत, पेंशन की योजना हो, कौशल विकास की योजना हो या डिजीटल भारत योजना हो, देश के हर व्यक्ति के लिए वर्तमान सरकार द्वारा कोई न कोई योजना के माध्यम से देश के गरीब से गरीब को मुख्य धारा में शामिल किये जाने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन, धरातल पर उन योजनाओं की सफलता आज हम सब के सामने है। योजनओं का पूर्णतः सफल होना, योजना का लाभ केवल लाभार्थियों तक पहुंचाने पर ही निर्भर करता है। इसमें सबसे बड़ी भूमिका योजना की जानकारी पहुंचाने की है।

सरकारें इस विषय पर सैकड़ों-करोड़ों रुपये की धनराशि खर्च करती आ रही हैं। इस संबंध में मेरा सुझाव है कि सरकार की योजना का विवरण संबंधित शैक्षणिक पाठ्यक्रम में एक विषय के रूप में शामिल किया जाए जिससे छात्र-छात्राओं को उनके विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा इन सभी योजनाओं के उद्देश्य, लक्ष्य आदि के बारे में अध्ययन कराया जाए, तो निःसन्देह इन योजनाओं की पहुंच आसानी से देश के हर घर में हो जाएगी। प्रत्येक घर मैं मौखिक जानकारी और लिखित जानकारी पहुंचाने का यह एकमात्र सुलभ रास्ता है, जिसमें देश के गरीबों को उन योजनाओं का फायदा पिछले 65 वर्षों तक नहीं मिला है, उनको फायदा

मिलना शुरू होगा। अभी हमारे प्रधानमंत्री जी ने जिन योजनाओं को लागू किया है, उन योजनाओं का टारगेट था कि वे घर-घर तक पहुंचे और इसी वजह से इन योजनाओं का फायदा मिल रहा है। अतः सदन के माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि सरकारी योजनाओं को समावेश शैक्षणिक पाठ्यक्रम में विशेष विषय के रूप में किए जाने के लिए दिशानिर्देश जारी करने की कृपा करें। धन्यवाद।

**श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) :** सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूं।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मुम्बई दक्षिण-मध्य में सबसे बड़ा स्लम क्षेत्र धारावी है। वैसे धारावी स्लम क्षेत्र के विकास के लिए केन्द्र और राज्य सरकार ने अनेक योजनाएं बनाईं, कुछ पर कार्य भी हुआ, परन्तु यदि मुंबई के धारावी स्लम क्षेत्र को केन्द्र सरकार की स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत लाया जाए तो इस स्लम क्षेत्र का विकास अच्छे से हो सकेगा। मेरा सुझाव है कि धारावी डेवलपमेंट अथारिटी को स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत लाया जाए, जिससे धारावी के विशाल स्लम क्षेत्र को वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में विकसित किया जा सके। धारावी के निवासियों के लिए इस योजना के तहत पुनर्वासन के लिए बहुमंजिली इमारतें बनाकर मकान उपलब्ध कराए जाएं। इस तरह से मुंबई के सबसे बड़े और पुराने स्लम को एक नई विकसित वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में डेवलप किया जा सकेगा।

अतः मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि धारावी डेवपलमेंट अथारिटी को स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत लाकर मुंबई धारावी स्लम क्षेत्र का समुचित विकास किया जाए और इस विशाल क्षेत्र को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने पर कार्य किया जाए। धारावी को एक नया रूप और नई पहचान केन्द्र सरकार के माध्यम से देनी चाहिए। धारावी रिडेवलपमेंट अथारिटी के माध्यम से ग्लोबल टेंडर निकालने वाले हैं। अगर ये ग्लोबल टेंडर स्मार्ट सिटी के नाम से निकालेंगे तो निश्चित रूप से हम धारावी को एक वर्ल्ड क्लास सिटी बना सकते हैं और धारावी को एक नई पहचान देते हुए, पूरे विश्व में धारावी का नाम कर सकते हैं।

**माननीय सभापति :** श्री अरविंद सावंत और श्री श्रीरंग आप्पा बारणे को श्री राहुल शेवाले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI THOTA NARASIMHAM (KAKINADA): Mr. Chairman, Sir, I want to raise an important issue in the ‘Zero Hour’. We do not have specific standards for diagnostics in the country. Values change from lab to lab. Almost every hospital in India has its own lab. Doctors want the patients to get the tests done in their labs

only. There is a big question mark over the standards of those labs. The poor people are losing their money and, sometimes, their valuable lives due to inconsistent reports being delivered by those standard-less labs. Diagnostic services have become a big business not only to the corporate hospitals, but also to the small private practitioners.

It is high time that we frame rules of ethics for doctors and clinical laboratories in the form of an Act to be administered by respective State Governments under the overall control of MCI and CVC.

Standards of labs in Government hospitals are also not up to the mark. We are investing huge money for purchasing diagnostic machinery, but we are neglecting their maintenance in Government hospitals. Let us outsource lab services in Government hospitals to the best and reputed diagnostic labs. The standards should be prescribed at the country level. The cost of such services should be controlled and made available at lowest possible prices under the corporate social responsibility. This will help our poor people to protect their lives as well as their hard earned money. Thank you.

HON. CHAIRPERSON: Shri Nishikant Dubey is permitted to associate with the issue raised by Shri Thota Narasimham.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : Hon. Members, there are 25 extra speakers. If each one of them speaks for only one minute, then we will allow all of them to speak.

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT, MINISTER OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): Sir, the House will have to be adjourned by eight o'clock because we have other programmes to attend to. Keeping that in mind, the Chair may decide whatever it wants to decide.

HON. CHAIRPERSON: We will close it by eight o'clock.

**श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) :** सभापति जी, मैं यह मामला पूर्व में भी उठाना चाहती थी, लेकिन कारणवश यह अधूरा रह गया था इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि मुझे इस मामले को यहां उठाने के लिए कृपया

दो मिनट का समय दें। मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के विधान सभा क्षेत्र बिलग्राम, मल्लावा के ग्राम बीकापुर, ब्लाक मल्लावा की ओर दिलाना चाहूंगी। बीकापुर में करीब 24 साल पहले एक निजी कम्पनी ने चीनी मिल लगाने के नाम पर 284 किसानों की 300 बीघा जमीन अधिग्रहीत कर ली थी। इस जमीन पर न तो अभी तक मिल लगी है और न ही इन किसानों को कोई मुआवजा मिला है। जिला प्रशासन भी इस मुद्दे पर चुप है। करीब तीन साल पहले किसानों ने हंगामा किया तो मिल प्रबंधन ने जमीन पर कुछ सामान रखवा दिया। जब विरोध थमा तो सामान सहित गार्ड भी गायब हो गए। ये किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बीकापुर में 1991 में पेट्रान शूगर लिमिटेड का बोर्ड लगा दिया और किसानों को सपना दिखाया गया कि यहां चीनी मिल लगने से सैंकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। लेकिन न तो वहां लोगों को रोजगार मिला और न वहां चीनी मिल स्थापित हुई। आएदिन वहां के किसान धरने पर बैठ रहे हैं, वे जिला पर भी बैठते हैं और ब्लाकवाइज भी बैठते हैं, लेकिन उन्हें कुछ भी नहीं मिल रहा है। आपके माध्यम से मैं सरकार से कहना चाहूंगी कि जो जमीन बीकापुर, बरौना, बारापुर, राघौरामपुर और नवादा गांव के किसानों से ली गई है, उस पर वह संज्ञान ले। जिन किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई थी, उन्हें वर्तमान मूल्य पर उचित मुआवजा दिया जाए तथा अधिग्रहीत जमीन पर मिल स्थापित कराकर वहां रोजगार मुहैया कराया जाए। वहां का किसान जो अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहा है, वह भुखमरी की हालत है, अपनी जिंदगी को फिर पटरी पर ला सके।

SHRIMATI ANUPRIYA PATEL (MIRZAPUR): Hon. Chairman, Sir, there is a quote inscribed in English in the North Block and in Persian in the South Block which says:

> "Liberty shall not descend to people; people must raise themselves to liberty. It is a blessing that must be earned before it can be enjoyed. "

India attained freedom from the British in the year 1947. But it is quite unfortunate that the imprints of the colonial legacies still exist in the form of certain names of certain roads in the National Capital of Delhi like Minto Road, Hailey Road and Chelmsford Road. An independent nation has no compulsion to continue with such names which reflect colonial legacy. Hence, I would urge the Government that these names are changed and the roads are re-named after the freedom fighters of India.

HON. CHAIRPERSON: Shri Arvind Sawant, Shri Shrirang Appa Barne, Shri Rahul Shewale, Shri Ram Mohan Naidu, Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Anupriya Patel.

SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI (NEW DELHI): Hon. Chairman, Sir, it so happens that I am here in the capacity of a Member of Parliament from New Delhi. Two of my friends, both Shri Mahesh Giri and Shrimati Anupriya ji have raised a very valid point. These issues have been pending before the NDMC since 2014. I have already written in the year 2014 and in May 2015 there was a blackening which happened of Aurangzeb Road. I had already written. I assure both my friends यह पुराने मसले हैं जो 2014 और 2015 में कौंसिल की मीटिंग में लिए गए हैं। इसके बावजूद आप दोनों का जो आग्रह आया है, मैं एनडीएमसी कौंसिल को अवगत कराऊंगी। मैं पूर्व में इसकी चेयरमेन थी। मैं आपको एश्योर कराती हूं कि जो मसले पहले मैं उठा चुकी हूं और आपकी भी स्वीकृति है, तो हम इस पर काम करेंगे। लेकिन आज जिस मसले को लेकर मैं सदन के सामने आई हूं, वह मसला है कि बाहर कई तरह के नारे लग रहे हैं। कोई कहता है कि मर्डर आफ डेमोक्रेसी। मुझे लगता है कि मर्डर आफ डेमोक्रेसी इस ऑगस्त हाउस का हुआ, जब डिसकशन, डिबेट और डिसेंट जैसी परम्पराओं को छोड़कर लोग प्राइवेट टीवी चैनल्स पर आकर बोलने लगे। जब से टीवी चैनल्स ने इस सदन को कवर करना शुरू किया तो बहुत सारे लोगों ने पैम्फलेटबाजी और तरह-तरह के जो पोस्टर्स हैं, उनका चलन सदन में शुरू किया। मेरा यह मानना है कि अगर देश का, लोकतंत्र का सर्वोच्च सदन, जो कि यह संसद है, इस संसद का इस्तेमाल अपने विषयों और मुद्दों को उठाने के लिए होना चाहिए। जो मुद्दे हम यहां उठाते हैं, वे टीवी चैनल्स पर चलने चाहिए, न कि इसके विपरीत अवरोध हो।

We have seen the frequent disruptions which this House has undergone. People have elected us and have given us a duty and a responsibility. The duty and the responsibility means we are accountable to the people of this nation. As per some reports, something like Rs.81 crore has been the loss to the exchequer, something like Rs.145 and odd crore was lost in 2013. I think this is not the way. Our answerability is to the people of this nation. It is high time we take a vow to abide by the rule book. The rule book also has been made by this House and this

House has to abide by the rule book. When people are criticising the suspension of certain Members of Parliament, I can only say that the Speaker has exercised utmost restraint in executing this particular methodology. Finally her patience was getting tested and under the rule book she has taken the particular recourse which has been taken in the past. I only want this House to welcome this and we should take a pledge that we will not disrupt the proceedings.

HON. CHAIRPERSON : Shri Bhairon Prasad Mishra, Shri Nishikant Dubey, Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Meenakshi Lekhi.

**श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) :** महोदय, माहवार और राज्यवार अनुमान के आधार पर उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का आवंटन करके तथा एक ऑनलाइन वेब आधारित निगरानी प्रणाली जिसे उर्वरक निगरानी प्रणाली कहा जाता है, राज्य संस्थानिक एजेंसियों जैसे मार्कफेड आदि माध्यम से रेलवे रैक इंडेंट देकर आपूर्ति को कारगर बनाया है। उर्वरक प्रेषित करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं। एफसीओ राज्य सरकारों को तर्कसंगत कीमतों पर अपने-अपने राज्यों में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए उपयुक्त कदम उठाने की शक्ति प्रदान करता है। उर्वरक की समय पर उपलब्धता के लिए जनपद लखीमपुर खीरी के मैगलगंज में रेलवे रैक उतारी जाए, जिससे समय पर खाद उपलब्ध होने का प्रभाव उत्पादन पर व किसान की आमदनी पर प्रभाव पड़ेगा। कीटनाशक रसायनों की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है तथा उर्वरक सब्सिडी का सीधा लाभ किसानों को प्रत्यक्ष हस्तांतरण द्वारा देने की व्यवस्था की जाए। इन प्रयत्नों से किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी।

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) :** महोदय, आठवीं बार नोटिस देने के बाद आज मुझे बोलने का मौका मिला है।

महोदय, मैं मणिपुर के एक संवेदनशील मामले को सदन में उठाना चाहता हूं। 8 जुलाई से एक छात्र का मृत शरीर वहां रखा है, जिसकी अंत्येष्टि नहीं हो सकी है। उसका दुष्परिणाम यह है कि 8 जुलाई से 14 जुलाई तक दिन और रात का कर्फ्यू रहा है। रात में सरकार का कर्फ्यू रहता है और दिन में हड़ताल का कफ्यू रहता है। यह बात मैं सदन को इसलिए बताना चाहता हूं कि जब किसी की टीआरपी नहीं होती है तो शायद उस राज्य की चिंता नहीं होती है। वहां बाढ़ भी आयी है। उसके कारण कुछ और हो सकते हैं। मैं सरकार का ध्यान सिर्फ इसलिए आकर्षित करना चाहता हूं कि ग्याहरवीं का छात्र रॉबिनहुड सिंह की मौत एक मामूली सी मांग के पीछे होती है। यदि किसी का सस्पैंशन होना चाहिए तो वहां की राज्य सरकार जो इतना भी काम नहीं कर सकती है और पूरे राज्य को आफत में, आग में झौंक देना चाहती है। उस राज्य के आधे हिस्से में प्रकृति के तांडव के कारण बाढ़ है और तीस लोग मर चुके हैं। एनडीआरएफ की टीम वहां जाकर काम करना चाहती है, लेकिन माणिपुर की सरकार कुछ करने के लिए तैयार

नहीं है। मैं इसके पीछे सिर्फ एक कारण देखता हूं कि वहां जो भ्रष्टाचार के मुद्दे थे, वे दब जाएं। इसलिए चाहे राज्य जल जाए और मैंने पहली बार देखा कि वहां के वकील और वहां के आम लोग, पॉलीटिकल पार्टियां नहीं बोल पा रही हैं, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में मैं आपके माध्यम से सरकार से चाहूंगा कि इस पर तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए और उस बच्चे का मृत शरीर जो रखा है, उसे उसके मां-बाप लेने के लिए तैयार नहीं हैं, उसकी अंत्येष्टि करा कर उस राज्य की शांति बहाल करनी चाहिए।

SHRIMATI V. SATHYABAMA (TIRUPPUR): Sir, I am thankful to our beloved Tamil Nadu Chief Minister Puratchi Thalaivi Amma.

Tiruppur is the hub for knitted and hosiery textiles and is a major exporter in the world market. A large quantity of global blends of T-shirts and knitwear are exported from here and most of these are made by small traders fetching huge revenue to the Union Government. These traders are used to book small parcels from Tiruppur to various parts of the country.

Railways have now reduced the duration of train stoppage from five minutes to two minutes at Tiruppur and as a result they are not accepting the parcel booking for transportation. Small traders do not have the financial strength to transport their parcels to other stations by other means which adds substantial cost to their produce. The move of the Railways will increase the cost of Tiruppur manufacturers and put them at a great disadvantage in the competitive world market.

Therefore, I humbly request the hon. Minister of Railways to increase duration of train stoppages to five minutes at Tiruppur or Special Parcel Trains may be operated at frequent intervals from Tiruppur in order to facilitate the local manufacturers.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से झारखंड प्रदेश के गिरिडीह जिला जो हमारे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, वहां गिरिडीह-कोडरमा रेललाइन 12 बरस से अधूरी पड़ी हुई है। इस विषय के बारे में हम कई बार मंत्री जी से मिले हैं, लेकिन सब लोगों के द्वारा यह आश्वासन मिलता गया कि बहुत जल्दी यह पूरा किया जायेगा और जिसके कारण कोडरमा-हजारीबाग रेल लाइन का भी कोई औचित्य नहीं रह जाता है, हालांकि वह चालू हो चुकी है।

मेरा रेल मंत्रालय से दूसरा निवेदन है कि आठ वर्ष पहले हावड़ा-दानापुर रेलगाड़ी में हावड़ा और पटना के लिए कोच लगती थीं, अब उन दोनों कोच को हटा दिया गया और उन्हें आनन्द विहार जाने वाली ट्रेन में लगा दिया गया, जो आठ-आठ घंटे लेट चलती है। इस विषय के बारे में भी हम लोग आठ वर्ष से मंत्री जी से कह रहे हैं, लेकिन इसका कोई निराकरण नहीं हो रहा है।

इसके साथ-साथ गोमो स्टेशन, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर रेल स्टेशन है, वहां एक साल पहले आरओबी के लिए शिलान्यास हुआ था, लेकिन अभी तक उस पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि अविलम्ब इस पर कार्रवाई की जाए।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) :** सभापति महोदय, आपके माध्यम से प्रवासी भारतीयों की कुछ मुश्किलें हैं, जिन्हें मैं भारत सरकार के गृह मंत्रालय और विदेशी मामलों के मंत्रालय के सामने रखना चाहता हूं। मैं पिछले दिनों कनाडा और यूएसए गया था। वहां हजारों लोग ऐसे हैं, जिन्हें हमारी ऐम्बेसी की ओर से पासपोर्ट्स इश्यु नहीं हो रहे हैं। आप भी जानते हैं और सभी लोग जानते हैं कि वहां माननीय प्रधान मंत्री जी गये थे, उन्होंने वहीं पर बहुत सारी मुश्किलों का समाधान ढूंढा और उन्हें हल किया। किंतु बहुत सारी मुश्किल ऐसी थीं, जिनका समाधान करने का उन्होंने वायदा किया था। यह पासपोर्ट का मामला है, जिसके बारे में लोग जानते हैं कि बहुत से लोग इल्लीगल मीन्स से वहां जाते हैं और वहां एक कानून है कि जिसके पास पासपोर्ट नहीं होता है, उसे वे पोलिटिकल शरण दे देते हैं, जिसे राष्ट्रीय शरण कहते हैं। उन लोगों को राष्ट्रीय शरण तो मिल गई है, लेकिन वे अब अपने देश में अपने बच्चों के पास आना चाहते हैं, यहां इनवैस्टमैन्ट करना चाहते हैं। परंतु हमारी भारत सरकार का कानून उन्हें आने नहीं देता है। जबकि उनके विरुद्ध कोई केस दर्ज नहीं हैं।

इसलिए मैं विनती करना चाहता हूं कि उन लोगों के पासपोर्ट जारी करने के लिए भारत सरकार कानून में अमैंडमैन्ट करें, ताकि वे अपने परिवार और अपने बच्चों के पास आ सकें और यहां निवेश भी कर सके।

इसके अलावा जो कांसुलेट जनरल के आफिसेज हैं, वे विदेशों में बहुत दूर-दूर हैं। जैसे एल.ए. के लोग हैं, उन्हें हजारों मील दूर स्थित दफ्तर में जाना पड़ता है। इसी तरह से डेनबर्ग के लोगों को 1500 मील दूर स्थित कांसुलेट जनरल के आफिस में जाना पड़ता है। इसलिए हमारी मांग है कि वहां सब-ऑफिस बनाये जाएं, जिससे कि वे अपनी समस्या का हल ढूंढ सकें।

इसके अलावा कुछ लोगों की ब्लैक लिस्ट बनी हुई है, लेकिन उनके ऊपर कोई केस नहीं है, इसलिए ब्लैक लिस्ट खत्म होनी चाहिए। जिनके ऊपर एक भी केस नहीं हैं, उनकी ब्लैक लिस्ट खत्म होनी चाहिए, क्योंकि उन लोगों को वहां से अपने देश में वापस नहीं आने दिया जा रहा है। इसलिए ब्लैक लिस्ट को तुरंत खत्म किया जाए। धन्यवाद।

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान एक गंभीर प्रकरण की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। उत्तराखंड जैसी देवभूमि में एक ऐसा स्टिंग आपरेशन सामने आया है, जिसने न केवल देवभूमि को शर्मसार किया है, बल्कि भारतीय प्रशासनिक सेवा की गरिमा को भी गिराया है। मुख्य मंत्री के सचिव उस स्टिंग आपरेशन में पकड़े गये हैं, जिसमें शराब के कारोबारियों के साथ बीस करोड़ रुपये के लेनदेन के दौरान कहा गया कि मुख्य मंत्री, जिनसे बात होने के बाद यह लेनदेन दिल्ली में होगा। मुझे आश्चर्य होता है कि आज तक उस सीडी के सामने आने के बाद भी न तो मुख्य मंत्री, उत्तराखंड, श्री हरीश रावत ने इस्तीफा दिया है और न ही वह सचिव, जो भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी है, सीनियर आईएएस है, न उसके खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है और न मुकदमा दर्ज हुआ है। यह बहुत गंभीर विषय है। जब वर्तमान सी.एम. यहां पर कैबिनेट मंत्री थे, गुजरात कैडर का वह अधिकारी दिल्ली में लाया जता है और उसके बाद उसको उत्तराखण्ड ले जाया जाता है और बजाय उसके खिलाफ कार्यवाही हो, सीबीआई की इंक्वॉयरी हो, वहां धमकी दी जाती है और धमकी यह दी जाती है कि उत्तराखण्ड का पानी नहीं पिया, यदि सीडी का बदला नहीं लिया और उसी प्रकरण पर आज एक पत्रकार के मकान को ढहाया गया। लोग सड़कों पर हैं और यही हाल आपदा में भी हुआ। देश के 24 राज्यों के हजारों लोग हताहत हुए थे, हजारों लोग आज भी लापता हैं।

श्रीमन, उसमें भी करोड़ों रूपये का घोटाला हुआ है। सूचना के अधिकार अधिनियम में बहुत स्पष्ट आ गया है। सूचना आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि सीबीआई की इंक्वॉयरी होनी चाहिए। लेकिन आज तक नहीं हुई है, इसलिए वह सरकार बर्खास्त होनी चाहिए और सीबीआई इंक्वॉयरी होनी चाहिए।

HON. CHAIRPERSON : Shri Nishikant Dubey is permitted to associate with the issue raised by Dr. Ramesh Pokhriyal Nishank.

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** माननीय, सभापति महोदय, जैसा कि आप जानते हैं कि देश भर में सौ शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करना माननीय प्रधान मंत्री जी का लक्ष्य है और यह स्वाभाविक है कि प्रत्येक राज्य अपने शहर को एक स्मार्ट सिटी के रूप में देखना चाहता है।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पिंपरी चिंचवड़ शहर आता है, जिसकी आबादी लगभ 20 लाख से ज्यादा है, यहां पर स्कूल, अस्पताल, विज्ञान केंद्र, ऑडिटोरियम तथा ऑटो कलस्टर, बीआरटी बस

सेवा सुविधा है। इसके साथ ही साथ यहां पर दो आईटी पार्क भी हैं, जिसमें टाटा मोटर्स, बजाज, अन्य छोटी-मोटी दो सौ से ज्यादा कंपनियों के साथ-साथ विप्रो, इंफोसिस, टीसीएस, आईबीएम, साइनटेल जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियों के ऑफिस हैं और पिंपरी चिंचवड़ भारत के बिगेस्ट कॉर्पोरेशन में से एक बेहतरीन कॉर्पोरेशन भी है और यह शहर स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किए जाने हेतु सभी मापदंडों को पूरा करता है।

वर्तमान में महाराष्ट्र सरकार ने पंपरी चिंचवड़ शहर को पुणे शहर के साथ जोड़ कर स्मार्ट सिटी बनाए जाने का प्रस्ताव किया है, जबकि पिंपरी चिंचवड़ शहर पुणे से अलग शहर है और जवाहर लाल नेहरू शहरी पुनर्निर्माण योजना के तहत एक अलग सिटी के रूप में विकसित हुआ है।

अतः आपके माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूँ कि पिंपरी चिंचवड़ शहर को स्मार्ट सिटी योजना के फेज 1 के अंतर्गत पृथक रूप से स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए इसको अलग से दर्जा मिले।

HON. CHAIRPERSON: Shri Arvind Sawant and Shri Rahul Ramesh Shewale are permitted to associate with the issue raised by Shri Shrirang Appa Barne.

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) :** सभापति महोदय, 19 जुलाई, 1978 को बिहार और पश्चिम बंगाल के बीच जो नदी जल का बंटवारा हुआ, जो समझौता हुआ, आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उस ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। क्योंकि मैं जिस इलाके से आता हूँ, संथाल परगना, वहां दुमका में मसानजोड़ डैम है, जो मयुराक्षी नदी पर है। उसकी जो पूरा जमीन है, जिस पर यह डैम बना है, वह झारखण्ड में है। क्योंकि वह उस वक्त बिहार का पार्ट था, लेकिन उसका जो पानी है, वह पानी हमारे राज्य को नहीं मिलता है। पीने का जो पानी दुमका जिले को मिलना है, उसमें भी पश्चिम बंगाल सरकार हमेशा रोड़ा अटकाती है। जब बाढ़ आती है, तो बाढ़ का पानी पूरे दुमका जिले को डुबो देता है।

सभापति महोदय, 19 जुलाई 1978 का, जो समझौता है, यह केवल मयुराक्षी नदी का नहीं है या केवल मसानजोड़ डैम का नहीं है, पंचैट है या मैथन डैम है, ये सारे डैम आपको आश्चर्य होगा कि सब झारखण्ड की धरती पर बने हैं, लेकिन इसके सिंचाई का कोई भी साधन जो है, वह झारखंड की सरकार को नहीं मिलता है। उसी तरह से अजय बेसिन है, जो कि मेरे इलाके देवघर में है। जहां हम लोग पुनासी डैम बना रहे हैं, अजय डैम बनना है या वहां बुढ़ैयी डैम बनना है, पुनासी डैम बनना है, इसका जो पानी है, वॉटर का जो सोर्स है, पश्चिम बंगाल सरकार कहीं न कहीं इस डैम को बनने में भी रोड़ा अटकाती है। मैं आपके माध्यम से इस सदन से आग्रह करना चाहता हूँ कि यह 1978 का समझौता है, 37 साल हो गए हैं, इस समझौते को रिव्यू किया जाए और झारखण्ड के हिस्से का जो पानी है, झारखण्ड के जो विस्थापन का

पानी है, झारखण्ड के किसानों को जो पानी चाहिए, झारखण्ड के लोग जो बाढ़ और सुखाड़ से दोनों तरफ जूझते हैं, उनके साथ न्याय कर के इस फैसले को पुनः पुनर्जीवित किया जाए।

DR. KULMANI SAMAL (JAGATSINGHPUR): Thank you, Sir, for giving me time to raise an important issue.

National Highway No.5A connects the road from Daitari to Paradip in Odisha. This is one of the important highways of the country from the view point of transportation of minerals to Paradip Port. The iron ore and coal-laden trucks that are running in large numbers from mining areas of Keonjhar and Jajpur to Paradip port have been creating severe traffic congestion thereby affecting the daily life of people of the adjoining districts of Kendrapara, Jagatsinghpur, Jajpur and Keonjhar. Keeping in view the enormous traffic jams and increasing incidents of accidents, the Government has constituted a high-power Committee comprising of the Collectors of Kendrapara, Jagatsinghpur, Keonjhar and Jajpur districts which has literally failed to address the problem. In my opinion, the better solution to this problem could only be achieved if the said highway is converted to four laning road.

In this regard, I urge upon the Government to initiate action for making the National Highway No.5A, which connects Daitari to Paradip, as a four laning road so as to check accidents and smooth transportation of minerals to Paradip Port.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** अधिष्ठाता महोदय, पूरा सदन आपका आभारी है कि आपने कम से कम इस शून्य प्रहर में हमारे सहयोगियों और माननीय सम्मानित सदस्यों को इतने महत्वपूर्ण विषयों को उठाने का अवसर दिया है, जो सीधे देश की जनता की समस्याओं से जुड़े हुए ज्वलन्त प्रश्न हैं। आपने देखा कि देश के बाढ़ के हिस्सों की भी चर्चा हुई, किसी इलाके में सूखे की बात है, महा पुरूषों की और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की बात है, निश्चित तौर से देश की जनता यही अपेक्षा करती है और जनता की आकांक्षायें भी होती हैं, जिसके प्रति हम सबका उत्तरदायित्व है, हमारी जवाबदेही है। अभी हमारे साथियों ने इस प्रश्न को उठाया और इस सदन में जब हम पूरी शिद्दत से उठाते हैं, जैसे आज अगर देश के पाँच राज्यों में इस समय जिस तरह से जल प्लावन है, जिस तरह से बाढ़ की स्थिति है, वह गुजरात हो, राजस्थान हो, मणिपुर हो, वेस्ट बंगाल है, ओडीशा है, इन राज्यों में गृह मंत्रालय का आँकड़ा है कि 86 मौतें हो चुकी हैं।

लगभग 25 लाख लोग प्रभावित हैं, फसल का बहुत नुकसान है और जब यह बात उठती है, तमाम राज्यों में केन्द्र की ओर से नेशनल डिजास्टर रिलीफ फंड (एनडीआरफ) की टीमें गई हैं। फिर हम मुआवजे की बात करते हैं, अभी-अभी एक माननीय सदस्य बाढ़ में हुए नुकसान के लिए मुआवजे की बात कर रहे थे कि बाढ़ है और मुआवजा दिया जाए। मैं उससे हटकर एक बात कहना चाहता हूँ कि अगर केन्द्र सरकार किन्हीं राहत कार्यों के लिए, चाहे बाढ़ हो, चाहे सूखा हो, अगर उस नेशनल डिजास्टर रिलीफ फंड के माध्यम से राज्यों को पैसा देती है तो निश्चित तौर से वह एक मानक के आधार पर पैसा देती है। केन्द्र अपनी एक सर्वे टीम भेजता है, वह सर्वे टीम अपनी रिपोर्ट देती है और फिर उसके आधार पर राज्यों को पैसा मिलता है। पिछले दिनों अभी जहाँ यह बाढ़ आई थी, मार्च-अप्रैल में पूरे देश के उत्तर भारतीय इलाकों में, राज्यों में जिस तरह से ओलावृष्टि हुई थी और फसल का नुकसान हुआ था। बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश में मथुरा हो, आगरा हो, सिद्धार्थ नगर हो, बस्ती हो, वहाँ काफी मौतें हुई थीं। उसमें निर्देश हुआ था और गृह मंत्री जी ने 503 करोड़ रूपया पहले दिया रिलीफ फंड और अभी दो हजार करोड़ रूपया गया है। लेकिन आज स्थिति यह है कि वहाँ उस वितरण के काम में पक्षपात हो रहा है। अगर बस्ती जनपद के 14 विकास खंडों में वितरण हो रहा है तो सिद्धार्थ नगर के केवल दो विकास खंडों में वितरण हो रहा है। कम से कम एक पैरामीटर यह हो कि अगर कोई जनपद ओलावृष्टि से पूरा प्रभावित है, किसान की फसल का नुकसान हुआ है, अगर उसको किसी आधार पर पिक एंड चूज करके प्रशासन के लोग मुआवजा बांटते हैं तो मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से माँग करता हूँ कि निश्चित तौर से भारत सरकार के मानकों के अनुसार अब जो दो हजार करोड़ रूपया गया है, उसका ठीक से वितरण हो।

•SHRI R.K. BHARATHI MOHAN (MAYILADUTHURAI): Hon'ble Chairman Sir, Vanakkam. Thank you for this opportunity. Everyone should get everything and poverty should be wiped out of this country. Having this fore-sighted vision, the Tamil Nadu government led by Hon. Chief Minister Dr. Puratchithalaivi Amma provides an additional 4% interest subsidy to farmers besides the subsidy for crop loans by the Union government. Short term agricultural loans are converted as interest free loans and as a result of which farmers repay these loans well in time. In an agro-based country like ours, farmers should be encouraged to avail agricultural loans to ensure growth in agricultural sector. Hon. Chief Minister of Tamil Nadu Dr. Puratchithalaivi Amma has, time and again, stressed that changes in the crop loan subsidy should be made only after arriving at a consensus at the meetings of National Development Council and Niti Aayog. I therefore urge upon the Hon. Prime Minister to look into this issue and ensure that the current interest subvention scheme on agricultural loans should be continued with present rates of interest till a consensus is arrived for effecting changes. Thank you.

---

• English translation of the speech originally delivered in Tamil.

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) :** सभापति महोदय, आपने मुझे एक बड़े सैंसिटिव मामले पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

मैं आपका ध्यान महिला सुरक्षा जैसे अहम मुद्दे पर दिलाना चाहता हूँ जिसमें दिल्ली की राज्य सरकार ...* कर रही है। जनता की गाढ़ी कमाई का लाखों रुपया एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर उस ...* में बर्बाद कर दिया। मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि दिल्ली की इस दुर्दशा को ठीक करने के लिए दखल दें।

दिल्ली भी अन्य देशों की राजधानियों की तरह राष्ट्रीय राजधानी है। विश्व के जितने भी लोकतांत्रिक देश हैं, सभी की राजधानियाँ सीधे राज्यों के अधीन न होकर केन्द्र शासित होती हैं। केन्द्र सरकार का नैतिक अधिकार है कि दिल्ली की राज्य सरकार की ...* से दिल्ली की जनता को निजात दिलाएँ।

मैं आपके माध्यम से दिल्ली सरकार से पूछना चाहता हूँ कि जो महिला सुरक्षा की बात का डंका पीट रही है, उनके पूर्व मंत्री व विधायक की पत्नी मुख्य मंत्री व महिला आयोग से अपने साथ हुए अत्याचार के लिए गुहार लगाती रहीं। उक्त महिला के अनुसार उनको गर्भावस्था के दौरान कुत्तों से कटवाया और उनको प्रताड़ित किया गया, जिसके लिए वे अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए मेडिकल जांच की रिपोर्ट तक दिखाती रहीं। उसकी सुरक्षा का क्या हुआ? उसी नेता द्वारा एक ऐसा बयान दिया गया है कि अगर पुलिस हमारे अंडर आ जाए तो सुन्दर महिलाएँ खुले रूप से घूम सकती हैं। उनकी पत्नी की टिप्पणी आई है कि मैं खूबसूरत नहीं हूँ, इसलिए मेरे साथ ये अत्याचार करते हैं।

इनके ही एक बहुचर्चित कवि नेता ने केरल की हमारी बहनों के बारे में कहा था और केरल की नर्सों के बारे में टिप्पणी की थी। इन्हीं के उस नेता के खिलाफ मुख्य मंत्री से वह महिला गुहार लगाती रही कि मैं चुनाव के दौरान काफी गई थी, जिससे इनके-मेरे संबंध के कारण से मेरा घर बिगड़ रहा है और मेरी रक्षा की जाए। इन्होंने उसकी बात नहीं सुनी।

एक समाचार पत्र के मुताबिक उनके पूर्व मंत्री अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अश्लील वैबसाइट के डोमेन नेम्स बेचने में लिप्त पाए गए। एक महिला प्रशासनिक अधिकारी के मात्र दस दिन के लिए कार्यकारी मुख्य सचिव बनने पर अभद्र टिप्पणियों द्वारा उसका शोषण करना, क्योंकि महिला अधिकारी होने के कारण वे उनके काले कारनामों में सहयोग नहीं कर पाती थीं।

---

* Expunged as ordered by the Chair

ऐसे ...* ने जो बजट में पैसा बर्बाद किया, जिस महिला की हत्या को लेकर इन्होंने ...* की है कि 32 चाकू उसको मारे गए, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में 8 चाकुओं के निशान आए। उस परिवार के लोग कल उस सदन को देखने जाने वाले थे, लेकिन उस महिला मीनाक्षी के परिवार को सदन में आने की इजाज़त नहीं मिली। यह महिलाओं की ...* जो ...* कर रहा है, चुनाव से पूर्व उन्होंने जो वायदे किए, महिलाओं की सुरक्षा के लिए गार्ड लगाने थे, वह नहीं लगे। 10 हजार महिलाओं की भर्ती करनी थी, वह नहीं की गई। इन्होंने कहा था हम सुरक्षा दल बनाएँगे, वह नहीं बनाए। ऐसे ...*के खिलाफ निश्चित रूप से केन्द्र सरकार निर्णय ले, यह मेरा आपके माध्यम से निवेदन है।

SHRI M. MURLI MOHAN (RAJAHMUNDRY): Sir, I thank you very much for giving me an opportunity to raise an important.

Rajahmundry parliamentary constituency which I represent having a population of 4,78,199. There are talented young Indians in this soil in the field of sports and games. However, I am sorry to inform that even after passage of 68 years of Independence, not a single sports stadium has been constructed at Rajahmundry. I personally feel that encouraging young Indians in the field of sports and games is the need of the hour. They should be encouraged by constructing more indoor stadiums. We have 4.5 acres land readily available for this purpose. We need financial help to construct the stadium. I am very glad that under the able and dynamic leadership of our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modiji, and the Ministry of Youth Affairs and Sports with theme line "Transforming Lives Through Sports" have raised hopes among many unidentified GEMS in the mines of sports throughout country.

As a measure for promotion of sports, I would therefore, earnestly urge upon the Sports Authority of India (SAI), Union Government, to construct an indoor stadium at Rajahmundry under Urban Sports Infrastructure Scheme of the Ministry of Youth Affairs and Sports.

**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) :** सभापति जी, आज देश में कैंसर एक भयानक महामारी के रूप में फैल रहा है। जगह-जगह बड़ी संख्या में कैंसर के रोगी मिल जाते हैं। यह एक ऐसी समस्या है कि अधिकतर अंतिम

---

* Expunged as ordered by the Chair

स्टेज पर पता लगता है। प्रथम और द्वितीय स्टेज तक तो थोड़ा बहुत थैरेपी से ठीक हो जाते हैं, लेकिन अंतिम स्टेज पर लोगों को भारी असह्य शारीरिक और मानसिक पीड़ा होती है और लोग आर्थिक रूप से हर प्रकार से टूट जाते हैं। उनके घर-परिवार भी तबाह हो जाते हैं। केन्द्र सरकार ने उनकी सहायता के कई उपाय तो किये हैं, लेकिन वे नाकाफी साबित हो रहे हैं।

**20.00 hrs**

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसकी रोकथाम के पर्याप्त उपाय करने व मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा चित्रकूट में एक कैंसर हॉस्पिटल यथाशीघ्र खोलने हेतु निर्देश देने व बजट एलाट कर स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें। साथ ही कैंसर रोगियों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

DR. J. JAYAVARDHAN (CHENNAI SOUTH): Hon. Chairman, Sir, the Tamil Nadu State Haj Committee has received 15,032 applications from pilgrims in Tamil Nadu for Haj 2015. The Haj Committee of India has allotted a quota of 2585 seats only to Tamil Nadu for this year. As per the guidelines for Haj 2015, out of the quota, 1699 pilgrims have been selected under the reserved category, while 886 seats have been utilized for the general category pilgrims. This leaves 12,000 disappointed applicants.

During earlier years, the Government of India had released additional seats over and above the quota which enabled a larger number of pilgrims from Tamil Nadu to perform Haj. A total of 3696 and 2858 pilgrims have performed the Haj during Haj 2013 and 2014 respectively.

Our hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma had written a letter to the hon. Prime Minister in this regard. In conclusion, the Ministry of External Affairs, Government of India should release additional quota for Tamil Nadu to enable more pilgrims to perform the Haj this year and necessary provisions should be made to increase the quota for Tamil Nadu in the coming years so that more pilgrims can perform Haj every year.

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** सभापति जी, अप्रैल से स्कूल-कालेजों में नए सत्र की शुरूआत हुई तो नई कक्षाओं में प्रवेश हुए हैं। प्रवेश के समय अभिभावकों को पब्लिक स्कूलों द्वारा किस प्रकार लूटा जाता है, वह चिन्ता पैदा करने वाला है। पब्लिक स्कूलों में फीस की मनमानी के साथ ही अभिभावकों को स्कूलों की ओर

से तय किए गए पुस्तक और ड्रैस विक्रेताओं से सामान खरीदने के लिए विवश किया जाता है। कितने ही स्कूलों के द्वारा अपनी कापियों के कवर पेज भी अलग डिजाइन कराकर एक ही दुकान से खरीदने की शर्त रख दी जाती है। इतना ही नहीं सी.बी.एस.ई. के स्कूल होने के बावजूद किताबों की संख्या और रेट में भारी अन्तर देखने को मिलता है। केन्द्रीय विद्यालय में जो किताबें 150 रुपये में मिल जाती हैं, वे इन स्कूलों में दो हजार रुपये तक में दी जाती हैं तथा इसके अलावा अन्य प्राइवेट किताबें खरीदने को भी मजबूर किया जाता है। पुस्तक विक्रेता किताबें लगवाने के लिए 30 से 40 प्रतिशत तक का कमीशन विद्यालयों को देते हैं। इस प्रकार कुछ विद्यालयों को केवल किताबों और कापियों के कमीशन से ही 20 लाख रुपये तक की अवैध आय हो जाती है। कमीशन का यह खेल यूनीफॉर्म में भी चलता है तथा अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने की प्रत्याशा में अभिभावक इस आर्थिक शोषण का शिकार होते रहते हैं।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि विद्यालयों में प्रतिवर्ष चलने वाली इस लूट की जांच कराई जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि इस प्रकार की लूट भविष्य में सम्भव न हो।

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) :** माननीय सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र जालोन गरौठा भोगिनीपुर में जो हमारा क्षेत्र कानपुर से लेकर झांसी के बीच एन.एच. 27 पर आता है, उसमें पूरे दस साल पूर्व कानपुर से लेकर झांसी तक होल लॉक बना दिया गया है, मात्र कालपी नगर के पास, जो मात्र 1.7 किलोमीटर है, पौने दो किलोमीटर के करीब, वहां ओवरब्रिज न बनाने की वजह से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई लोगों की वहां मौतें हुई हैं और निश्चित ही वहां पर आये दिन जाम लगा रहता है। जाम की तो यह स्थिति है कि रात-रात भर वहां जाम लगा रहता है और सारा आवागमन ठप्प हो जाता है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है, माननीय परिवहन मंत्री जी से मांग है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर, जो मात्र 1.7 किलोमीटर जो रोड है, वहां ओवरब्रिज बनना था, कालपी नगर के पास, उसके दोनों तरफ कालपी नगर बसा हुआ है। वहां शीघ्र ओवरब्रिज बनायें, जिससे वहां आवागमन सुचारू रूप से हो सके। धन्यवाद।

SHRI V. ELUMALAI (ARANI): Hon. Chairman, Sir, interlinking of rivers is the only way to maximize the use of water available in the country and to redress the issue of water deficit States like Tamil Nadu. The Chief Minister of Tamil Nadu, hon. Dr. Puratchi Thalaivi Amma is much concerned about the interlinking of rivers as it involves crores of people of Tamil Nadu and their welfare. Our Chief Minister had demanded that the Government should come out with a law for interlinking of rivers and demanded that the Government should give priority to it.

Our hon. Chief Minister has also demanded that the work on interlinking of rivers such as Mahanadi-Godavari-Krishna-Kaveri-Vaigai-Kundaru be expedited. Our Chief Minister Puratchi Thalaivi Amma has also demanded to divert Pampa river as it will benefit Tamil Nadu with 22 TMC water which is presently going into the sea.

Therefore, priority should be given for interlinking of Pampa – Achhankovil – Vaippar rivers. This will benefit both Tamil Nadu and Kerala. Our Chief Minister has also demanded that the Government should allocate funds for interlinking of six rivers in Tamil Nadu, namely Pennaiyaru – Palaru at both Sathannoor and Nedunghaal dams, Kaveri – Sarpangha, Athikadavu – Avinashi, Thamiraparani – Nambiyaru.

I urge upon the Government to give priority for interlinking of all these rivers as demanded by our hon. Chief Minister, Dr. Puratchi Thalaivi Amma as this is the core issue concerning the welfare of crores of people of Tamil Nadu.

**डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से अत्यंत लोक महत्व का एक विषय सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं। केन्द्र और राज्य सरकारें विद्युत आपूर्ति के लिए हाई-टेंशन तारें विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए एक स्थान से दूसरे स्थानों पर ले जाते हैं। लेकिन, जैसे-जैसे समय बीतता जाता है, उन तारों के नीचे मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग के लोग अपनी ज़मीनों पर रहने के लिए आवास बना लेते हैं, क्योंकि उनके पास वही ज़मीन है। वे अपना आवास और कहां बनाएंगे? इस परिस्थिति में कभी-कभी हाई-टेंशन की तारों की दुर्घटना में जान-माल की क्षति होती रहती है। हाई-टेंशन तारों से स्पर्श होने के कारण लोगों की जानें चली जाती हैं। अभी मेरे क्षेत्र चन्दौली के लाखापुर गांव में श्री विजय गोस्वामी की 11,000 वोल्ट के हाई-टेंशन की तार के स्पर्श से मृत्यु हो गयी। उसे अभी कोई सहायता भी नहीं दी गयी है। मैं उसके परिवार के लिए सहायता की भी मांग करता हूं।

महोदय, भारत सरकार ने माननीय मोदी जी के नेतृत्व में गांवों के विद्युतीकरण के लिए बहुत बड़ी राशि 'दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना' के अंतर्गत दिया है। शहरों के लिए सरकार ने 'आई.पी.डी.एस.' के लिए भी बहुत बड़ी राशि दी है। मेरा निवेदन है कि हाई-टेंशन तारों से होने वाली दुर्घटना से मरने वाले लोगों की जिंदगी बचाई जाए। उस परियोजना की गाइडलाइंस में यह निर्देश चला

जाए कि अगर जरूरी हो तो इसमें हाई-टेंशन के तारों को भी शिफ्ट करने पर ध्यान दिया जाए, क्योंकि इसमें भारी राशि दी जा रही है।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Dr. Mahendra Nath Pandey.

**श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) :** माननीय सभापति महोदय, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी भी यहां हैं, जो अपने पिछले कार्यकाल में ग्रामीण विकास मंत्री थे।

महोदय, मैं अभी कुछ दिन पहले अपने जिला-परिषद् की बैठक में था। वहां के जनप्रतिनिधि जो वहां बैठे थे, मनरेगा की गाइडलाइंस के बारे में तीन समस्याएं थीं। मैं माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि आप उन तीनों प्वायंट्स पर ध्यान दें। पहला प्वायंट यह था कि सरपंच साहब, जो मनरेगा के तहत पक्के कार्य करवाते हैं, उसके लिए उन्हें टेन्डर इंवाइट करने होते हैं, जबकि वहां बी.एस.आर. रेट्स ऑलरेडी फिक्स्ड हैं। That is being decided by the district committee. टेन्डर्स के द्वारा अधिकतर उनके जो विपक्षी लोग हैं, वे उन्हें नीचा दिखाने के लिए बी.एस.आर. रेट से 30-40% नीचे टेन्डर करते हैं। मैं यह अपने जिले की ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान की बात बता रहा हूं। कृपया मनरेगा के गाइडलाइंस में यह तय किया जाए कि यदि 10% से नीचे के टेन्डर्स आते हैं, they will not be accepted. इससे गुणवत्ता बनी रहेगी।

My second point is very important. Kindly give me one minute more. मेरा दूसरा प्वायंट यह है कि पक्के कार्यों के अंदर 49% मैटेरियल कॉम्पोनेंट किया जाए। अभी जो 40% मैटेरियल कॉम्पोनेंट और 60% लेबर कॉम्पोनेंट हैं, उससे पक्के और ड्यूरेबल कार्य नहीं हो रहे हैं।

My third point is also very important. भूमिहीन किसान, लघु, सीमांत और इसी प्रकार एस.सी. और एस.टी. किसान जैसे चार प्रकार के लोगों के लिए कार्य किए जाते हैं। इस बार हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने 60% एग्रीकल्वर की राशि मनरेगा पर खर्च करने के आदेश दिए हैं। अब 60% राशि खर्च नहीं हो पाएगी। इसका कारण यह है कि Scheduled Castes and Scheduled Tribes are already covered. अब सीमांत किसानों को इसमें कवर नहीं कर रहे हैं। इसलिए मेरा निवेदन यह था कि उसे समान करके सीमांत काश्तकारों को भी इसके साथ लिया जाए। यह नहीं होना चाहिए कि एस.सी., एस.टी. के बाद सीमांत काश्तकारों को लें। आप चारों को एक साथ लें।

**श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) :** महोदय, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। अभी रेल का जो सप्लीमेंट्री बजट आया, उस पर चर्चा हो रही थी। बहुत सारे लोग बुलेट ट्रेन्स आदि माँग रहे थे। मैं जब

अपने क्षेत्र की तरफ देखता था तो मुझे बड़ा दुख हो रहा था। जनपद लखीमपुर खीरी भौगोलिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है और नेपाल का सीमावर्ती जिला है, जो बाढ़ से भी प्रभावित है। जंगल और अच्छी सड़कें न होने के कारण वहाँ परिवहन के साधनों का अभाव है, जो इस क्षेत्र के अविकसित रह जाने का प्रमुख कारण है। रेल परिवहन की दृष्टि से भी यह जिला अत्यंत पिछड़ा हुआ है। केवल यहाँ पर मीटर गेज की रेल लाइन है और दो रेल मार्ग हैं। एक लखनऊ-लखीमपुर से मैलानी होते हुए पीलीभीत तक है और दूसरा मैलानी से बहराइच है, जो इस जिले के मात्र 20 प्रतिशत हिस्से को ही छूता है और केवल 20 प्रतिशत आबादी को रेल परिवहन का लाभ मिल पाता है। यहाँ पर जो प्रथम मार्ग है, उस पर तो ब्रॉड गेज का कन्वर्जन का काम प्रारम्भ हो गया है, लेकिन मैलानी और बहराइच जो रेलवे लाइन का दूसरा हिस्सा है, वहाँ पर अभी केवल मीटर गेज की रेल लाइन है। रेल यातायात प्रारम्भ है। उसका कुछ हिस्सा दुधवा नेशनल पार्क में पड़ता है। जिनकी आपत्ति के कारण वहाँ पर गेज कन्वर्जन का काम नहीं हो पा रहा है।

मैं आपके माध्यम से पर्यावरण मंत्रालय से यह माँग करता हूँ कि उनको एनओसी दी जाए, क्योंकि अगर वह रेल लाइन बंद हो गई तो हमारे जिले का बहुत बड़ा हिस्सा रेल यातायात के कारण बुरी तरह से प्रभावित होगा। अतः मेरा आपसे निवेदन है कि पर्यावरण मंत्रालय द्वारा एनओसी देकर के ब्रॉड गेज कन्वर्जन का काम मैलानी-बहराइच रेल लाइन पर कराया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर):** महोदय, मैं बिहार से से आता हूं। पूरे बिहार में सूखे की समस्या उत्पन्न हो गई है, खासकर उत्तर बिहार के पश्चिमी चंपारण में। मेरे संसदीय क्षेत्र में त्रिवेणी कैनाल के साथ-साथ दोन कैनाल, तिरहुत कैनाल है, जिसके माध्यम से किसानों का पटवन हुआ करता था, लेकिन इधर कुछ सालों से कैनाल का टेंडर नागार्जुन कंपनी को दिया गया, जिसमें कंपनी द्वारा भारी पैमाने पर अनियमितता बरती गई। नहर की खुदाई इतनी गहरी कर दी गई कि नहर से खेतों में पानी जाना मुश्किल हो गया है। बिहार में ट्यूबवेल की कमी है और व्यवस्था नहीं है। इस कारण किसान अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं और केवल मानसून के भरोसे ही बैठे हुए हैं। आधा मानसून बीत जाने के बाद भी अभी तक बारिश का नामोनिशान नहीं है, खेतों में दरार पड़ गई है, किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। इसको देखा भी जा सकता है।

अतः सदन के माध्यम से मैं प्रधानमंत्री जी और कृषि मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इस संवेदनशील बिंदु पर ठोस कदम उठाया जाए, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

दूसरा, एक तरफ हमारे यहां किसानों को गन्ना का पेमेंट नहीं मिल रहा है और वह उधर भी मार झेल रहा है। ...(व्यवधान)

**श्री राम टहल चौधरी (राँची) :** महोदय, मैं शून्य काल में अति लोक महत्व का प्रश्न उठाना चाहता हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ब्राम्बे, रांची स्थित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है। वहां व्याप्त अनियमितताओं के संबंध में मैं बताना चाहूंगा। उस विश्वविद्यालय के हॉस्टल में खराब भोजन के कारण 35-40 लड़कों की तबियत खराब हो गई थी। इस कारण छात्रों ने धरना दिया। जब वे धरने पर बैठे तो उन लोगों को 31 तारीख को 12 घंटे में हॉस्टल खाली करने का आदेश वहां के प्रबंधन ने दिया है। एक वर्ष से वहां कोई कुलपति नहीं है। प्रभारी कुलपति के भरोसे एक साल से विद्यालय चल रहा है। जिन छात्रों को 12 घंटे में हॉस्टल खाली करने का आदेश दिया गया है, उनमें बाहर के भी बहुत से छात्र हैं। वे 12 घंटे में कहां जाएंगे और क्या खाएंगे? वहां अव्यवस्था फैल गई है और छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी में रहना पड़ रहा है।

मेरा केन्द्र सरकार से और शिक्षा मंत्री से आग्रह है कि वहां कुलपति की नियुक्ति की जाए।

SHRI K. PARASURAMAN (THANJAVUR): Hon. Chairperson, under the guidance of our hon. Tamil Nadu Chief Minister Puratchithalaivi Amma, I would like to bring to the notice of the Government about the increase in the number of cesarean deliveries across the country and absence of data about the cesarean deliveries undertaken in many private hospitals. According to WHO guidelines, cesarean deliveries should constitute about 10-15 of the total deliveries and cesarean deliveries are meant only for complicated pregnancies.

But some studies show that cesarean deliveries are on the rise in our country and they outnumber normal deliveries in many private hospitals. Reports also suggest that cesarean deliveries are being deliberately done by some private hospitals for financial gains.

Unlike normal deliveries, unwanted cesarean deliveries have many complications for the mothers and the babies. Complications for the mother include prolonged pain, infection, blood loss, reactions to anaesthesia, clots in the legs and lungs. More importantly, they increase the risk of death of the mother by three-fold.

Therefore, I urge the Central Government to enact a law to regulate cesarean deliveries and also instruct all hospitals, particularly private hospitals to report the Government of the State and Centre about the number of cesarean deliveries conducted by the particular hospital so as to control the number at least in future keeping in view the health of child and women.

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर):** सभापति महोदय, आपने बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बोलने का अवसर दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं बुंदेलखंड के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से चुन कर आया हूं। हमारे उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा वहां पर अधिकारियों पर दबाव बनाने के कारण दिन प्रतिदिन लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति खराब होती जा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र में छात्राओं का विद्यालय जाना भी कठिन हो गया है। मेरे यहां बेंवार गांव में समाजवादी पार्टी के कुछ लोगों द्वारा एक छात्रा से बदतमीजी की गयी है। जब उसके परिवार के लोग थाने में गये लेकिन वहां एफ.आई.आर. नहीं लिखी गयी तो उसने अपने घर जाकर आत्मदाह कर लिया, जिसके कारण पूरे गांव के लोग आंदोलित हो गये। उसके बाद जब उन्होंने हाईवे जाम किया तो उत्तर प्रदेश की सरकार के इशारे पर वहां की पुलिस ने, प्रशासन ने वहां पर गोली चलायी, एक छात्र को गोली लगी और उसकी मृत्यु हो गयी। पिछले सात दिनों से वहां पर पूरा बाजार बंद है, सभी लोग सड़कों पर हैं, जिला मुख्यालय पर धरणा चल रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

मैं आपके माध्यम से यह निवेदन है कि उत्तर प्रदेश की सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाये और वहां पर जितनी भी अराजकता का वातावरण है, उससे निजात दिलायी जाये।

HON. CHAIRPERSON : Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Kunwar Pushpendra Singh Chandel. The House stands adjourn to meet tomorrow 5 August, 2015 at 11.00 a.m.

**20.17 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*
*on Wednesday, August 5, 2015/ Shravana 14, 1937 (Saka).*